आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 17 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 170, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इजराइल की गाजा पर बमबारी में 60 की मौत 14

स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज 13

एक नजर

उच्चतम न्यायालय में दो न्यायाधीश नियुक्त

नई दिल्ली। न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति आर महादेवन को मंगलवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। उनके शपथ ग्रहण करने के बाद उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश सहित कुल न्यायाधीशों की संख्या फिर से 34 हो जाएगी। शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत अधिकतम संख्या 34 है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'एक्स' के जरिए इन नियुक्तियों की घोषणा की। जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन कोटिश्वर सिंह मणिपुर से शीर्ष न्यायालय में नियुक्त होने वाले पहले न्यायाधीश बन गए हैं। न्यायमूर्ति महादेवन वर्तमान में मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हैं।

पुरी रत्न भंडार गुरुवार को फिर खोला जाएगा

पुरी। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने मंगलवार को कहा कि रत्न भंडार का आंतरिक कक्ष गुरुवार को फिर खोला जाएगा ताकि आभूषणों को मंदिर में स्थित अस्थायी कोषागार में स्थानांतरित किया जा सके। यह निर्णय मंगलवार को यहां एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, राज्य सरकार द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ, पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन की उपस्थिति में हुई बैठक में लिया गया। रत्न भंडार को 46 वर्षों के बाद रविवार को खोला गया था। न्यायमूर्ति रथ ने कहा कि हम 18 जुलाई को सुबह 9:51 बजे से दोपहर 12:15 बजे के बीच फिर से ताले खोलेंगे।

पत्नी का हत्यारा पति 16 साल के बाद गिरफ्तार

नोएडा। उत्तर प्रदेश के नोएडा के थाना फेस-दो पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में 16 साल से फरार आरोपी पति को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया, इसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाले संजय ने 2008 में पत्नी की हत्या कर दी थी और तब से वह फरार था। सूचना के आधार पर मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वह मूल रूप से बिहार के नालंदा जिले का रहने वाला है।

14 राज्यों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति, उप्र. में क्यों नहीं

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में यह व्यवस्था लागू होते ही शुरू हो गया था विरोध

अमृत विचार : प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था शुरू होते ही विरोध होने लगा तो मामला शासन तक पहुंचा। जिसके बाद इसे दो माह के लिए स्थगित कर दिया गया है। जबकि देश के 14 राज्यों गोवा, राजस्थान, झारखंड, त्रिपुरा, मेघालय, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना व असम आदि में शिक्षकों की हाजिरी ऑनलाइन हो रही है।

प्रदेश में शिक्षक पहले ही दिन से ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोध में सड़क पर उतर आए। सवाल यह है कि जब देश के 14 राज्यों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति हो सकती है तो प्रदेश में क्यों नहीं? दरअसल, शिक्षा महानिदेशक ने शिक्षकों की समय से उपस्थिति के लिए 8 जुलाई से ऑनलाइन प्रक्रिया लागू की थी। इसके तहत 6.24 लाख सरकारी शिक्षकों में से पहले दिन 16,500 ने ऑनलाइन उपस्थिति भी दर्ज कराई। दूसरे दिन से इस संख्या में कमी आती गई, अब यह संख्या सिमट कर 500 के करीब आ गई।

महिला शिक्षकों को मिलते हैं ये अलग अवकाश : सरकारी स्कूलों में महिला शिक्षकों को करवाचौथ, हरियाली तीज, हरछठ, छठ पूजा पर अवकाश मिलता है, जबकि इसी विभाग में कार्यरत महिला (अधिकारी व बाबू) को ये छुट्टी नहीं मिलती हैं।

हाजिरी के पीछे शिक्षक संघ बता रहे यह दिक्कत

शिक्षक संगठनों का कहना है कि ऑनलाइन हाजिरी के बीच किसी की तबीयत बिगड़ती है या उसके किसी परिचित के साथ कोई ट्रेजडी हो जाती है तो उसका क्या होगा। इसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है, न ही कोई हाफ डे, न कोई ईएल। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें एक वर्ष में सिर्फ 14 सीएल ही मिलते हैं।

साल के 365 दिनों में मिलते हैं 167 अवकाश

एक वर्ष में 56 सार्वजनिक अवकाश हैं। 52 रविवार, किसी वर्ष में 53 रविवार भी होते हैं। 15 दिन सर्दी में अवकाश, 30 दिन ग्रीष्मावकाश, 14 सीएल मिलते हैं। इस तरह कुल 167 दिन शिक्षकों को अवकाश मिलता है। इनके मेडिकल अवकाश को आकस्मिक अवकाश की श्रेणी में रखा गया है। जबकि सत्र 220 दिनों से कम नहीं होना चाहिए।

शिक्षक नेता स्कूल न जाएं ऐसी कोई नियमावली नहीं

प्रदेश में करीब एक दर्जन शिक्षक संगठन सक्रिय हैं। नियमावली में यह नहीं है कि कोई शिक्षक नेता स्कूल पढ़ाने नहीं जाएगा। राज्य परियोजना कार्यालय की जांच में पाया गया कि शिक्षक नेता स्कूल पढ़ाने नहीं जाते हैं। तत्कालीन शिक्षा महानिदेशक द्वारा बीते वर्ष 10 जुलाई से 11 जुलाई के बीच कराई गई जांच में भी यह स्पष्ट हो गया था।

सरकार ने शिक्षकों के लिए किए कई कार्य

योगी सरकार ने शिक्षकों की सुविधा के लिए जो ऑनलाइन कार्य शुरू किए हैं, उनमें सीएल, सीसीएल, मेडिकल, एरियर भुगतान, शिक्षकों का मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन ब्योरा सहित कई ऐसे कार्य शामिल हैं, जिससे शिक्षकों को कोई परेशानी नहीं है।

शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था स्थगित

लखनऊ। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों को फिलहाल दो माह तक डिजिटल अटेंडेंस से राहत मिल गई है। लेकिन 11 अन्य रजिस्टर पर आनलाइन कार्य ही होंगे। इस संबंध में मंगलवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की चार मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों से वार्ता हुई। प्रमुख सचिव बेसिक डॉ. एमके शनमुगा सुंदरम ने बताया कि डिजिटल अटेंडेंस दो माह के लिए स्थगित रहेगी। शेष 11 रजिस्टर की प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी। वहीं, डिजिटल अटेंडेंस समेत इससे जुड़ी अन्य समस्याओं को लेकर एक विशेषज्ञ समिति बनाई जाएगी, जो शिक्षकों के मुद्दों पर विचार कर दो माह में रिपोर्ट देगी। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पिछले दिनों डिजिटल हाजिरी का आदेश जारी किया गया था।

- **समस्याओं को लेकर बनाई जाएगी विशेषज्ञ समिति**

मुठभेड़ में कैप्टन समेत चार जवान शहीद

आतंकियों से लोहा लेते जम्मू-कश्मीर के एक पुलिसकर्मी की भी मौत

डोडा में आतंकवादियों से गोलीबारी में हुए थे घायल

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हुए एक कैप्टन समेत सेना के चार जवान शहीद हो गए जबकि जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक कर्मी की भी मौत हुई है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आतंकियों की तलाश और उनके सफाए के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है। मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों की पहचान कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेन्द्र और सिपाही अजय के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी समेत सेना के सभी रैंक के अधिकारियों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। पिछले तीन सप्ताह में डोडा जिले के जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ है। यह ताजा घटना कठुआ जिले के दूरस्थ माचेड़ी वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए हमले के एक सप्ताह बाद हुई है जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने सोमवार देर शाम डोडा शहर से लगभग 55 किलोमीटर दूर देसा वन क्षेत्र के धारी गोटे उरबागी में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि कुछ देर की गोलीबारी के बाद आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन एक अधिकारी के नेतृत्व में बहादुर जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगल के बावजूद उनका पीछा किया, जिसके बाद रात करीब नौ बजे जंगल में फिर से गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में पांच जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। व्हाइट कोर के नाम से पहचाने जाने वाली सेना की 16वीं कोर ने 'एक्स' पर कहा कि सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा के उत्तरी क्षेत्र में अभियान शुरू किया गया था। रात लगभग नौ बजे आतंकवादियों से भारी गोलीबारी हुई।

आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद सेना के चार जवानों के पार्थिव शरीर (ऊपर)। शहीद कैप्टन ब्रजेश थापा, सिपाही बिजेंद्र, सिपाही अजय कुमार सिंह और नायक डोकरी राजेश। (बाएं से)।

ड्रोन-हेलीकॉप्टर से आतंकियों की तलाश

अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस ने सोमवार रात को ही अतिरिक्त बल को रवाना कर दिया था और मंगलवार की सुबह अधिक संख्या में जवानों के साथ क्षेत्र में नए सिरे से तलाशी अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि सेना के शीर्ष पैरा-कमांडो को तैनात किया गया है, जबकि नजर रखने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टर भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आतंकवादियों से अब तक सामना नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि वे सीमा पार से घुसपैठ कर भारत में दाखिल हुए और पिछले कुछ महीनों से वन क्षेत्र में छिपे हुए हैं। नौ जुलाई को किश्तवाड़ जिले की सीमा से लगे घढ़ी भगवाह जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद आतंकवादी भाग गए थे। इससे पहले 26 जून को जिले के गंडोह इलाके में दिनभर चले अभियान में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया था। इसी तरह, 12 जून को भीषण गोलीबारी में पांच सैन्यकर्मी और एक विशेष पुलिस अधिकारी के घायल होने के बाद डोडा में आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिए गए थे।

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में दो और गिरफ्तारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सीबीआई ने पटना और हजारीबाग में की कार्रवाई**
- **अब तक छह प्राथमिकी दर्ज कुल 14 गिरफ्तारियां**

सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) पर्चा लीक मामले में एक प्रमुख आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने झारखंड के हजारीबाग में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के ट्रंक से कथित तौर पर प्रश्नपत्र चुराया था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इन दो गिरफ्तारियों के साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा में लीक, प्रतिरूपण और अन्य अनियमितताओं से संबंधित मामलों में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या अब 14 हो गई है।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर के 2017 बैच के सिविल इंजीनियर पंकज कुमार उर्फ आदित्य को गिरफ्तार किया है, जिसने हजारीबाग में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के ट्रंक से नीट-यूजी का प्रश्नपत्र कथित तौर पर चुराया था। उन्होंने बताया कि बोकारो के रहने वाले कुमार को पटना से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने राजू सिंह नाम के एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है जिसने कथित तौर पर कुमार को प्रश्नपत्र चुराने और गिरोह के अन्य सदस्यों को देने में मदद की थी। सिंह को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही एजेंसी ने छह प्राथमिकी दर्ज की हैं। बिहार में दर्ज प्राथमिकी प्रश्नपत्र लीक होने से संबंधित है, जबकि गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र में दर्ज शेष प्राथमिकी अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा देने और धोखाधड़ी से संबंधित हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के संदर्भ पर एजेंसी की अपनी प्राथमिकी, परीक्षा में कथित अनियमितताओं की व्यापक जांच से संबंधित है।

अलीगढ़ के थाना खैर में बड़ी वारदात

थाने में लगाई मां को आग, झुलसने से हुई मौत, बेटा हिरासत में

संवाददाता, अलीगढ़

अमृत विचार : अलीगढ़ के थाना खैर में मंगलवार को बड़ी घटना घटित हुई। थाने में बेटे ने मां को आग लगा दी। पुलिसकर्मियों ने आग बुझाई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। 80 प्रतिशत तक जल चुकी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। थाने में लगे सीसी कैमरे में बेटा आग लगाते हुए कैद हो गया है। पुलिस ने बेटे को हिरासत में ले लिया है। थाने में महिला को आग लगाने की सूचना पर आला अधिकारी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। एसपी देहात थाने पहुंचकर जांच में जुट गए। आईजी अलीगढ़ रेंज ने पूरे मामले में रिपोर्ट तलब की है।

दरकन नगरिया निवासी हेमलता के पति राजबहादुर सिंह की पांच साल पूर्व मौत हो चुकी है। उसका ममिया ससुर से मकान को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलवार को हेमलता और उसका बेटा थाने पर आए थे। दूसरा पक्ष भी पहुंचा था। हेमलता ने दूसरे पक्ष के खिलाफ छेड़खानी का भी मामला दर्ज करा रखा था। मकान को लेकर पंचायत भी चल रही थी। लेकिन हेमलता और उसका बेटा दूसरे पक्ष की बात से सहमत नहीं थे और उठकर चले गए। थाने पर हेमलता पर उसके बेटे ने पेट्रोल छिड़क दिया और फिर लाइटर से आग लगा दी। हेमलता बुरी तरह से झुलस गई। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। बेटा आग लगाने के बाद मां की वीडियो बनाता रहा। वह खुद आग लगाकर रिश्तेदारों को फंसाना चाहता था। थाने में महिला को आग लगाने की सूचना पर अधिकारियों के होश उड़ गए। एसपी देहात पलाश बंसल मौके पर पहुंच गए। आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया गया है और रिश्तेदारों को वीडियो दिखाया गया। एसपी देहात ने आला अधिकारियों को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। आईजी अलीगढ़ रेंज शलभ माथुर ने एसएसपी से रिपोर्ट मांगी है। एसएसपी अलीगढ़ संजीव सुमन का कहना है कि आग बेटे ने ही लगाई है।

- **घटना सीसीटीवी में कैद, मकान को लेकर है रिश्तेदार से विवाद**

सरकार ने ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर का प्रशिक्षण स्थगित कर वापस बुलाया

मुंबई, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को विवादास्पद आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया और उन्हें 23 जुलाई तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में रिपोर्ट करने को कहा गया है। महाराष्ट्र सरकार के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। खेडकर (34) सिविल सेवा परीक्षा में चुने जाने के लिए कपटपूर्ण तरीके का इस्तेमाल करने के आरोपों का सामना कर रही हैं। उन्होंने खुद को शारीरिक रूप से दिव्यांग और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय का बताया था। खेडकर पर पुणे में तैनाती के दौरान विशेषाधिकारों का दुरुपयोग करने का भी आरोप है। महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य सचिव नितिन गदरे द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि अकादमी ने खेडकर के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्णय लिया है तथा आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए उन्हें तत्काल वापस बुला लिया है।

- **23 तक आईएएस अकादमी में रिपोर्ट करने के निर्देश**

मेडिकल प्रमाणपत्रों की सत्यता जांचेगी पुलिस

पुणे। पुणे पुलिस पूजा खेडकर द्वारा प्रस्तुत चिकित्सा प्रमाणपत्रों की सत्यता की जांच करेगी। वर्तमान में वाशिम जिले में तैनात 2023 बैच की अधिकारी खेडकर ने संघ लोक सेवा आयोग को कई मेडिकल प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए थे, जिनमें से एक दृष्टि संबंधी दिव्यांगता को दर्शाता है। मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय ने खेडकर द्वारा पेश प्रमाणपत्रों की जांच के संबंध में पुणे पुलिस और जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

मथुरा में दुष्कर्म के बाद बच्चे की हत्या करने के दोषी को मृत्युदंड

संवाददाता, मथुरा

- **मथुरा जिले की पॉक्सो अदालत ने सुनाई सजा, 1.20 लाख जुर्माना**

अमृत विचार : मथुरा जिले की विशेष पॉक्सो अदालत ने नौ साल के बच्चे के साथ कुकर्म के बाद उसकी हत्या के दोषी को मंगलवार को फांसी एवं एक लाख 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने मंगलवार को बताया कि 21 जून 2022 को कोसीकलां थाना क्षेत्र के नगला मेव गांव में खाली पड़े एक मकान के पशुओं को बांधने के स्थान पर नौ साल के एक बच्चे का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। इस मामले में गांव की ही एक महिला समेत 8 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पोस्टमार्टम में बच्चे के साथ कुकर्म और गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है, जांच में दरियाब नामक एक व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध पाई गई। गांव के बच्चों से पता चला कि वह भी कई बार बच्चों के साथ खेलने के लिए आ जाता था। पुलिस के हाथ प्रमाण लगने के बाद दरियाब ने कुबूल कर लिया। अपर जिला न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट रामकिशोर यादव (तृतीय) ने दरियाब को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

धार्मिक ग्रंथ पढ़ाने वाले ने छात्रा से किया दुष्कर्म

सहारनपुर। सहारनपुर जिले के सदर बाजार थाना क्षेत्र में धार्मिक ग्रंथ पढ़ाने वाले एक शिक्षक (ट्यूटर) ने 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ कई बार दुष्कर्म किया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि थाना सदर बाजार क्षेत्र के रक्खा कालोनी निवासी अफजाल (28) नामक आरोपी एक छात्रा को धार्मिक ग्रन्थ पढ़ाने उसके घर जाता था। उसने छात्रा से कई बार डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया।

आईएएस अधिकारी और पूर्व विधायक के परिसरों पर छापा

नई दिल्ली/ पटना। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार काडर के आईएएस अधिकारी संजीव हंस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व विधायक गुलाब यादव के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को बिहार, दिल्ली और पुणे में कई परिसरों पर छापेमारी की। हंस वर्तमान में बिहार ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। पटना में हंस और यादव के घरों सहित करीब 22 परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। पटना पुलिस ने बलात्कार, ब्लैकमेल करने और उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पिछले साल जनवरी में हंस और यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

पति को छूट के खिलाफ अपील सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

वैवाहिक बलात्कार

बीएनएस की धारा 63 के अनुसार, बालिग पत्नी से यौनाचार बलात्कार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय इस विवादास्पद कानूनी प्रश्न से संबंधित याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर मंगलवार को सहमत हो गया कि क्या अपनी बालिग पत्नी को यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करने वाले पति को बलात्कार के अपराध वाले मुकदमे से छूट मिलनी चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह की दलीलों का संज्ञान लिया कि संबंधित याचिकाओं को कुछ प्राथमिकता दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी। उन्होंने संकेत दिया कि उन पर 18 जुलाई को सुनवाई हो सकती है। हाल ही में लागू भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत भी एक पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध या यौनाचार बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता है, बशर्ते वह नाबालिग नहीं है। बीएनएस की धारा 63 (बलात्कार) के अपवाद-दो में कहा गया है कि किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध या यौनाचार बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता है, यदि पत्नी की उम्र 18 वर्ष से कम नहीं है। शीर्ष अदालत ने 16 जनवरी, 2023 को भारतीय दंड संहिता के संबंधित प्रावधान पर आपत्ति जताने वाली कई याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा था, जिसके तहत बालिग पत्नी से जबरन यौन संबंध बनाने के मामले में पति को अभियोजन से छूट प्राप्त है। शीर्ष अदालत ने 17 मई को इस मुद्दे पर बीएनएस के प्रावधान को चुनौती देने वाली एक समान याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया था।

एक महिला ने दाखिल की है याचिका

नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, एक जुलाई से प्रभावी हुए हैं, जिन्होंने पुराने आपराधिक कानूनों का स्थान लिया है। पीठ ने कहा था, हमें वैवाहिक बलात्कार से संबंधित मामलों को सुलझाना है। इससे पहले, केंद्र ने कहा था कि इस मुद्दे के कानूनी और सामाजिक निहितार्थ हैं, और सरकार इन याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल करना चाहेगी। इनमें से एक याचिका इस मुद्दे पर 11 मई, 2022 को दिल्ली उच्च न्यायालय के खंडित फैसले से संबंधित है। यह अपील एक महिला द्वारा दायर की गई है, जो दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष याचिकाकर्ताओं में से एक थी।

संसद सत्र से पहले 21 को होगी सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली। सरकार ने सोमवार 22 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू संसद के बजट सत्र से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक सुबह 11 बजे संसदीय सौध स्थित मुख्य समिति कक्ष में होगी। इस पारंपरिक बैठक में पहली बार नेता प्रतिपक्ष के रूप कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शामिल होंगे। तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल नहीं होगा क्योंकि पार्टी 21 जुलाई को शहीद दिवस के रूप में मनाती है।

एक नजर

50 हजार का इनामी गैंगेस्टर धारावी से गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. एसटीएफ ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हजार के इनामी गैंगेस्टर तबरेज को महाराष्ट्र के धारावी से गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त के खिलाफ पूर्वांचल के पांच जिलों के अलग-अलग में 20 मुकदमें दर्ज है। एसटीएफ अभियुक्त को चार दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लेकर उप्र ला रही है। एसटीएफ के डीएसपी संजीव दीक्षित ने बताया कि फूलपुर आजमगढ़ निवासी तबरेज बचने के लिए महाराष्ट्र के धारावी में रह रहा था।

टूंडला नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष पर एफआईआर

अमृत विचार, लखनऊ : सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर आगरा ने फिरोजाबाद के टूंडला नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ आय से अधिक धन अर्जित करने पर एफआईआर दर्ज किया है। अधिष्ठान के अधिकारियों ने बताया कि शिकायतकर्ता रक्षपाल सिंह ने टूंडला नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष रामबहादुर चक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत शासन में की थी। जांच रामबहादुर चक के 2017 से 2022 तक के कार्यकाल की हुई। अधिकारियों ने बताया कि लोकसेवक के रूप में कार्यरत रहते हुए समस्त ज्ञात वैध स्रोतों से अर्जित आय के सापेक्ष कई गुना अधिक व्यय किया जाना पाया गया।

रिश्वत लेने वाले चकबंदी अधिकारी पर एफआईआर

अमृत विचार, लखनऊ : रिश्वत लेने के मामले में चकबंदी अधिकारी के खिलाफ सतर्कता अधिष्ठान आगरा सेक्टर ने एफआरआर दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की है।अधिष्ठान के अधिकारियों ने बताया कि एटा जिले के जैथरा निवासी गुरुवचन से चकबंदी अधिकारी गजेंद्र सिंह से भूमि की पैमाइश कराने और कब्जा दिलाने के लिए 2021 में दो लाख रुपए रिश्वत के तौर पर लिया था। इसके बाद गुरुवचन ने सतर्कता अधिष्ठान में शिकायत की थी। अधिष्ठान की ओर से आगरा सेक्टर के अधिकारियों से प्रकरण की जांच कराई गई तो आरोप सही पाया गया।

बारा बिजलीघर की एक इकाई ठप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: गर्मी व उमस के कारण प्रदेश में बिजली की मांग फिर बढ़ रही है। मंगलवार को अधिकतम मांग 29 हजार मेगावाट पार कर गई। इस बीच, बारा बिजलीघर की एक इकाई ठप हो जाने से बिजली संकट गहरा गया। एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कर स्थिति काबू में गई, जबकि घोषित कटौती के कारण प्रदेश के गावों, तहसीलों व नगर पंचायत क्षेत्रों में लोग बिजली संकट से जूझते रहे।

बिजली संकट गहराया अधिकतम मांग 29 हजार मेगावाट पार

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा बिजलीघर की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई में सुबह करीब 10 बजे तकनीकी खराबी आ गई। इससे बिजली उत्पादन ठप हो गया। इकाई को चालू करने का प्रयास किया गया, पर चालू नहीं हो सकी। इस इकाई के 19 जुलाई को चालू होने की संभावना बताई जा रही है।

बारिश से मांग में आई थी कमी

सूत्रों ने बताया कि ऊंचाहार बिजलीघर की 210 मेगावाट की एक इकाई बीती 11 जुलाई से बंद चल रही है, जबकि जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई को मरम्मत के लिए बंद रखा गया है। इस इकाई के 22 जुलाई को चालू होने की संभावना है। तीन इकाइयों के बंद रहने से 1383 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया है। सूत्रों का कहना है कि बारिश के कारण पिछले दिनों मांग में काफी कमी आ गई थी, पर मंगलवार को अधिकतम बिजली मांग 29,142 मेगावाट दर्ज हुई।

वृद्धावस्था पेंशन व पारिवारिक लाभ योजना का आडिट शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: समाज कल्याण विभाग प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना का सोशल आडिट कराएगा। सोशल आडिट से विभाग को जमीनी हकीकत के बारे में पता चलेगा और अपात्रों को योजना का लाभ लेने से रोका जा सकेगा। आडिट की जिम्मेदारी नियोजन विभाग को दी गई है।

समाज कल्याण विभाग ने सोशल आडिट की सूची में अपनी दो योजनाओं (वृद्धावस्था पेंशन योजना और पारिवारिक लाभ योजना) को जुड़वाया है।

समाज कल्याण विभाग पहली बार अपनी दोनों योजनाओं का सोशल आडिट कराने जा रहा है

योजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलेगा, नियोजन विभाग को दी गई जिम्मेदारी

सोशल आडिट करने वाली टीमों को योजनाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने योजना के लाभार्थियों की सूची भी मुहैया करवाई जा रही है। वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना का सोशल आडिट यूपी के 30 जिलों में होगा।

इन जिलों में होगा आडिट

लखनऊ, कानपुर,बांदा, गोंडा, अयोध्या, बरेली, बस्ती, मुरादाबाद, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, अम्बेडकरनगर, सिद्धार्थनगर,अलीगढ़, आगरा, आजमगढ़, प्रयागराज, गोरखपुर, चित्रकूट, झांसी, मेरठ, वाराणसी, मीरजापुर, सहारनपुर के साथ फतेहपुर, प्रतापगढ़, कुशीनगर, जौनपुर, चंदौली और सोनभद्र।

इनमें सभी 18 मंडल मुख्यालय के जिलों के साथ आठ आकांक्षी जिलों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही चार उन जिलों में भी सोशल आडिट कराया जा रहा है, जहां इन योजनाओं के सबसे अधिक लाभार्थी हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आडिट नियोजन विभाग से कराया जा रहा है। एक-एक लाभार्थी से मुलाकात कर उनका पूरा ब्यौरा जुटाएंगे। साथ ही जिनको योजना का लाभ नहीं मिल रहा है उनको शामिल किया जाएगा।

मंडी शुल्क से छूट के नियम सरल अब सात दिन में लगेगी डीएम की रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 170वीं बैठक संपन्न हुई। अपने सरकारी आवास पर मंगलवार को हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने नव स्थापित प्रसंस्करण इकाई को मंडी शुल्क से छूट देने की व्यवस्था का सरलीकरण किए जाने के निर्देश दिए। वर्तमान में इकाई स्थापना के दिनांक से छह माह के भीतर मंडलायुक्त के समक्ष आवेदन करना होता है, जिसे मंडलायुक्त द्वारा रिपोर्ट के लिए जिला मैजिस्ट्रेट को भेजा जाता है। इस व्यवस्था का सरलीकरण करते हुए इकाई द्वारा आवेदन सीधे जिला मैजिस्ट्रेट के समक्ष ही किया जाए और जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा अगले सात दिनों में रिपोर्ट के लिए मंडी समिति को भेज दिया जाए।

मंडी परिषद के संचालक मंडल की 170वीं बैठक की मुख्यमंत्री ने की अध्यक्षता

मंडियों में किसानों के लिए बनेंगे विश्राम कक्ष और होगी सस्ते दर वाली कैंटीन की व्यवस्था

2023-24 में लगभग 1862 करोड़ रु.की आय

मंडी शुल्क को न्यूनतम करने के बाद भी राजस्व से संग्रह में मंडियों का अच्छा योगदान है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जहां 1553 करोड़ रु. की आय हुई थी, वहीं 2023-24 में लगभग 1862 करोड़ रु .की आय हुई। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में लगभग 400 करोड़ रु .का राजस्व संग्रहीत हो चुका है। मंडी शुल्क न्यूनतम होने के बाद भी मंडियों से राजस्व संग्रह में हुई बढ़ोतरी सराहनीय है। यह राजस्व किसानों के हित में ही व्यय किया जाए।

हाट-पैठ का होगा निर्माण और मंडियों में बनेंगे कोल्ड रूम

नगरीय क्षेत्रों में भी हाट-पैठ निर्माण कराये जाने की मांग पर ध्यान देते हुए जिन नगर पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर निगम में स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप अच्छे हाट-पैठ बनाए जाएं। नए अधिसूचित नगरीय निकायों को प्राथमिकता दें। हाट-पैठ बनने के बाद संबंधित मंडी समिति द्वारा इसे नगर पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर निगम को हस्तान्तरित कर दिया जाए। कृषि फसलों की सुरक्षा के लिए मंडियों में कोल्ड रूम तैयार कराया जाए। इससे किसान अपनी फसल को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकेंगे।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बरीपाल और मुरादाबाद की मंडी समिति में खाद्य तेलों पर यूजर चार्ज लिए जाने की व्यवस्था है। व्यापारियों के हित में इसे समाप्त किया जाना चाहिए। यदि कोई व्यापारी वर्ष भर में मंडी की दुकान से जितने मूल्य के खाद्य तेलों का व्यापार करे, न्यूनतम उतने ही मूल्य के कृषि उत्पाद, जिन पर मण्डी शुल्क या यूजर चार्ज लिया जाता है, का भी भी व्यापार करे तो उनसे खाद्य तेल पर यूजर चार्ज न लिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, मंडी में किसानों के लिए सुविधा और सुरक्षा के सभी प्रबंध होने चाहिए। मंडियों में साफ-सफाई, जल निकासी की अच्छी व्यवस्था हो। कहीं भी अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। जलभराव की स्थिति न हो। शौचालय, पेयजल के पर्याप्त इंतज़ाम रखें। यहां किसानों के लिए विश्राम कक्ष और सस्ते दर वाली कैंटीन की व्यवस्था भी कराई जाए। विभिन्न विभागीय सम्पत्तियों की नीलामी अब मैनुअल के स्थान पर ई-ऑक्शन व्यवस्था से की जाए। साथ ही चारों कृषि विश्वविद्यालयों में टिशू कल्चर लैब स्थापित होंगे।

मुफ्त बिजली योजना में किसान अब 31 तक करा सकेंगे पंजीकरण

अमृत विचार, लखनऊ: निजी नलकूप किसान अब मुफ्त बिजली योजना में 31 जुलाई तक पंजीकरण करा सकेंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने पंजीकरण की तारीख 31 जुलाई तक बढ़ा दी है।

कॉरपोरेशन की ओर से वंचित किसानों से निर्धारित तारीख के अंदर पंजीकरण कराने की अपील की गई है। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि इस योजना में पंजीकरण के लिए 15 जुलाई तारीख तय थी, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। आदेश के तहत इस योजना में पंजीकरण कराने वाले किसानों को योजना का लाभ एक अप्रैल 2023 से ही मिलेगा। इस योजना के तहत पंजीकृत किसानों को 140 यूनिट प्रति किलोवाट प्रति माह मुफ्त बिजली दिए जाने की व्यवस्था है।अधिकारियों ने बताया कि 31 मार्च 2023 तक के पुराने बिजली बिल का भुगतान एकमुश्त या छह किस्तों में भुगतान करना होगा।

पावर कॉरपोरेशन का राजस्व 17 प्रतिशत बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

बिजली कनेक्शन की संख्या करीब 3.46 करोड़

प्रदेश का बिजली भार पहुंचा 73,835 मेगावाट पर

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन में 2023-24 में लगभग 17 प्रतिशत तक राजस्व बढ़ा है। प्रदेश में बिजली कनेक्शन की संख्या करीब 3.46 करोड़ और कुल बिजली भार 73,835 मेगावाट पहुंच गया है।

कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के साथ ही राजस्व में बढ़ोतरी हो रही है। वर्ष 2022-23 की तुलना में वर्ष 2023-24 में राजस्व बढ़ोतरी 17 प्रतिशत से अधिक है। 2022-23 में कॉरपोरेशन ने 59,635 करोड़ रुपए राजस्व वसूल किया था, वर्ष 2023-24 में यह 17.63 प्रतिशत बढ़कर 70,153 करोड़ रुपए पहुंच गया है। वर्ष 2022-23 में उपभोक्ताओं की संख्या करीब 2.37 करोड़ व 2021-22 में 3.16 करोड़ से अधिक थी। मौजूदा उपभोक्ताओं में 60 प्रतिशत उपभोक्ता ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या 87 प्रतिशत, कॉमर्शियल एवं इंडस्ट्रियल उपभोक्ता सात प्रतिशत व कृषि उपभोक्ता चार प्रतिशत है। राजस्व वसूली में घरेलू उपभोक्ताओं का हिस्सा 39 प्रतिशत है, जबकि औद्योगिक श्रेणी उपभोक्ता का 22 प्रतिशत, सरकारी कार्यालयों का 13 प्रतिशत व कृषि श्रेणी उपभोक्ता की पांच प्रतिशत भागीदारी है। बिजली भार की बात करें तो वर्ष 2022-23 की तुलना में इसमें भी काफी वृद्धि हुई है। 2022-23 में जहां यह 70,137 मेगावाट था, वहीं 2023-24 में बढ़कर यह 73,835 मेगावाट पहुंच गया है। अधिकारियों ने बताया कि बीती 15 मार्च से 30 जून तक भीषण गर्मी में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की गई।

सड़कों पर अब नहीं दिखते ट्रैफिक उपकरण

डीपी. शुक्ल,लखनऊ

अमृत विचार: किसी भी जिले की कानून व्यवस्था का अंदाजा वहां की यातायात को देखकर भी लगाया जा सकता है। प्रदेश की बिगड़ी ट्रैफिक सिस्टम से चिन्तित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसे सुधारने के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश भी दिये। यहां तक कि सड़कों और शहरों में जाम की भयावह स्थिति होने की वजह से कानपुर के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर विजय सिंह मीना और लखनऊ के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर ध्रुवकांत ठाकुर को हटा दिया गया था। परन्तु जाम और ट्रैफिक की समस्या जस कि तस बनी हुई है। करीब हर जिले में आज भी लोगों को भीषण जाम से जूझते हुए देखा जा सकता है। हालांकि सड़क हादसों को रोकने के लिए सरकार ने यातायात विभाग को तमाम महंगे उपकरण दिये हैं, मगर ज्यादातर उपकरण जिलों की पुलिस लाइन में धूल खा रहे हैं। अभी तक न तो ब्रेथएनलाइजर ने किसी चालक को नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़ा और न ही गति मापक यन्त्र ने तेज रफ्तार से वाहन को अपनी गिरफ्त में लिया।

जानकारी के अनुसार यातायात विभाग के पास वर्तमान में इन्टरसेप्टर गाड़ी- 17,क्रेन-84,ड्रोन कैमरा-18,सार्वजनिक स्थानों व भीड़ में ट्रैफिक कर्मियों की वर्दी में लगाने वाला वॉडीवार्न कैमरा-3450, गति मापक यन्त्र-232,नशा मापक यन्त्र -2708,डिस्बुलमेटर



पुलिस लाइन्स में धूल खा रहे महंगे ट्रैफिक यन्त्र

प्रिन्टर-299,आयरन बैरियर-16,300,फोल्डिंग बैरियर-3045,रेनकोट-8,300,सेफ्टी जाकेट-9780,सेफ्टी ग्लाउज-3800,रात में चमकने वाला सेफ्टी बेल्ट-2,900,मास्क-12,722,माइक-1,800,पब्लिक एट्रेस सिस्टम-384,हेल्मेट-7155,डेगीनेटर-6,000 और ट्रैफिक कोन-15000 उपलब्ध है। इसके अलावा 10 और इन्टरसेप्टर गाड़ी तथा 75 इन्टरसेप्टर बाइक खरीदने के लिए यातायात निदेशालय ने शासन को प्रस्ताव भेजा है। इतने उपकरण होने के बाद भी फील्ड से यह सब नदारद है। सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये इन उपकरणों का प्रर्दशन सिर्फ पुलिस परेड के समय ही देखने को मिलता है।

सड़क हादसों को रोकने के कड़े निर्देश

यातायात विभाग के अपर पुलिस महानिदेशक के. सत्यनारायण का कहना है कि हर जिले में समुचित ट्रैफिक उपकरण मुहैया कराया गया है। उन्होंने सड़क हादसों को रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि भारी वाहनों को राष्ट्रीय हाई-वे,एक्सप्रेस-वे पर सड़क के बायें लेन पर चलने के लिए जगह-जगह पर ग्लो साइन बोर्ड लगवाये जायें। मुख्य मार्गों पर स्थित ढाबों और होटलों पर पार्किंग की व्यवस्था की जाय। इसी तरह शीघ्र प्रतिक्रिया प्रणाली के तहत सड़क हादसे में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था हो। सभी जिलों के कप्तानों को भेजे गये अपने निर्देश में उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय व राज्य हाई-वे व शहर में प्रवेश करने वाले मार्गों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाये। भारी वाहनों के चालकों को बारीकी से चेकिंग करायी जाये। यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने को लेकर हमारा विशेष फोकस है। इसके लिए हमने पिछले दिनों आगरा, मथुरा, गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर जिलों का दौरा किया है। जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक कर वहां की ट्रैफिक समस्या की जानकारी हासिल की और उसके समाधान करने के निर्देश दिये हैं।

घाटे के नाम पर बिजली दरें बढ़ाने के प्रयास का किया विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

वाराणसी में हुई नई बिजली दरों पर जनसुनवाई

अमृत विचार: प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर मंगलवार को वाराणसी में जनसुनवाई हुई। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में उपभोक्ताओं का पक्ष सुना।

सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने निगम में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, साथ ही, निगम में घाटे के नाम पर बिजली दरें बढ़ाने के प्रयास का विरोध किया। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का लगभग 33,122 करोड़ सरप्लस रकम निकल रहे हैं, ऐसे में बिजली दरें बढ़ाने के बजाय कम किये जाने की जरूरत है। परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि निगम में साल में 1220 करोड़ की बिजली चोरी हो रही है। निगम में केवल सितंबर में 470 मेगावाट व मार्च में 892 मेगावाट बिजली उपभोक्ताओं का भार बिना नोटिस के बढ़ाया गया। उन्होंने निगम में लगभग 10 करोड़ का घोटाला किये जाने का आरोप लगाया।

मदरसों में एक पेड़ मां के नाम लगाने का चलेगा अभियान

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने आगामी 20 को प्रदेश में 36.46 करोड़ पौधारोपण का संकल्प लिया है। इसके तहत अल्पसंख्यक विभाग के अधीन आने वाले मदरसों में भी एक पेड़ मां के नाम लगाने का फैसला किया गया है।

दानिश आजाद अंसारी ने मंगलवार को निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण को निर्देश दिया है कि 20 जुलाई को सभी मदरसों में पौधारोपण किया जाए। उन्होंने कहा की पौधारोपण जन अभियान 2024 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी मदरसा हर संभव प्रयास करें।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को पुष्पगुच्छ देते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

महाना के घर पहुंचकर योगी ने सेहत का जाना हाल

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के 16-कालिदास मार्ग लखनऊ स्थित आवास पहुंचे और उनका हालचाल जानाऔर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। तबियत बिगड़ने पर जून में विधानसभा अध्यक्ष का गुरुग्राम में ऑपरेशन हुआ था। महाना के परिजन की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, स्वतंत्र देव सिंह, सरोजिनी नगर के विधायक राजेश्वर सिंह आदि भी यहां रहे।

ब्लॉक मुख्यालयों को जोड़ने वाली 13 सड़कों पर दिसंबर तक शुरू होगा आवागमन

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश में ब्लॉक मुख्यालयों को जोड़ने वाली 13 सड़कों पर दिसंबर तक आवागमन शुरू होगा। लोक निर्माण विभाग ने अब तक 162 कार्यों में से 143 पूरे कर लिये हैं। 13 अन्य कार्य भी दिसंबर तक पूरे होंगे।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में ब्लॉक स्तर की सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है, इसमें 88.27 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। अंतर्राज्यीय सीमा वाले मार्गों का भी 85 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। अगले साल के पहले तीन माह में सभी निर्माणाधीन कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य है।

पिछड़ा वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति का बढ़ाया बजट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संचालित की जाती है छात्रवृत्ति योजना

अमृत विचार : पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने के लिए विभाग ने पूर्व दशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में बजट बढ़ा दिया है।

पिछड़े वर्गों के विकास एवं उनके शैक्षिक स्तर को उठाने के लिए विभाग की ओर से छात्रवृत्ति योजना ऑनलाइन संचालित की जा रही है। इसके तहत राजकीय विद्यालय, राजकीय सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत अन्य पिछड़े वर्ग के पात्र छात्र/छात्राओं को प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाता है। गत वर्ष पूर्व दशम में 7 लाख 58 हजार 44 विद्यार्थियों को योजना का लाभ मिला था और 160.16 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। जबकि दशमोत्तर में 19 लाख 58 हजार 929 को लाभ मिला था और 2026.73 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इस बार शासन ने पूर्व दशम में बजट बढ़ाकर 300 करोड़ और दशमोत्तर में 2175 करोड़ रुपये बजट का प्रावधान किया है। सितंबर के अंतिम सप्ताह या अक्टूबर से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू होंगे।

अग्निकांड साजिश नहीं, शासन को सौंपी रिपोर्ट

विनय सिंह, लखनऊ

सीएम के आदेश पर एसटीएफ कर रही थी अग्निकांड की जांच

फायर, एफएसएल, विद्युत सुरक्षा से भी मिली क्लीनचिट

अमृत विचार: खनन निदेशालय में लगी आग साजिश का हिस्सा नहीं थी। यह आग सर्वप्रथम भवन के बाहर एकत्रित हुए पत्तों में लगी थी, जो सुलगते-सुलगते धीरे-धीरे कक्ष तक पहुंची। आग कक्ष की खिड़कियों के पर्दे और थर्माकोल के माध्यम से आग अंदर तक पहुंची और कुछ ही देर में आग ने बृहद रूप ले लिया। अगर स्थानीय चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल न पहुंचती तो यह अग्निकांड बड़ा हो सकता था और पूरा भवन आग की चपेट में आ सकता था। इस अग्निकांड में कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी नहीं जिला। विस्तृत रिपोर्ट को एसटीएफ ने शासन को सौंप दी है।

बतादें कि अग्निकांड की यह घटना नौ अप्रैल को घटी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए इस अग्निकांड की जांच एसटीएफ को सौंप दी थी। जांच के दौरान एसटीएफ ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल), विद्युत सुरक्षा निदेशालय एवं अग्निशमन निदेशालय को भी जांच में शामिल किया था। लंबे समय तक चली जांच के बाद एफएसएल ने अपनी रिपोर्ट में इस घटना को साजिश का हिस्सा नहीं माना। वहीं विद्युत सुरक्षा निदेशालय एवं अग्निशमन विभाग ने भी अपनी रिपोर्ट में क्लीनचिट दे दी। उधर, एसटीएफ ने भी विभिन्न पहलुओं पर प्रकरण की जांच की थी।

अधिकारियों से भी हुई पूछताछ

विभाग के कई अधिकारियों से पूछताछ भी की, लेकिन साजिश नजर नहीं आई। समस्त विभागों से रिपोर्ट आने के बाद जब एसटीएफ संतुष्ट हो गई तो रिपोर्ट शासन को भेज दिया। अधिकारियों के मुताबिक भवन के बाहर वृक्ष लगा हुआ है। उसी के सूखे पत्ते एकत्रित थे, जिसमें किसी कारणवश आग लगी थी। वही आग कक्ष की खिड़की तक पहुंची और पर्दे में लग गई, जिसके बाद आग ने भीषण रूप ले लिया।

गरीब किसान की बस ने ली थी 18 लोगों की जान !

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

10 जुलाई को हुए उन्नाव हादसे की जांच में चौंकाने वाला खुलासा

महोबा के किसान के नाम पर पंजीकृत मिली 35 लग्जरी बसें

इस मामले में ट्रैवल एजेंसी को नोटिस भेजा गया है। बसों का रजिस्ट्रेशन रद्द कराकर ट्रैवल एजेंसी व बस मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

-चन्द्र भूषण सिंह, परिवहन आयुक्त

अमृत विचार: उन्नाव सड़क हादसे में 18 लोगों की जान लेने वाली डबल डेकर बस एक गरीब किसान के नाम पंजीकृत है। हादसे के बाद डग्गामार वाहनों के खिलाफ शुरू हुई जांच में मंगलवार को यह खुलासा हुआ है।

जांच में पता चला है कि महोबा निवासी इस किसान के नाम पर ऐसी 35 लग्जरी बसें पंजीकृत हैं, जिनकी कीमत करोड़ों रुपये हैं। परिवहन विभाग की जांच में पता चला कि किसान के दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल करके बसों का पंजीकरण कराया गया है। असली बस मालिक का पता लगाया जा रहा है।

परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण के मुताबिक हादसे की जांच में सामने आया कि महोबा जिले के मवई गांव निवासी किसान पुष्पेंद्र सिंह के नाम से पंजीकृत बस से दुर्घटना हुई थी। किसान के बारे में पड़ताल करने पर पता चला कि उसकी वार्षिक आय महज दो लाख रुपये है। जबकि उसके नाम से ऐसी ही 35 बसें पंजीकृत हैं।

परिवहन विभाग महोबा की प्रवर्तन टीम ने किसान पुष्पेंद्र सिंह से पूछताछ की। उसने बताया कि जोधपुर के करण चंद जैन की केसी जैन ट्रैवेल्स में नौकरी के लिए कई दस्तावेज जमा किए थे। इनका दस्तावेजों का दुरुपयोग करके उसके नाम से बसों का पंजीकरण कराया गया है।

सड़क परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि केसी ट्रैवेल्स ने वर्ष 2019 से 2021 के बीच 79 बसों का पंजीकरण कराया है। इनमें से 68 बसें महोबा के पतें पर दर्ज हैं। इन्हीं में से 35 बस पुष्पेंद्र के नाम पर चल रही हैं।

कोरोना काल में नौकरी गई, लेकिन बसें उसके नाम हो गईं

किसान पुष्पेंद्र ने बताया कि कोराना काल में लॉकडाउन के दौरान उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। कुछ समय बाद उसे पता चला कि उससे जमा कराए गए दस्तावेजों का गलत उपयोग करके बसें उसके नाम करा दी गई हैं। उसने बताया कि केसी ट्रैवेल्स का संचालन दिल्ली निवासी सोहन नाम का व्यक्ति करता है। कार्यालय जोधपुर में कोहिनूर सिनेमा के एनके टावर में है। परिवहन विभाग ट्रैवेल एजेंसी की बाकी बसों का पता लगाने के साथ मालिक पर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

केशव प्रसाद ने दिल्ली में जेपी नड्डा से की मुलाकात

अमृत विचार, लखनऊ: मंगलवार की रात राजनीतिक गलियारे में सरगर्मी तेज हो गई जब उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद के दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने की खबर यहां पहुंची। बीती रविवार को ही लखनऊ में कार्यसमिति की बैठक में केशव राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले थे।

एक दिन बाद ही मंगलवार की शाम नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय उनकी फिर मुलाकात हुई है। केशव 48 घंटे के अंतराल में नड्डा से दूसरी बार मिले हैं। दरअसल, कार्यसमिति बैठक में केशव ने भाजपा कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने के लिए संगठन सरकार से बड़ा होता है, वाला बयान दिया था। हालांकि केशव के सूत्रों के मुताबिक यह मुलाकात पूर्व निर्धारित थी।

विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों पर शीघ्र शुरू होगी भर्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

उच्च शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

अमृत विचार: प्रदेश के विश्वविद्यालयों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती शुरू होगी। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने इस सिलसिले में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई शुरू करने निर्देश दिये। उच्च शिक्षा मंत्री मंगलवार को विधानसभा समिति सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उच्च शिक्षा मंत्री ने बैठक में मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ और जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और उन्हें गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाय। इसके अलावा विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाय ताकि शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाया जा सके। बैठक में प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल, विशेष सचिव गिरिजेश त्यागी सहित सम्बन्धित विश्वद्यालयों के कुलसचिव उपस्थित रहे।

हिरासत में मौत पर पुलिस कर्मियों पर हो कार्रवाई: अजय

अमृत विचार, लखनऊ: कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश में पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले में दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ त्वरित व ठोस कार्रवाई की जाए। प्रदेश में कानून-व्यवस्था कायम की जाय। प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार से मुलाकात कर इस सिलसिले में ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुलिस हिरासत में मौत की संख्या लगातार बढ़ रही है। लोकसभा में पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार देश में हर दिन छह लोगों की मौत पुलिस हिरासत में हो रही है। इस मामले में प्रदेश नंबर वन पर है।

एक नजर

बरसात से फैल रहे संक्रमण से लगातार मर रहे मवेशी

ऊंचाहार, रायबरेली। बरसात के साथ मवेशियों में भी संक्रमण फैल रहा है। संक्रमण से बचाव के लिए क्षेत्र में टीकाकरण भी नहीं हुआ है, जिसके कारण लगातार मवेशी मर रहे हैं ।बरसात के कारण मनुष्यों में ही नहीं मवेशियों में भी संक्रामक बीमारी फैल रही है। इसके बचाव के लिए पशु चिकित्सा विभाग द्वारा टीकाकरण हर साल किया जाता है। यह टीकाकरण केवल कागजों तक ही सीमित है। जिसके कारण लगातार मवेशी बीमार होकर असमय मौत के मुंह में समा रहे है। क्षेत्र के गांव पट्टी रहस कैथवल गांव में दो दिन के अंदर छह बकरियां बीमारी से मर गई हैं। गांव के रामलाल की दो , मो हनीफ की दो और पप्पू की दो बकरियों की मौत हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार मवेशी बीमार हो रहे है। पशु चिकित्सालय में मामले की सूचना दी गई, किंतु गांव मेवेशियों का टीकाकरण नहीं हुआ है।

स्नान करने जा रहे व्यक्ति से मोपेड व 25 हजार रुपये छीने

ऊंचाहार, रायबरेली। गंगा स्नान करने जा रहे एक व्यक्ति को रास्ते में रोक कर उसकी मोपेड बाइक और पचास हजार रुपए छीन लिए गए। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव जमुनापुर निवासी राजदेव मंगलवार को सुबह अपनी मोपेड बाइक से गंगा स्नान करने जा रहे थे। उनका आरोप है कि रास्ते में छेदी का पुरवा के सामने काशीपुर मजरे शहजादपुर गांव निवासी राधेश्याम में उन्हें रोक कर उनकी मोपेड छीन ली और उनके जेब से पचास हजार रुपए भी छीन लिए तथा तेजी के साथ भाग गया। इस घटना के बाद कोतवाली पहुंचे पीड़ित ने मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

नेग मांगने पर किन्नरों को पीटा, सात घायल

ऊंचाहार, रायबरेली। शादी समारोह में नेग मांगने गए किन्नरों से विवाद हो गया, जिसमें मारपीट हुई है। मारपीट में किन्नरों के वाहन का चालक समेत कुल सात लोग घायल हुए है। मामले की कोतवाली में तहरीर दी गई है। यह घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव नाजेपुर मजरे सराय भान की है। गांव में मनहर सिंह के लड़के की सोमवार को शादी थी। मंगलवार मुस्कान किन्नर अपनी टोली के साथ नेग मांगने गए थे, जहां पर नेग को लेकर विवाद हो गया और मारपीट हो गई। किन्नरों ने आरोप लगाया है कि मारपीट में उनका वाहन चालक घायल हो गया। उसके रुपये और सोने की चेन भी छीन ली गई है। साथ ही किन्नरों में मुस्कान, लक्ष्मी, गुंजा, रजनी, पलक, काजल भी घायल हुए हैं। किन्नरों ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

जनता की समस्याओं का शीघ्र हो निस्तारण

प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा ,ओवर बिलिंग की शिकायत पर विद्युत विभाग को लगाई फटकार

संवाददाता, रायबरेली।

समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करतीं प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला, डीएम हर्षिता माथुर।

अमृत विचार। राज्य मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उप्र व जनपद की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से आयुष्मान कार्ड की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य तेजी से किया जाए। जिससे आम जनता तक स्वाथ्य लाभ शीघ्र पहुंच सके। राज्य मंत्री ने निर्देश दिया कि सभी सीएचसी व पीएचसी में चिकित्सको की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। जीवन रक्षक औषधियां स्वास्थ्य केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे।

उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले आवासों की जानकारी लेते हुए कहा कि आवास आवंटन करते समय जरूरतमंदों को प्राथमिकता पर रखा जाए। कौशल विकास के अंतर्गत विश्वकर्मा योजना की भी प्रगति जानी। कारीगरों को दिए जाने वाले टूलकिट की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाए।

प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिया कि सभी ब्लॉकों में समूहों का गठन किया जाए साथ ही उनको प्रोत्साहित किया जाए, जिससे रोजगार के नए अवसर मिल सके। आने वाले त्योहारों के दृष्टिगत समूहों को त्यौहारो में प्रयोग किये जाने वाले वस्तुओं का उत्पादन हो जिससे उनकी आय बढ़ सके। बाल एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को गुणवत्तापरक और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए। विद्युत विभाग की शिकायतो की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि बिना वजह किसी का भी कनेक्शन न काटे। छोटे व्यापारियों और ग्रामीणों की ओवरबिलिंग न करें। जिस भी कर्मचारी द्वारा इस तरह की लापरवाही की जा रही है उसे पर विभागीय कार्रवाई की जाए। ऑनलाइन आवेदन करने वालों को शीघ्र कनेक्शन उपलब्ध कराये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से गौशालाओ के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में चारा-पानी, शेड, प्रकाश, चिकित्सा आदि की व्यवस्था रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों का सौन्दर्यीकरण किया जाए। इस बात का ख़ास ध्यान रखा जाए कि विद्यालयों में शौचालय, बिजली, पानी की पर्याप्त व्यवस्था रहे।

बछरांवा पुलिस की कार्यशैली पर प्रभारी मंत्री नाराज

रायबरेली। बछरांवा थानाक्षेत्र के चुरुवा ग्राम में 13 जुलाई की घटना में पुलिस द्वारा अपनाई गई रणनीति अब पुलिस के गले की फांस बनती जा रही है। रात में जबरन मृतक महिला का अंतिम संस्कार कराने को लेकर सपा और कांग्रेस ने मुददा बनाकर पुलिस को कठघरे में खडा करना शुरू कर दिया है। वहीं जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने भी पुलिस की कार्रवाई पर नाराजगी व्यक्त की है, उन्होने पुलिस अधीक्षक को बछरांवा पुलिस के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, जिससे सरकार इस किरकिरी से बच सके।

व्यापारी व उद्यमियों की सुनीं समस्याएं

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। प्रभारी मंत्री ने जनपद के व्यापारियों व उद्यमियों की समस्याओं को भी सुना। व्यापारियों ने अपनी बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा आदि से संबंधित समस्याओं का ज्ञापन प्रभारी मंत्री को सौंपा। मंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्या को गंभीरता से लिया जाए और उनका समय से निस्तारण कराया जाए। मुख्य बाजारों में पार्किंग और शौचालय की व्यवस्था कराई जाए और उनकी साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए। चौराहों व प्रमुख स्थलों का सौन्दरीकरण कराया जाए।

फैक्ट्री में केमिकल से बन रहा नकली मावा व पनीर

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली।

अमृत विचार। क्षेत्र में खुलेआम नकली मावा और पनीर बनाने की फैक्ट्री चल रही है। केमिकल से निर्मित इस धीमे जहर का खाद्य पदार्थ पूरे जिले में बेचा जाता है। इसका खुलासा क्षेत्र के लोगों ने किया है। जिसका वीडियो वायरल हुआ है।

ऊंचाहार-सलोन मार्ग पर केमिकल से निर्मित मावा और पनीर तैयार करने की चर्चा काफी अरसे से हो रही थी। यहां से नकली पनीर और मावा की आपूर्ति क्षेत्र के बड़े रेस्टोरेंट के साथ अन्य होटलों और शादी उत्सवों में की जाती रही है। करीब तीन से संचालित यह जहर की फैक्ट्री क्षेत्र के मसौदाबाद मजरे धौरहरा में स्थित है। जहां मशीनें और केमिकल पड़ा हुआ है। इस पूरी फैक्ट्री का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें केमिकल से निर्मित मावे में कीड़े नजर आ रहे है। बताया जाता है क्षेत्र के कुछ रेस्टोरेंट संचालक इसे संरक्षण दिए हुए है, जहां पूरा खेल होता है, उस बाउंड्री का गेट हमेशा बंद रहता है। स्थानीय लोग बताते हैं कि यहां गाड़ियां आती हैं और उसमें नकली मावा और पनीर लादकर ले जाया जाता है। वहीं, इस मामले पर एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि मामले में खाद्य विभाग को जांच और कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जायेगा।

सार-संक्षेप

ऊंचाहार से अमरनाथ दर्शन के लिए जत्था रवाना

बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होते कांवड़िएं। अमृत विचार

ऊंचाहार, रायबरेली,अमृत विचार। बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए ऊंचाहार से 51 लोगों का जत्था रवाना हुआ है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता और जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता ने इस जत्थे का अभिनंदन किया और उन्हे लड्डू व कोल्ड्रिंक पिलाकर रवाना किया। कावड़ियों के इस जत्थे का ऊंचाहार रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। मौजूद लोगों ने उन्हे सुगम और मंगल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान कावड़ियों के परिजन भी उन्हें बिदा करने स्टेशन पर आए थे। इस मौके पर पूर्व निकाय अध्यक्ष ने कहा कि बाबा बर्फानी महराज का दर्शन बड़े भाग्य से मिलता है। बाबा ने जिन पर कृपा की है, वही दर्शन को जा रहे हैं। इस पूरे जत्थे के साथ सम्पूर्ण ऊंचाहार वासियों की कामनाएं भी है। इस दौरान हर-हर महादेव के उद्घोष से पूरा ऊंचाहार गुंजायमान होता रहा। इस मौके पर विष्णु कान्त सैनी, रोशन, रामू प्रजापति, शोभा लाल, लवकुश, राजू मौर्य, सोमू, पीके, वीरेंद्र कुमार, बिट्टन देवी, अंकित, आराध्या, संतोष कुमारी, पारुल, कुमकुम, डा लवकुश सैनी, शेखर मौर्य, महेंद्र मौर्य, प्रांशु अग्रहरि आदि भक्त मौजूद रहे।

शहीद दिवस की तैयारियां शुरू

सरेनी, रायबरेली,अमृत विचार। सरेनी में शहीद दिवस को धूमधाम से मनाने की तैयारियां शुरू कर दी गयी है। यह जानकारी ट्रस्ट के सचिव अनूप पांडेय ने दी है। गौरतलब है कि 18 अगस्त 1942 को सरेनी थाने में तिरंगा फहराने गये क्रांतिकारियों पर तत्काल अंग्रेजी हुकूमत की पुलिस ने गोलियां बरसा दी थी जिसमें पांच क्रांतिकारी मौके पर ही शहीद हो गये व दर्जनों घायल भी हुए थे। इन्हीं अमर शहीदों की शहादत की स्मृति में हर वर्ष ट्रस्ट के तत्वावधान में शहीद दिवस समारोह का आयोजन 18 अगस्त को किया जाता है। इसमें क्षेत्र के जन-जन की ओर से आर्थिक सहयोग किया जाता है। ट्रस्ट के महासचिव अशोक श्रीवास्तव के अस्वस्थ होने की वजह से यह जिम्मेदारी ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव को सौंपी गई है। जिन्होंने सभी से सम्पर्क करना शुरू कर दिया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि इस वर्ष भी बलिदान दिवस पिछले 28 वर्षों की ही तरह मनाया जायेगा। उन्होंने सभी से अपेक्षित सहयोग करने की अपील है।

मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर हैं हैबतपुर कला के ग्रामीण

सरेनी, रायबरेली,अमृत विचार। 10 अगस्त 1942 को जिस गांव से आजादी के दीवानों ने क्रांति की अलख जगायी थी। उसी गांव के लोग ग्राम प्रधान के उदासीन रवैये से सड़क व पानी जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझने को मजबूर हैं। सरेनी विकास क्षेत्र के अंतर्गत गंगा नदी के किनारे बसे इस गांव का नाम है हैबतपुर कला। इसी गांव में 10 अगस्त 1942 को पूर्व विधायक स्वामी गुप्तार सिंह की अगुवाई में क्रांतिकारियों ने बैठक कर अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेने की योजना बनायी थी किन्तु आज इसी गांव के लोग मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया है कि गांव के प्राथमिक विद्यालय तक जाने के लिए सड़क नहीं बनवाई गयी। शिक्षकों ने बताया है कि कई बार विद्यालय तक आने-जाने के रास्ते में सांप दिखाई दिए जिससे अभिभावक भयभीत हैं। गांव वालों की अनुनय विनय के बाद भी ग्राम प्रधान उदासीन हैं। उनका गांव के विकास कार्यों में प्रति रुचि न होना ग्रामीणों के लिये महंगा पड़ता जा रहा है। इसी तरह गांव में दर्जनों इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर की बाट जोह रहे हैं। ग्राम प्रधान का जबाब मिलता है कि उनके पास रिबोर के लिए कोई बजट नहीं है। हर घर नल योजना का भी काम गांव में शुरू नहीं हुआ है। गांव के लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। इस बाबत खण्ड विकास अधिकारी शिवबहादुर सिंह का कहना है कि वे जांच करा रहे हैं। गांव में शीघ्र ही विकास कार्य शुरू कराये जायेंगे।

26 घंटे बाद मिला अमन का शव, संगीता की खोज जारी

संवाददाता राही,रायबरेली।

अमृत विचार। नहर में छलांग लगाने के 26 घंटे बाद घटनास्थल से एक किमी दूर कदम पुलिया के निकट अमन की लाश उतराती मिली। जबकि साथ में छलांग लगाने वाली संगीता का सुराग नहीं लग पाया है। भदोखर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

थाना क्षेत्र के दो रिश्तेदार अमन और संगीता के अवैध संबंध पिछले काफी दिनों से चल रहे थे। जिसके चलते दोनों परिवारों में अक्सर विवाद होता था। सोमवार को विवादों से आजिज आकर अमन और संगीता ने शारदा नहर में भांव पुलिया से नहर में छलांग लगा दी।तब से गोताखोरों की टीम उनको खोजने में जुटी थी । मंगलवार को कदम पुलिया के निकट अमन की लाश उतराती मिली।प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि अमन की बाडी मिल गई है। अब गोताखोर की टीम संगीता को खोजने में जुटी है। अगर संगीता की बॉडी नहीं मिलती है तो नहर के पानी को बंद कर बाडी की खोज की जाएगी।

चचेरे भाई व भाभी पर चाकू से हमला

संवाददाता,खीरों, रायबरेली।

अमृत विचार। रास्ते के विवाद को लेकर मंगलवार की सुबह अपने ही दो चचेरे भाई और भाभी सहित तीन लोगों पर चाकू से जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

परिजनों ने घायलों को आनन-फानन में सीएचसी खीरों पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है,लेकिन हालात नाजुक होने पर दो घायलों को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

सूचना पर सीएचसी खीरों पहुंची पुलिस ने पीड़ितो से पूछताछ की। रायपुर निवासी बबलू पुत्र श्रीकेशन ने बताया कि उसके परिवार के गजोधर प्रसाद पासवान पुत्र हीरामुनि पासवान और उपेंद्र पासवान, महेन्द्र पासवान पुत्रगण राम सेवक से पुरानी रंजिश चल रही है। मंगलवार को सुबह लगभग साढ़े सात बजे उपेन्द्र पासवान ने अपने भाई महेन्द्र पासवान की सह पर दूसरे पक्ष के गजोधर प्रसाद पासवान (46), बालगोविन्द (40) पुत्रगण हीरामुनि पासवान पर अचानक चाकू से जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची बालगोविन्द पासवान की पत्नी विद्यावती पासवान (38) को भी चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को सीएचसी खीरों पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां से हालात नाजुक होने पर बाल गोविन्द और विद्यावती को ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ितो से पूछताछ की। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की जांच की जा रही है। शिकायती पत्र मिला है। आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

सर्प दंश से 35 वर्षीय युवक की मौत

संवाददाता,शिवगढ़, रायबरेली।

सुरेश कुमार (फाइल फोटो)।

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव के रहने वाले 35 वर्षीय सुरेश कुमार पुत्र मेड़ीलाल की सर्प दंश से मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक सुरेश कुमार जमीन पर लेटा था तभी रात में सर्प ने उसके सिर में डस लिया।

जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक की हालत गम्भीर देखते हुए युवक को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीएम से मृतक का शव वापस लौटते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जिनके करुण क्रन्दन से समूचा गांव कराह उठा। मृतक की पत्नी साध्वी गौतम ने बताया कि कमरा छोटा होने के कारण कमरे में एक बेड पड़ा है दूसरी चारपाई डालने के लिए जगह नहीं थी। बच्चे बेड पर लेटे थे, वह और पति सुरेश कुमार जमीन पर लेटे हुए थे। रात में जहरीले सांप ने उसके पति को डस लिया। युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष श्याम कुमार पाल ने बताया कि अभी पीएम रिपोर्ट नहीं आई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

पत्नी पर टूटा मुसीबतों का पहाड़

पति की मौत से पत्नी साध्वी के ऊपर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। बेटी दिव्यांशी (12), बेटे यश (10), जय (8), शिवांशी (6) के पालन पोषण की जिम्मेदारी अकेले उसके ऊपर आ गई है। जो बार-बार फफक-फफक कर यही कह रही थी की कैसे बच्चों का पालन पोषण करेगी और कैसे उन्हें पढ़ायेगी लिखाएगी।

ट्रक की टक्कर से किशोर की मौत

संवाददाता,अमावां, रायबरेली।

अमृत विचार। मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार एक किशोर को टक्कर मार दी। घटना में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल किशोर को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने किशोर को मृत घोषित कर दिया।

दूसरी, तरफ सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को ट्रक समेत कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर चुरई गांव निवासी रामपाल का 12 वर्षीय पुत्र कुंदन सुबह साइकिल से धान की पौध लेकर खेतों की ओर जा रहा था, तभी रायबरेली अयोध्या हाईवे पर गांव के पास ही तेज रफ्तार ट्रक में कुंदन को जोरदार टक्कर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने कुंदन को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल अमावां चौराहा निवासी ट्रक चालक शाकिर अली पुत्र मोहम्मद नसीर को ट्रक समेत हिरासत में ले लिया और छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया परिजनों से तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

रेलवे ट्रैक पर मिला बहन के यहां गए युवक का शव

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली।

अमृत विचार। एक दिन पहले अपनी बहन के यहां गए युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। शव मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

यह घटना ऊंचाहार-प्रयागराज रेलखंड के भीम का पुरवा गांव के पास की है। ऊंचाहार नगर के खत्री टोला वार्ड नंबर चार निवासी सत्येंद्र कुमार की बहन अरखा ग्राम पंचायत के भीम का पुरवा गांव में ब्याही है। सोमवार को सत्येंद्र अपनी बहन के यहां गया हुआ था। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह उसका शव गांव के पास रेलवे ट्रैक पर मिला है। सुबह जब गांव के लोग रेलवे लाइन की ओर गए तो उन्होंने शव देखा। उसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यह खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। मामले की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और उसने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। उधर घटना की सूचना जब युवक के घर पहुंची तो उसके परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जांच दी है। घटना की जांच की जा रही है।

बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं का प्रदर्शन

संवाददाता,शिवगढ़,रायबरेली।

विद्युत कटौती होने पर प्रदर्शन करते आक्रोशित उपभोक्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। अघोषित विद्युत कटौती से परेशान उपभोक्ताओं में विद्युत विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। सोमवार की देर शाम विद्युत कटौती को लेकर आक्रोशित विद्युत उपभोक्ताओं ने नगर पंचायत के शिवगढ़ कस्बे में विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए।

विद्युत व्यवस्था में सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। आलम यह है कि यहां न ही बिजली आने का समय निर्धारित है और ना ही जाने का। अघोषित विद्युत कटौती के चलते उपभोक्ताओं को ठीक तरह से बिजली के उजाले में भोजन तक नही नसीब हो पा रहा है। सुबह शाम पढ़ाई के समय बिजली गुल रहती है जिससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। नगर पंचायत के रहने वाले राष्ट्रीय एकता विकास मंच के शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष राकेश त्रिवेदी, मोहम्मद रईस, शानू गुप्ता, मनोज शर्मा, छोटू, अभय प्रताप सिंह,जब्बर अली, अतीक हुसैन आदि लोगों ने शिवगढ़ कस्बे में विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। राकेश त्रिवेदी का कहना है कि 24 घंटे में ठीक तरह से 12 घंटे भी विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है। कभी रोस्टिंग के नाम पर तो कभी विद्युत फाल्ट सही करने के नाम पर कई-कई घंटों तक बिजली काट दी जाती है। उनका कहना है कि विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो राष्ट्रीय एकता विकास मंच के पदाधिकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर इसकी शिकायत करेंगे। किसानों का कहना है कि खेतों की सिंचाई की समय किसानों को बिजली दगा दे रही है। मोहम्मद रईस ने कहा कि 24 घण्टे बिजली की आंख मिचौली का खेल जारी रहता है। उमस भरी गर्मी में विद्युत कटौती से ना ही दिन में उपभोक्ता सो पाते हैं और ना ही रात में। छोटू का कहना है कि विद्युत बिल की दरों में तो लगातार बढ़ोतरी हो रही है, किन्तु विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है।

> रोस्टिंग ट्रांसमिशन से होती है जिसमें विद्युत उपकेंद्र शिवगढ़ का कोई रोल नहीं है। ट्रांसमिशन से जितनी विद्युत आपूर्ति मिलती है उतनी विद्युत आपूर्ति की जाती है।
>
> -जेई रवि गौतम, विद्युत उपकेंद्र शिवगढ़

लापरवाही ढीले तारों को न बदले जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

मौत को दावत दे रहे हैं बिजली के हाईवोल्टेज तार

संवाददाता,शिवगढ़, रायबरेली।

दहिगवां गांव में खेतों के ऊपर से गुजरी हाईवोल्टेज लाइन। अमृत विचार

अमृत विचार। दहिगवां गांव में लटक रहे 11 हजार हाईवोल्टेज तार को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे आशीष सिंह, रोहित मिश्रा, अजीत बाजपेई, नीरज बाजपेई, हिमांशु वाजपेई, रामकंठ सिंह, शारदा सिंह, निसार अहमद, अर्पित बाजपेई, मानस मिश्रा आदि ग्रामीणों का कहना है कि चकरोड़ के ऊपर व खेत में लटक रहे 11 हजार हाईवोल्टेज लाइन के तारों के चलते न ही इधर से ट्रैक्टर निकल पाता है और ना ही सिर पर गट्ठर आदि रखकर महिलाएं और किसान निकल पाते हैं। जाने अनजाने में यदि कोई सिर पर बोझ लेकर तारों के नीचे से गुजर जाए तो निश्चित रूप से उसके साथ अनहोनी होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश में तारों के नीचे से गुजरने में डर लगता है, जिसके संदर्भ में विद्युत विभाग से कई बार शिकायत भी की गई, किंतु किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। चकरोड के ऊपर से गुजरा 11 हजार हाईवोल्टेज लाइन का तार चकरोड के ऊपर कटकर पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। एल्युमिनियम के सभी तार पिघल चुके हैं बीच में पड़े लोहे के इकलौते तार के सहारे विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

> दहिगवां में तार ढीले होने की जानकारी नहीं थी। ढीले तारों को टाइट कराया जाएगा। जहां पर तार जर्जर है उसकी बैंडिंग करा दी जाएगी।
>
> -रवि गौतम, जेई विद्युत उपकेंद्र शिवगढ़

अस्पताल में भर्ती उपनिरीक्षक की मौत

संवाददाता,डलमऊ, रायबरेली।

अमृत विचार। 46वीं भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस डलमऊ में तैनात उपनिरीक्षक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। जिसका शव पंचायतनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जनपद उधमपुर जम्मू एवं कश्मीर निवासी रमेश चंद्र पुत्र स्व. कृष्ण लाल जो की आइटीबीपी कैंप डलमऊ में उप निरीक्षक के पद पर तैनात थे। सोमवार देर रात को अचानक हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। आईटीबीपी के उपनिरीक्षक अब्दुल रहमान ने कोतवाली डलमऊ में प्रार्थना पत्र देकर जवान की मौत की जानकारी दी।

गुमशुदगी का मामला दर्ज

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। कोड़री मजरे मोन निवासी बबलू सोमवार को शाम को घर से परिजनों को बिना बताए निकल गया। देर रात जब वह घर नहीं लौटा तो उसके परिजनों ने छानबीन शुरू कर दी। पत्नी ज्योति की शिकायत पर कोतवाली पुलिस गुमशुदगी की धाराओं में शिकायत दर्ज कर युवक की तलाश में जुट गई है।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

चुरूवा में महिला की हत्या के बाद सियासत तेज

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने परिजनों से की मुलाकात, पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

सवांददाता, रायबरेली।

मृतका के परिजनों से मिलने के बाद पुलिस से बातचीत करता सपा का प्रतिनिधि मंडल।

मृतका के परिजनों से बातचीत करते कांग्रेस के पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले के बछरांवा थाना क्षेत्र के चुरूवा गांव में बीते दिनो एक विवाहिता की मौत के बाद जहां शराबी पति पर अपने साथियो के साथ मिलकर रेप और हत्या करने का आरोप लगा था, जिसके बाद पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर पति के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। लेकिन इस पूरे घटना क्रम में पहले दिन से बछरांवा पुलिस की भूमिका संदिग्ध रही।

जिसको लेकर तमाम सवाल खडे. कर दिये है। लेकिन अब मामले ने और तूल पकड लिया है अब इसमें सियासत भी तेज हो गई है। मंगलवार को समाजवादी पार्टी व कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल पीडित परिवार से मिला और सरकार को कठघरे में खडा करते हुए पुलिस और कानून व्यवस्था को लेकर तमाम सवाल खडे किए।

स्थानीय विधायक श्याम सुंदर भारती के साथ सपा जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधि मंडल पीडित परिवार के साथ ही ग्रामीणो से मिले। बीरेन्द्र यादव ने कहा कि यह कृत्य मानवता को शर्मसार कर देने वाली है, पुलिस ने जल्दबाजी में जिस तरीके से शव को जलाकर अन्तिम संस्कार किया वह निंदनीय है। सपा नेताओं ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वही कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में गए प्रतिनिधि मंडल ने भी पुलिस की भूमिका को लेकर सरकार को घेरा। प्रदेश प्रवक्ता सुशील पासी ने कहा कि बछरांवा पुलिस की भूमिका शुरू से ही संदिग्ध रही। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से बेपटरी है। गौरतलब है कि ग्रामीण लगातार महिला के साथ दरिंदगी के बाद हत्या करने का आरोप लगा रहे लेकिन पुलिस ने किसी की भी नही सुनी। पुलिस की इस कार्यशैली को लेकर ग्रामीणो के बीच काफी आक्रोश भी है। ग्रामीणो के गुस्से को एसपी को भी झेलना पडा था। एसपी के सामने ही पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई थी। स्थानीय लोगो ने न्याय के लिए सोमवार को कैंडल मार्च भी निकाला था। घटना के बाद से ही कोतवाली प्रभारी पर आरोप लग रहे थे कि उन्होने ही रात को मृतका के शव को जलवा दिया था। जिसके बाद कई बार ग्रामीणो से पुलिस की बहस भी हुई। पुलिस रेप की घटना को नही मान रही है, उसका कहना है कि चोट लगने की वजह से मौत हुई है, लेकिन अब मामले ने और तूल पकड लिया है अब सियासत भी तेज हो गई है।

डिजिटल उपस्थिति के विरोध में शिक्षक संकुलों ने सौंपा त्याग पत्र

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली।

खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले के परिषदीय विद्यालयों में सूचना का आदान-प्रदान करने के लिए सभी विकास खंडों में शिक्षक संकुल पद पर शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। यह संकुल शिक्षक भी स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से जारी ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश का विरोध कर रहे हैं। संकुलों की मांग है कि पहले व्यावहारिक समस्याओं को दूर किया जाए व हमारी मांगों को पूरा किया जाए, उसके बाद ऑनलाइन उपस्थिति लागू हो। वहीं, महराजगंज के शिक्षकों ने सोशल मीडिया पर बने समस्त विभागीय ग्रुप छोड़कर आंदोलन की धार तेज कर दी है। मंगलवार को होने वाली शिक्षक संकुल बैठक का बहिष्कार करते हुए विद्यालय अवधि के बाद ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एक साथ संकुल शिक्षकों ने शिक्षक प्रतिनिधियों के साथ शिक्षक संकुल पद से सामूहिक त्यागपत्र दे दिया है।

बीते दिन विकास क्षेत्र दीनशाह गौरा के न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षक संकुल के रूप में नियुक्त शिक्षकों ने असहयोग आंदोलन के तहत खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर उपस्थित होकर सामूहिक रूप से अपना इस्तीफा सौंपा। इस मौके पर दिनेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, हरिकेश बहादुर जूनियर शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष, जंगबहादुर, धर्मेंद्र सिंह, संजीव सोनी, डॉ राम कृपाल, सौरभ सिंह, उमेश कुमार वर्मा, उदय राज, राकेश मिश्रा, नरेश सिंह, सर्वेश कुमार, जंगबहादुर, अरविंद, हेमंत, मनीष, अखिलेश बाजपेयी, कुवर यादव, हेमन्त सिंह, अरबाब हैदर, नितेश, शैलजा यादव, चन्द्रशेखर, सन्तोष राजभर, रमन सिंह, मनीष दीक्षित, अर्पित यादव, बृजेन्द्र सिंह, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

10वीं मोहर्रम की तैयारियां शुरू

रायबरेली, अमृत विचार। नगर पंचायत नसीराबाद कस्बे में मंगलवार को नगर अध्यक्ष मोहम्मद अली (फाकिर) ने 10 मोहर्रम के जुलूस के पर्व पर कस्बे में दसवीं मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले जुलूस के रास्तो का जायजा लिया। वहीं जुलूस के रास्तो की साफ-सफाई के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया।

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। कस्बे के न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर लालगंज में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर की सामाजिक विज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम स्थान कक्षा 9 की छात्रा स्नेहा सोनी, द्वितीय स्थान रिद्धिमा सिंह व तृतीय स्थान प्रिया पाल ने हासिल किया। साथ ही विद्यालय के अनंत पराक्रम सिंह, सृष्टि जायसवाल, आदित्य सिंह, उदित बाबू, आद्या पांडेय, अभय प्रताप सिंह, आदित्य शेखर, आरवी सिंह, परिधी सिंह, अर्श प्रताप सिंह, विवेक बाजपई, शौर्य शुक्ला, अथर्व तिवारी, आयुष्मान, मोहम्मद तनवीर, वैष्णवी, अदिति, श्रुति, सोनाक्षी आदि बच्चों ने भी मेडल प्राप्त कर अभिभावकों, विद्यालय एवम क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।

रायन में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

रायबरेली, अमृत विचार। मंगलवार को रायन इंटरनेशनल स्कूल में मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा अंकिता कक्कड़ एवं विशिष्ट अतिथि तेजस्वता श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से सभी मेधावी छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया। कक्षा 6 में वेदांग रस्तोगी प्रथम, अरनव श्रीवास्तव द्वितीय एवं कृतिका कुशवाहा को तृतीय स्थान, कक्षा 7 में अखंड प्रताप सिंह प्रथम, शर्मा सिंह द्वितीय, जूनैरा इकबाल तृतीय, कक्षा 8 में शिखर गुप्ता प्रथम, मान्या वर्मा द्वितीय, मोहम्मद इब्राहिम तृतीय, कक्षा 9 में अदिति द्विवेदी प्रथम, आदित्य कुमार द्वितीय, वैष्णवी श्रीवास्तव तृतीय तथा कक्षा 12 में अध्या गुप्ता प्रथम, आकाश यादव द्वितीय, आयशा खान को तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।

संवरेंगे गांव, बोर्ड बैठक में विकास कार्यों को मिली मंजूरी

सलोन, रायबरेली, अमृत विचार। सलोन ब्लाक परिसर में मंगलवार को गहमागहमी के बीच क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक से सदस्यों ने एमएलसी और प्रमुख प्रतिनिधि को बोर्ड की बैठक से बाहर कर दिया। बैठक के दौरान ब्लाक क्षेत्र में कराए गए दो करोड़ 90 लाख रुपये के विकास कार्यों का लेखाजोखा सदन में रखा गया। हालांकि हिसाब किताब से सदस्य संतुष्ट नहीं थे। मंगलवार को ब्लाक सभागार में ब्लाक प्रमुख अंजू कुशवाहा की अध्यक्षता में लगभग सात माह के लंबे अंतराल के बाद सदन की बैठक बुलाई गई। क्षेत्र पंचायत सदस्य तनुज सिंह ने पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सन्तोष कुशवाहा और एमएलसी प्रतिनिधि सुशील सिंह का बैठक से पूर्व विरोध शुरू कर दिया। तनुज सिंह ने बीडीओ से कहा कि जब जनप्रतिनिधि मौजूद है तो प्रतिनिधियों का बैठक में क्या काम है। भारी विरोध के चलते दोनो प्रतिनिधि बैठक में शामिल नहीं हो सके।

भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की पंचायत सलेथू ग्राम सभा में संपन्न हुई। पंचायत में राजस्व, सिंचाई, स्वास्थ्य व बिजली विभाग की समस्याएं उठाई। पंचायत कर रहे किसानों ने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा का बुराहाल है। अस्पतालों में माफिया हावी है। जिसके विरुद्ध किसानों ने पंचायत कर आवाज उठाई। विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन पंचायत स्थल पर पहुंची नायब तहसीलदार सत्या राज को दिया। किसानों से ज्ञापन लेते हुए नायब तहसीलदार ने समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया। जिसके बाद भारतीय किसान यूनियन में पंचायत को समाप्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लाला चौधरी, जिला उपाध्यक्ष कुंवर बहादुर, राजेश कुमार सिंह, दया प्रसाद चौधरी, देवता रामनरेश, तहसील अध्यक्ष रामनरेश गौर, रामनरेश गौड़, जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

रोजगार मेला 19 जुलाई को

रायबरेली, अमृत विचार। जिला सेवायोजन कार्यालय में 19 जुलाई 2024 को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में लगभग तीन कम्पनियों द्वारा टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल पदों पर योग्यतानुसार चयन किया जाएगा। जिसमें आयु 18 से 30 वर्ष के अभ्यर्थी हाईस्कूल, इंटर, स्नातक व आईटीआई योग्यता के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

समितियां मजबूत होंगी तो सफल होगी सहकार से समृद्धि योजना : सिंह

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।

सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह का स्वागत करते बैंक मैनेजर अनूप कुमार सिंह।

अमृत विचार। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के चेयरमैन विवेक विक्रम सिंह ने लालगंज पहुंचकर सहकारी समितियों के अध्यक्ष, सचिव और किसानों से संवाद करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा सहकार से समृद्ध योजना संचालित है।

यह योजना तभी सफल होगी, जब गांव गांव में बनी समितियां मजबूत होगी और वहां से किसानों को यूरिया डीएपी सहित अन्य किसान उपयोग की वस्तुएं आसानी से मिलेगी। साथ ही उन्हें जब समय से लोन मिलेगा तभी किसान मजबूत होगा और समितियां मजबूत होगी। सहकारी बैंक अध्यक्ष विवेक सिंह ने कहा कि गत वित्तीय वर्ष में सहकारी बैंक ने गत वर्षो की तुलना में काफी अधिक मात्रा में लोन बांटा है और बैंक का भी लाभांश बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज सहकारी बैंक भी 25 लाख तक होम लोन, 25 लाख तक व्यावसायिक लोन और 10 लाख तक पर्सनल लोन कर रही हैं जिनका लोग सहकारी बैंक पहुंचकर फायदा उठा सकते हैं। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ और भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र बहादुर सिंह बबलू ने भी बैठक को संबोधित किया और कहा कि भाजपा सरकार में किसानों की स्थिति मजबूत हुई है। लालगंज सहकारी बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अनूप कुमार सिंह ने सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक सिंह का प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक रणंजय सिंह, शाखा प्रबंधक श्रीमती रेनू शुक्ला, विशाल, गौरव सोनी, प्रमोद कुमार सिंह, शिवम गुप्ता, अर्पित गुप्ता, कौशलेंद्र सोनी, संजय बजाज, सोनेलाल द्विवेदी, अमित सिंह, अमरेंद्र बहादुर सिंह, उदयभान सिंह, विक्रमाजीत सिंह, अयोध्या, गौरव सोनी, अखिलेश बाजपेई, ललित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

... हम हुसैनी हैं, चला करते हैं अंगारों पर

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।

ऊंचाहार कस्बे में नौवीं मोहर्रम का जुलूस निकालते अजादार। अमृत विचार

अमृत विचार। कर्बला में हजरत इमाम हुसैन की शहादत के बाद आतंकी फौज द्वारा लगाई गयी आग पर चलकर इमाम हुसैन के कुनबे की महिलाओं, बच्चों व बीमारों ने ऐसा जज्बा दिखाया था कि जल्लाद की भी रूह कांप गयी थी। मंगलवार को नौवीं मुहर्रम को हुई मजलिस में इसी घटना पर चर्चा हुई है।

ऊंचाहार कस्बे में आयोजित मजलिस में हसनैन मुस्तफाबादी ने जैसे ही पढ़ा कि "परचमे हजरते अब्बास को लेकर अतहर, हम हुसैनी है, चला करतें हैं अंगारों पर" मौजूद हजारो की संख्या मे अजदारों मे या हुसैन का नारे गूंजने लगे। उन्होंने कहा कि कर्बला मे कुल 72 लोगों की शहादत के बाद भी आतंकी का जुल्म जारी था। यजीद की सेना ने खेमों में आग लगा दी थी, जलते हुए अंगारे पर इमाम हुसैन के बीमार बेटे जैनुल आबदीन समेत बच्चे महिलाओं ने चलकर शोलों के अंगारो को ठंडा कर दिया था। मजलिस में इसी घटना का जिक्र करते हुए ओवेश नकवी ने हजरत इमाम हुसैन को याद करते हुए पढ़ा कि "क्या जलवा कर्बला मे दिखाया हुसैन ने ,सजदे मे जाके सर कटाया हुसैन ने, नेजे पे सिर था और जुबां पर आयतें, कुरान इस तरह से सुनाया हुसैन ने, दिन भर चली मजलिसों मे कई मौलाओं ने तकरीर की। इस दौरान असरफ हुसैन असद के साथ शानू नकवी, अर्श नकवी आदि ने मातम किया। दिन भर की मजलिस के बाद शाम को शाम को बड़े इमामबाड़े मे आग का मातम हुआ। जिसमे हजारो की संख्या में हिन्दू समुदाय के लोग भी मौजूद थे। कई हिन्दू युवको ने आग का मातम भी किया। श्रवण कुमार गुप्ता की मौजूदगी उल्लेखनीय रही। इस मौके पर शाह आलम, माजू, मसरुर हैदर, कैसर अब्बास, हादी हुसैन, समीर नकवी, राज नकवी, सैफ नकवी, शमशाद हुसैन, हुसैन मेहंदी, इन्तिजार नकवी, अंसर नकवी मंजर नकवी, पिंटू नकवी आदि बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। अंन्जुमन-ए-नकविया के जरनल सेक्रेटरी सुल्तान अब्बास (फिरदौस) आए हुए दूर दराज से मेहमानों का और पुलिस प्रशासन टाउन एरिया ऊंचाहार का शुक्रिया अदा किया। अंत मे ताबूत व जुल्ज़नाह का जुलूस निकला। भारी भीड़ भरे जुलूस मे हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे। यह जुलूस कस्बे के विभिन्न मार्गों से होता हुआ इमाम चौक पहुंचा। जुलूस का सिलसिला पूरी रात चलता रहा। बुधवार को यह जुलूस कर्बला मे खत्म होगा।

उच्च प्राथमिक विद्यालय में दो दिन से बच्चों को नहीं मिला भोजन

जगतपुर, रायबरेली। जगतपुर विकास क्षेत्र के सिंघापुर भटौली ग्राम सभा में संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय में दो दिन से बच्चों को एमडीएम नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बीएसए से की। उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंघापुर भटौली में शासन की मंशा पर ग्राम प्रधान खंड शिक्षा अधिकारी व प्रधानाध्यापक पानी फेर रहे हैं। वहीं दो दिन से एमडीएम नहीं बना, जिसको लेकर दोपहर में बच्चों को अपने घर पर खाना खाना पड़ा। जिसके बाद सिंघापुर भटौली निवासी निर्भय सिंह ने इसकी शिकायत बीएसए व खंड शिक्षा अधिकारी जगतपुर से की लेकिन इसके बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। जबकि बच्चों को प्रतिदिन एमडीएम देना सुनिश्चित है लेकिन इसके बावजूद भी अधिकारी उदासीन बना हुए हैं। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में भी आक्रोश व्याप्त है। इस बाबत जगतपुर खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि लकड़ी की व्यवस्था न होने से एमडीएम नहीं बना, जिसकी वजह से बच्चों को परेशानी हुई है। मामले का निस्तारण कराया जाएगा।

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना

मैं, इशिता, पुत्री श्री पंकज सूद एवं श्रीमती दीपाली सूद, बी –1403, इंदिरा नगर की निवासी हूं। मैने अपने जन्म प्रमाण पत्र के नाम इशिता में परिवर्तन करके इसे इशिता सूद कर दिया है। मैं यह घोषणा करती हूं की आज से मेरे सभी दस्तावेजों और अन्य सभी जगहों पर यही नाम प्रयोग किया जाएगा।

सूचना

सूचित हो कि मै आर्मी न0 15709946M हवलदार राजकुमार सिह वर्तमान में 14W.EU C/o 99 APO में तैनात है मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में पुत्री का नाम माही लिख गया है जबकि पुत्री के शैक्षिक प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में माही सिंह (MAHI SINGH) दर्ज है। मेरे सर्विस रिकार्ड में पुत्री का नाम माही सिंह (MAHI SINGH) DOB 29.08–2015 दर्ज किया जाए। – राज कुमार 14W.EU C/o 99APO

सूचना

सूचित हो कि मैं श्रीमती रिहाना खातून पत्नी अजीमुल्ला, निवासी– ग्राम पठानन पुरवा, मजरा तेलियार, थाना– पढुआ, जिला– खीरी के खोये हुए बैनामो की अंतिम पृष्ठ आवेदन संख्या–202000797008282 विक्रय पत्र दिनांक–4–11–2020 आवेदन संख्या –2019000797004433 विक्रय पत्र– 17–8–2019 के अंतिम पृष्ठ खो गए हैं जिस किसी को भी मिले हो कृपया इस नंबर पर सूचित करने का कष्ट करें। मो0– 9919256630

सूचना

सूचित हो कि मैं ओम प्रकाश सोनी पुत्र राम कृष्ण, निवासी–3/151 विधायकपुरम विनय खण्ड गोमतीनगर लखनऊ का हूँ, मेरे बडे पुत्र व पुत्रवधु नवीन सोनी व पुनीता सोनी के द्वारा किये गये कृत्यों से मैं व मेरी पत्नी क्षुब्द हैं इसलिए उपरोक्त के किये गये कृत्यो से मेरा व मेरी पत्नी का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है।

गुमशुदा की तलाश

सूचित किया जाता है कि श्रीमती केशाना देवी पत्नी राममोहन, निवासी शिवाखेड़ा मजरे कहींजर थाना सरेनी रायबरेली जो दिनांक 24/07/ 2023 को घर से दवा लेने के लिए महारानीगंज निकली व घर वापस नहीं आई, जिनके गुमशुदगी के संबंध में थाना सरेनी रायबरेली में मु.अ. स. 230/23 धारा 364 आईपीसी पंजीकृत है। यदि किसी व्यक्ति को इनके संबंध में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया मोबाइल नंबर 8090084199 पर या 8299004245 पर देने की कृपा करें।

गुमशुदा की तलाश

सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजुला गोस्वामी उर्फ मंजू पत्नी सोनू गोस्वामी निवासी ग्राम गोसाई कुटी, मजरे इब्राहिमपुर, थाना सरेनी, जनपद रायबरेली जो दिनांक 19.09.2020 को घर से बिना किसी को जानकारी दिये निकल गई व घर वापस नहीं आई जिनके गुमशुदी के सम्बन्ध में थाना सरेनी में मुकदमा अपराध संख्या 319/2023 धारा 498ए, 323, 507, 364, आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत है। यदि किसी व्यक्ति को इनके सम्बन्ध में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया मोबाइल नम्बर 8299004245 या 8382841739 पर देने की कृपा करें।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –

7080239313

7570060266

आलमबाग

पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी

परामर्श समय-

सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया

पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस

परामर्श समय-

सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

एक नजर

49 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को पुलिस ने 49 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की, जबकि एक वारंटी और दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

शौच को गए वृद्ध की सर्पदंश से मौत

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार : असंद्रा थाना क्षेत्र में मंगलवार की भोर शौच करने गए वृद्ध की सर्पदंश से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के पारा हाजी गांव निवासी विनोद कुमार पाल (65) भोर के समय खेत में शौच करने गए थे। वहीं किसी विषैले सांप ने उसे काट लिया। जानकारी होने पर जब तक उसका उपचार होता उसकी मौत हो गई। सूचना पर चौकी दिलावलपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गो तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस द्वारा गो तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत हैदरगढ़ पुलिस टीम ने ग्राम सालपुर हैदरगढ़ निवासी सुशील कुमार उर्फ राजा सिंह पुत्र तेजबहीदुर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में उपयोग में लाई गई स्कार्पियो को भी कब्जे में ले लिया। अभियुक्त के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

तस्कर को 7 माह के कठोर कारावास की सजा

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना रामसनेहीघाट पर मादक पदार्थ की तस्करी की घटना के संबंध में दर्ज मुकदमे में अभियुक्त राधेश्याम पुत्र रूदल लोनिया निवासी कांशीराम कॉलोनी आवास विकास थाना कोतवाली नगर को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर आठ द्वारा दोषी करार दिया गया। कोर्ट ने अभियुक्त को 7 माह का कठोर कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बता दें बीते साल 12 दिसंबर को वादी उपनिरीक्षक शशिकान्त सिंह ने ग्राम सनाकापुर से अभियुक्त राधेश्याम के कब्जे से 75 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की थी।

मनचले पर मुकदमा दर्ज

टिकैतनगर, बाराबंकी : अमृत विचार : थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली 18 वर्षीय बालिका रोज की तरह कस्बा स्थित एक निजी विद्यालय से वापस साइकिल से घर लौट रही थी। इतने में पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल सवार तीन मनचलों ने एक सुनसान जगह पर जबरन उसकी साइकिल रोक ली और उससे उसकी सहेली का मोबाइल नंबर मांगने लगे। बालिका ने नंबर देने से इनकार कर दिया। फिर भी वह उसका रास्ता छोड़ने को राजी नहीं हुए। बालिका की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में आपस में भिड़े दो सभासद

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

▸▸ कुश्ती का मैदान बना नगर पंचायत का सभागार

अमृत विचार: नगर पंचायत बोर्ड की बैठक के दौरान नगर पंचायत का सभागार उस समय कुश्ती के मैदान में तब्दील हो गया। जब सदन में रामलीला द्वार का प्रस्ताव रख रहे एक सभासद की दूसरे सभासद से झड़प हो गई।

मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, अधिशासी अधिकारी अशोक खरवार एवं विभिन्न वार्डों के सभासदों की उपस्थिति में दोपहर बाद विकास कार्यों को लेकर बोर्ड की बैठक हो रही थी। बैठक के दौरान ठाकुरद्वारा वार्ड के सभासद महेश नारायण अग्रवाल ने बैठक में लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे से ठठराही वार्ड की सीमा में पड़ने वाले रामलीला मैदान की ओर आई सड़क के मुहाने पर रामलीला स्वागत द्वार द्वारा बनाने का प्रस्ताव रखा। सभासद द्वारा प्रस्ताव रखने की बात कही ही थी कि तभी मौजूद ठठराही वार्ड के सभासद राजू अवस्थी हस्तक्षेप न करने की हिदायत देते हुए खड़े हो गए। इसके बाद दोनों में हाथापाई हो गई।

सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार: लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर नहर कोठी के पास तेज रफ्तार डीसीएम साइकिल सवार को रौंदते हुए पलट गई। हादसे में साइकिल सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। डीसीएम में सवार करीब एक दर्जन भैंसें भी उसमें दब गईं। कुर्सी थाना क्षेत्र के लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर नहर कोठी के निकट एक तेज रफ्तार डीसीएम ने साइकिल सवार को रौंद दिया। हादसे में साइकिल सवार कुर्सी के अब्बास नगर निवासी इदरीस पुत्र रहमान 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद डीसीएम नहर के निकट अनियंत्रित होकर पलट गई।

ब्लॉक में दो बजे के पहले दिखे सफाईकर्मी तो कार्रवाई तय

संवाददाता, सतरिख/बाराबंकी

सख्ती

▸▸ संचारी मुक्त रोग अभियान को लेकर एडीओ पंचायत ने सुनाया फरमान

▸▸ अभियान के तहत विद्यालय पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र एवं गांवों में होनी है सफाई

अमृत विचार: अधिकांश सफाईकर्मी अपने तैनाती गांवों में नहीं पहुंच रहे हैं। जिससे गांवों में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। जिसको लेकर एडीओ पंचायत ने सख्ती दिखाते कहा है कि गांवों में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक न मिलने पर कार्रवाई तय है। उन्होंने सफाईकर्मियों को चेतावनी दी है कि ब्लॉक परिसर में 2 बजे से पूर्व दिखाई न दें।

मौजूदा समय में जिले में संचारी मुक्त रोग अभियान चल रहा है। इसके तहत गांवों में रोस्टर के अनुरूप सरकारी विद्यालय, पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र एवं गांवों के सभी मुख्य मार्ग के अलावा अन्य मार्गों के साथ ही नालियों की साफ-सफाई होनी है। एडीओ पंचायत शम्भू नाथ पाठक ने कहा कि सफाईकर्मचारी अपने-अपने तैनाती गांवों में समय से ड्यूटी करें और गांवों की साफ-सफाई के प्रति गंभीरता से काम करें। जब तक सफाई कर्मचारियों को कोई लिखित आदेश ब्लॉक स्तर एवं जिलेस्तर से न दिया जाए तब तक कोई भी सफाईकर्मी ब्लॉक परिसर में 2 बजे से पूर्व दिखाई न दें यदि अनावश्यक तैनाती स्थल गांव से नदारद होकर कोई सफाईकर्मी ब्लॉक या फिर अपनी ग्राम पंचायत से अलग दिखाई देता है तो विभागीय कार्यवाही की जाएगी। आदेश का सफाईकर्मी कड़ाई से अनुपालन करें।

बताते है कि अधिकांश सफाईकर्मी अपने तैनाती गांवों में नहीं पहुंच रहे है और ब्लॉक में इधर-उधर घूमते रहते हैं। जिससे गांव की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है और वहीं बरसात के चलते नालियां चोक हैं और नालियों से निकलने वाला गंदा पानी रास्तों पर बह रहा है। जिससे गांवों में संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। एडीओ पंचायत शंभू नाथ पाठक ने बताया कि सफाईकर्मी सत्य और निष्ठा से तैनाती स्थल वाले गांवों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देकर काम करें और बिना सूचना के गांव से गायब न हों। अगर कर्मी तैनाती स्थल से कहीं अन्य स्थान पर दिखाई दिए तो उन पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

बीडीए का गठन न एलएमडीए का हिस्सा बना जिला

धरी रह गई सारी कवायद, विकास के पंख लगने का सच ध्वस्त, योजनाओं के सहारे होंगे निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: पहले बाराबंकी विकास प्रधिकरण बनने की कवायद इसके बाद लखनऊ महानगर विकास प्राधिकरण (एलएमडीए) में जिले का कुछ हिस्सा शामिल होने के सपने दिखाए गए थे। कहा गया था कि इससे जिले में हर क्षेत्र में विकास ही विकास होगा। अच्छी सड़कें मिलेंगी। चकाचौंध रोशनी होगी। व्यापार को भी बल मिलेगा, लेकिन यह सब मात्र सपना बनकर ही रह गया है। आज तक न तो बीडीए यानी बाराबंकी विकास प्राधिकरण की कोई प्रक्रिया ही आगे बढ़ी और न ही एलएमडीए में ही जिले के हिस्से को शामिल किया है। ऐसे में जिलेवासियों को मात्र योजनाओं के सहारे की रहना होगा। जैसा होता चला आ रहा है। बजट के आधार पर सड़क, बिजली और पानी की सुविधा मिलेगी और कहा जाएगा कि जिले में विकास की गंगा बही है।

राजधानी से सटे बाराबंकी शहर को पहले लखनऊ विकास प्राधिकरण में शामिल करने को लेकर कवायद हुई थी। फिर बाराबंकी विकास प्राधिकरण बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई लेकिन वह सब कागजों तक सीमित होकर रह गई थी। इसके बाद बाराबंकी विकास प्राधिकरण (बीडीए) के गठन को लेकर करीब एक डेढ़ साल पूर्व तैयारी की गई थी। बीडीए के गठन में बंकी व देवा ब्लॉक के 151 गांवों को शामिल किया गया था। इनमें मोहम्मदपुर, दनियालपुर, सरथरा, भिटौरा, माती, छतेनागढ़ी, नगर, कुम्हरौरा, जसमंडा, गनौरा, बिछलंगा, पलिया मसूदपुर, औरंगाबाद, पारा खंदौली, महुआमऊ, बहादुरपुर, दरहरा, शहाबपुर, सुरसंडा, दुलहीपुर, मंझलेपुर, पाराकुंवर, पाटमऊ, भनौली, जसनवारा, कासिमगंज, पवैयाबाद, सालेहनगर, रीवा, तासपुर, उमरी, देवा, गंगवारा, सिपाहिया, इसमाइलपुर, गोपालपुर, अटवटमऊ, फतेहपुर खतीबहार, सलारपुर, मोहम्मदपुर, बस्ती, टिकरिया, नईमऊ, सैहारा, दौडिहारा, मिंयापुर, जबरीखुर्द, बबुरीगांव, महरौंड, सिदवाही, चंदौली, गौरिया शाहपुर, करौंदा, टिकरा पट्टी, अलीपुर, शेखपुर, भटेहटा, मोहलिया, गौरसादिकपुर, जरहरा, मौथरी और दारापुर समेत 151 गांवों को प्राधिकरण में शामिल किया जाना था।

यहां तक कि प्रशासन ने इसका प्रस्ताव भी बनाकर शासन को भेज था, लेकिन इसके बाद इस संबंध में कोई कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। अब बीडीए का गठन होगा कि नहीं, इसे लेकर तस्वीर साफ नहीं दिख रही है।

> शासन स्तर पर प्रस्ताव विचाराधीन है। इसे लेकर बैठक भी हो चुकी हैं। उम्मीद है जल्द ही प्रस्ताव पर सरकार की हरी झंडी मिल जाएगी।
>
> **-अरुण कुमार सिंह,** डीअपर जिलाधिकारी, बाराबंकी।

शहर में बसी आबादी के बने मकान। अमृत विचार

एलएमडीए से बाहर हो चुका जिला

बीती पांच जुलाई को राजधानी में हुई एलडीए की बैठक में लखनऊ महानगर विकास प्राधिकरण बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। महानगर प्राधिकरण के प्रस्ताव में बाराबंकी जनपद का भी एक तिहाई हिस्सा शामिल था, जिसे शासन के हस्तक्षेप के बाद हटा दिया गया है। इससे तस्वीर साफ हो गई है कि एलएमडीए में जिले के गांवों को जगह नहीं मिलेगी। ऐसे में जिलेवासियों को विभागीय योजनाओं के सहारे ही बजट के आधार पर निर्भर रहना होगा और उसी के हिसाब से विकास कार्य कराए जाएंगे और कहा जाएगा कि जिले में विकास की गंगा बही है।

एससीआर में शामिल 234 गांवों के सपने भी खत्म

आजादी के बाद जिले के विकास और कायाकल्प की सबसे बड़ी पहल हुई थी। छह जिलों को मिलाकर बनाए जा रहे राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) में जिले के 234 गांव भी शामिल करने की कवायद हुई थी। यहां तक कि कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग जाने के बाद एससीआर का गठन होने से डिवाइडर वाली चमचमाती सड़कें, मेट्रो परियोजना, औद्योगिक गलियारा, विभिन्न प्रकार के उद्योगों की सौगात के साथ सुनियोजित विकास होने के सपने दिखाए गए थे। एससीआर में जिले की करीब आठ लाख की आबादी समाहित होने से इसका असर पूरे जिले पर पड़ने की बात कही गई थी। एससीआर में जिले के 234 गांव शामिल करने का प्रस्ताव बनाकर अधिसूचना जारी हुई थी। जिसमें बंकी, देवा, हरख और निंदूरा ब्लाकों के गांव शामिल होने थे। जिनका कुल क्षेत्रफल 57828 .10 हेक्टेयर बताया गया था। कहा गया था एससीआर के गठन से शामिल होने से छह जिलों को मेट्रो ट्रेन व परिवहन की अन्य सुविधाओं से जोड़ा जाएगा और शहर ही नहीं, गांव भी चमचमाती सड़कें, कॉलेज, सामुदायिक केंद्र, पुस्तकालय, ऑडिटोरियम आदि का निर्माण आसानी से हो सकेगा। लखनऊ सीमा पर हो रही अनियमित प्लॉटिंग पर रोक लगेगी और संयोजित विकास का रास्ता साफ होगा।

बालाजी मंदिर जाने वाला मार्ग बदहाल, आवागमन बाधित

बारिश के चलते मंदिर की ओर जाने वाला जर्जर मार्ग। अमृत विचार

संवाददाता, दरियाबाद, बाराबंकी

▸▸ मार्ग पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील, बढ़ गई मुसीबत

अमृत विचार: दरियाबाद विकास खंड के मथुरानगर ग्राम पंचायत के रास्ते पर जेठौती कुर्मियान ग्राम पंचायत में बाला जी का मंदिर स्थित है। लेकिन इस मंदिर को जाने का मार्ग बदहाल है। थोड़ी सी बारिश में यह मार्ग पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो जाता है। बदहाल मार्ग के चलते यहां से गुजरने वाले लोगों की मुसीबत बढ़ गई है।

मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं सहित इस कच्चे मार्ग पर स्थित एक प्राइवेट विद्यालय के बच्चे और ग्राम पंचायत की आबादी के दस घरों के लोगों का आवागमन का यह मार्ग पूरी तरह से बदहाल है। ऐसे में मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं सहित स्कूली बच्चों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हर बार बरसात में लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है लेकिन जिम्मेदार लोगों को हो रही समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है।

वहीं इस संबंध में ग्राम प्रधान अंजुम की तरफ से बताया गया है कि इस मार्ग की कार्य योजना तैयार है। बरसात के बाद मार्ग को दुरुस्त किया जाएगा। उधर, खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया की जांच कर मार्ग को जल्द दुरुस्त किया जाएगा, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके।

सूरतगंज : दूसरे दिन भी नहीं मिली डूबी युवती

संवाददाता, सूरतगंज, बाराबंकी

▸▸ शौच जाने के बाद मिट्टी सहित सरयू नदी में गिरी थी युवती

अमृत विचार: छोटी बहन के साथ में सरयू नदी के किनारे शौच के लिए गई, एक युवती नदी की कटान की जद में आकर तेज बहाव में बह गई थी। बड़ी बहन को नदी में बहता देख मौके पर मौजूद, छोटी बहन घर में पहुंचकर परिजनों को सूचना दी थी। हादसे की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस और तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीएसी टीम के सहयोग से शव तलाशने का सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद युवती का पता नहीं चल सका हैं तो दूसरे दिन भी टीम रेस्क्यू में जुटी हुई है। मोहम्मदपुर खाला थाना के बाबरी मजरे सरसंडा गांव के निवासी रामनरेश मिश्रा की दो बेटियां, बीस वर्षीय अंजनी मिश्रा और 17वर्षीय हिमांशी मिश्रा सोमवार की दोपहर शौच हेतु गांव से थोड़ी दूर घाघरा नदी के किनारे गई थी इस दौरान नदी में हो रही तेज कटान के चलते मिट्टी का हिस्सा नदी में जा गिरा तभी उस पर बैठी अंजनी भी नदी में जा गिरी थी।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

रामनगर, बाराबंकी: अमृत विचार: ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। उसका शव चौकाघाट रेलवे क्रॉसिंग के पास मिला। मृतक युवक बिहार प्रांत का निवासी बताया गया है। सूचना पाकर मौके पर पंहुची रामनगर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि चौकाघाट रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई है। उसका शव ट्रैक पर पड़ा हुआ है ।सूचना पर थाने के एसआई वीरपाल सिंह, सिपाही अजय व शिव बहादुर वर्मा पंहुचे और जानकारी की तो वहां के स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रेन से सुबह युवक गिरा है। जिससे उसकी मौत हुई है। मृतक के पास से कार्ड मिला उसमें इसका नाम मिथिलेश कुमार राय उम्र लगभग 22 वर्ष मुजफ्फरपुर बिहार लिखा था।

सार-संक्षेप

बैंक प्रबंध कमेटी की बैठक से सामूहिक रूप से बनाई दूरी

बाराबंकी, अमृत विचार : डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक प्रबंध कमेटी के सदस्य/संचालकों के द्वारा बैंक सेक्रेटरी को भेजे विभिन्न पत्रों आदि पर लगातार कोई कार्रवाई न करने, बैंक संचालकों को निरंतर अपमानित करने, बैंक के उपाध्यक्ष को फर्जी तौर पर सभापति पदनाम से उल्लिखित करने आदि मुद्दों पर कड़ी आपत्ति और विरोध करते हुए बैंक संचालकों द्वारा बीते 29 जून को प्रबंध कमेटी की बैठक का सामूहिक बायकाट किया गया था। इसके बावजूद संचालकों के सुझावों को दरकिनार करते हुए दोबारा मनमानी, अपमानजनक कार्रवाई करते हुए बैंक सेक्रेटरी द्वारा बैठक आहूत करने के प्रतिरोध स्वरूप एवं बैंक संचालकों द्वारा, उपसभापति के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर जिलाधिकारी द्वारा नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए जाने आदि के कारणों से मंगलवार को हुई बैंक प्रबंध कमेटी की बैठक को बैंक संचालकों द्वारा सामूहिक तौर पर बैठक से दूरी बनाये रखने का निर्णय लिया गया। बैंक संचालकों का यह भी मानना है कि अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तावित होने के उपरांत, अब किसी भी बैठक से पूर्व डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के निर्देशों के क्रम में बैंक उपसभापति के विरुद्ध प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। यह जानकारी बैंक संचालक शिवदेवी ने दी है।

जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार

बाराबंकी, अमृत विचार : ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमन-ए की जिला इकाई के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। मांग की गई कि राज्य में व्याप्त आंतक और दहशत का माहौल है। जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित कि जाये और मुसलमानों, दलितों और गरिबों को झुठे मुकदमे में न फंसाया जाए। राज्य सरकार की बुलडोजर नीति के तहत मुस्लिमानों और दलितों और गरीबों से द्वेष पूर्वक सौतेला व्यवहार न किया जाए। देश और प्रदेश में फैलने वाली नफरत को समाप्त कर धर्म और जाति में नफरत फैलाने वालों पर कार्यवाही की जाए। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव, मुनीर अहमद, फैजून हसन समेत कई लोग मौजूद रहे ।

रोटरी क्लब ने किया पौधरोपण

पौधरोपण करते रोटरी क्लब बाराबंकी के सदस्य। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : रोटी क्लब बाराबंकी ने अपने नए सत्र के कार्यक्रम का प्रारंभ मंगलवार को पौधारोपण से किया। नागेश्वर धाम मंदिर के प्रांगण में रोटरी क्लब बाराबंकी के सदस्यों द्वारा अशोक के पौधे रोपित किए गए। क्लब के पूर्व अध्यक्ष डाक्टर सुधीर वर्मा ने आज के परिवेश में पौधारोपण के बारे में विस्तार से बताया। अध्यक्ष महावीर जैन प्रसाद ने बताया कि रोटरी क्लब बाराबंकी विगत कई वर्षों से पौधा रोपण करता रहा है। सचिव डाक्टर विमल बैसवार ने बताया कि रोटरी क्लब बाराबंकी द्वारा निकट भविष्य में और भी पौधारोपण करने की योजना है। इस अवसर पर नागेश्वर धाम मंदिर के सरोवर मे मछलियों को दाना भी डाला गया। सत्र के प्रथम पौधारोपण में रोटरी क्लब के अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन, सचिव डाक्टर विमल बैसवार, डा. सुधीर वर्मा, गिरीश अरोड़ा, सरदार हरपाल सिंह, राजेश अरोड़ा बब्बू, सुनील वर्मा, कुसुम जैन, रजनी वर्मा व नागेश्वर धाम मंदिर के सचिव जतिन चौधरी, अजय शर्मा, राजेश गुप्ता, शोएब किदवाई, केके तिवारी, केशव शुक्ला, डीपी सिंह, डब्बू, सलीम, पंकज शर्मा, स्वाति रस्तोगी व स्वाति आदि लोग मौजूद थे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : मंगलवार की शाम को जैदपुर बाराबंकी मार्ग पर ग्राम बरायन चौराहा के पास शाम सात बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से क्षेत्र के ग्राम सेवकी पुरवा मजरे कोला निवासी विजय कुमार पुत्र सर्वजीत 50 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। जहां पर मौजूद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बाइक से जैदपुर किसी काम से आये थे और वापस घर जा रहे थे। मृतक की सूचना पुलिस को दी गई। घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है।

खराब बिजली आपूर्ति के चलते फुंके उपकरण

संवाददाता, त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

▸▸ उपभोक्ताओं ने की बिजली सप्लाई सही कराए जाने की मांग

अमृत विचार: विद्युत उप खंड हैदरगढ़ के मंझार फीडर की विद्युत आपूर्ति की तीव्रता कम-ज्यादा होने से सोमवार रात चार गांवों में नौ लोगों के उपकरण जल गए। ग्रामीणों ने बताया एक सप्ताह से यहीं हो रहा है।

मंझार फीडर से बिजली मिलने वाले गांव रौनी,तेजवापुर, बुढ़नापुर, जलालपुर के ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह से बिजली की सप्लाई खराब चल रही है। सोमवार की रात इसी समस्या के चलते रौनी के बालकरन, शारदा, शिव मोहन, शैलेन्द्र और कुशमेश का पंखा जल गया। वहीं तेजवापुर के संजय वर्मा की एलसीडी, खेत में लगा सबमर्सिबल पंप, जलालपुर के श्रवण कुमार, बुढ़ना पुर के रोहित के पंखे जल गए। इसी तरह विश्वनाथ का इन्वर्टर व पंखा भी जल गया। बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली सप्लाई सही कराए जाने की मांग की है। साथ ही लोगों ने कहा कि बिजली कटौती भी अत्यधिक जारी है।

संक्रामक बीमारी से सजग रहने की दें सलाह

संवाददाता, सूरतगंज, बाराबंकी

अमृत विचार: अयोध्या मंडल के अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डा. सुशील प्रकाश ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अवधेश कुमार यादव के साथ मंगलवार को बाढ़ राहत शिविर केन्द्र हेतमापुर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी देकर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराएं जाने के निर्देश दिए।

स्वास्थ विभाग की ओर से सूरतगंज ब्लॉक के हेतमापुर तटबंध में लगे बाढ़ शिविर में पहुंचे डा. सुशील प्रकाश ने सीएचसी अधीक्षक डा. कुमार संजय पाण्डेय से आए हुए मरीजों की जानकारी हासिल की। जिसपर उन्होंने बताया कि अभी तक करीब पांच सौ लोग दवा ले जा चुके हैं। डा. सुशील प्रकाश ने कहा कि बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में जाकर वहां के लोगों को संक्रामक बीमारी से सजग रहने के लिए प्रेरित करें, क्योंकि जिस स्थान के अगल-बगल बाढ़ का पानी रुक गया था, वहां संक्रामक बीमारी का खतरा बढ़ गया है। इसलिए यहां के लोगों को मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करने के लिए जानकारी दें। उन्होंने गांव में फॉगिंग कराये जाने के आदेश दिए। इस मौके पर सीएचसी सूरतगंज का स्टाफ मौजूद रहा।

दिशा-निर्देश देते अपर निदेशक चिकित्सा डॉ. सुशील प्रकाश। अमृत विचार

पीएचसी महादेवा का भी किया निरीक्षण

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : अयोध्या मंडल के अपर निदेशक चिकित्सा डा सुशील प्रकाश ने मंगलवार को सीएमओ के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महादेवा का निरीक्षण किया। सावनी मेले के मद्देनजर सभी व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय पर प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित पूरा स्टॉफ मौजूद रहा। अपर निदेशक ने आगामी महादेवा मेला के दृष्टिगत रखते हुए जरूरी निर्देश दिए।

पौधों का मानव जीवन में है बहुत महत्व

रामसनेहीघाट बाराबंकी : साधन सहकारी समिति महाराजगंज में एक पेड़ मां के नाम पर पीपल, बड़, नीम, शहतूत और अर्जुन समेत विभिन्न प्रकार के 104 पौधे किसानों को वितरण कर समिति में भी पौधरोपण किया गया। इस मौके पर सचिव अमर सिंह यादव और समाज सेवी दिनेश तिवारी ने पौधरोपण किया।

दिनेश तिवारी ने कहा-पौधों का मानव जीवन में बहुत महत्व है। पौधों के बिना हमारा जीवन अधूरा है। पर्यावरण को स्वच्छ रखने में पेड़-पौधे अपना अहम योगदान निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए पौधे जरूरी हैं। स्वच्छ वातावरण में ही व्यक्ति स्वच्छ रह सकता है। इसलिए बीमारियों से बचाव के लिए भी अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए।

आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. समीर पांडेय ने किसानों को किया जागरूक

धान की 26 प्रजातियों के बारे में दी गई जानकारी

संवाददाता, हैदरगढ़/बाराबंकी

अमृत विचार: आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा हैदरगढ़ में संचालित कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि फार्म पर धान की 26 प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. समीर पांडेय ने धान को खरीफ की मुख्य फसल बताते हुए कहा कि जलवायु एवं विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल वैज्ञानिकों के शोध के बाद प्रजातियां विकसित की जाती हैं। जिनके बीज राजकीय बीज भंडारों, कृषि संस्थाओं, कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से किसानों को समय से बीज उपलब्ध कराए जाते हैं।

कृषि फार्म पर हो रही धान की अलग-अलग धान प्रजातियों की रोपाई। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि केंद्र के प्रक्षेत्र पर क्रॉप कैफेटेरिया में पारंपरिक, नई एवं पुरानी धान की 26 प्रजातियों का प्रदर्शन करवाया जा रहा है। जिसमें नरेंद्र धान 9930 111, 2065, 2064, 30- 11, 359, 97, दामिनी, बादशाह पसंद, बजरंगी गोल्ड, सांभा सब-1, सियाट्स-4, बीपीटी 5204, कृष्ण भोग, एपी- 108, एसआर 4411, एसआर 7700, एन-12, ननचुनिया बादशाह, पीएम 100, जय श्रीराम, गंगा कावेरी, 828, 4611, 551, काला नमक, सांभा आदि शामिल हैं। जो 90 से 100 दिन व 135 से 145 दिन में पककर तैयार हो जाती हैं। जो कम पानी व कम समय, ज्यादा पानी व ज्यादा समय और कम,मध्य व उच्च पैदावार व ऊंचाई वाली प्रजातियों का चयन कर प्रदर्शन के माध्यम से किसानों को जागरूक एवं उन प्रजातियों के विभिन्न पहलुओं का आकलन कर किसानों को बताया जाता है कि कौन सी प्रजाति इस क्षेत्र के लिए उपयोगी है।

पौधों की बारात निकाल किया पौधरोपण

सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार : पर्यावरण प्रहरी टीम के द्वारा मंगलवार को पौधों की बारात निकाली गई। इसके बाद कई स्थानों पर टीम के द्वारा पौधारोपण किया गया। टीम द्वारा अन्य लोगों से पौधारोपण करने का संकल्प लिया गया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। सतरिख नगर पंचायत के कार्यालय के सभागार में टीम पर्यावरण प्रहरी द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए झोला मैन नाम से मशहूर अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि धरती हमारी मां है और यदि हम पेड़ों को काटते रहे और प्लॉस्टिक का प्रयोग करते रहे, नदियों और तालाबों को गंदा करते रहे तो हमारी धरती मां कमजोर होगी। इस दौरान नगर पंचायत सतरिख के अध्यक्ष रेहान कामिल के नेतृत्व में टीम पर्यावरण प्रहरी के धर्मेंद्र शुक्ला, टीआरसी कॉलेज के प्रबंधक रंजन मिश्रा, डिप्टी रेंजर वीर भगत यादव, वन दरोगा सचिन पटेल, अतुल दुबे, सुनीत अवस्थी, विनय यादव, हरिओम शुक्ला, राजकिशोर मिश्रा, राम लल्लन, रमाशंकर कनौजिया, मोहम्मद आफाक, मो वैस, मोहम्मद असगर, मोहम्मद अशफाक और असगर अली ने पौधों की बारात निकली और बारात कार्यालय के सभागार से टीआरसी कॉलेज जाने वाली सड़क तक आई।

एक नजर

युवक के नदी में छलांग लगाने की आशंका

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : अपने ननिहाल में रह रहा युवक सरयू नदी के पुल से अचानक लापता हो गया। पुल के ऊपर उसकी बाइक एवं मोबाइल फोन मिलने से युवक के नदी में छलांग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। इंस्पेक्टर रत्नेश कुमार पांडेय ने बताया कि सुनील शर्मा पुत्र गोविंद बड़नपुर के फिरोजपुर में अपने नाना लक्ष्मी नरायण के यहां बचपन से रहता था। चाऊमीन बर्गर का ठेला लगाता था। मंगलवार की शाम घाघरा पुल पर उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन व कपड़े रक्खे पाए गए। जिससे प्रतीत हो रहा है कि युवक घाघरा नदी में कूद गया है।

सड़क हादसे में एक भट्ठा मजदूर गंभीर घायल

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर मंगलवार की देर शाम थाना लोनीकटरा क्षेत्र में हुई सड़क हादसे में एक भट्ठा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के छबील चौराहे के निकट स्थित भित्ती का पुरवा मोड़ के निकट देर शाम अज्ञात वाहन ने नालंदा बिहार के थाना सिलाव के गांव सांडीमऊ निवासी सुनील पुत्र कारू को टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर को 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज में भर्ती कराया गया है।

युवकों ने मोर को बचाया

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : कस्बा के ठठराही वार्ड स्थित एक विद्यालय परिसर में मंगलवार की दोपहर एक मोर को कुत्ते नोच रहे थे। इसी समय वहां पहुंचे शिवकरन यादव व रंजीत मोर को बचाकर पशु चिकित्सालय ले गए। यहां इलाज के बाद मोर को वन क्षेत्राधिकारी आरके तिवारी को सौंप दिया गया। युवकों की इस मानवीय पहल की लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।

बैंक कर्मी को दी गई विदाई

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : कस्बा सुबेहा स्थित आर्यावर्त बैंक में कार्यालय सहायक के पद पर तैनात रहे संजय सचान का स्थानांतरण होने पर मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बैंक कर्मियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा संजय सचान को फूल माला पहनाकर नम आंखों से विदाई दी गई। सभासद रिजवान खां ने संजय सचान को फूल माला पहनाकर सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में ईमानदारी के साथ ग्राहकों को जो सुविधाये प्रदान की हैं। हमेशा उनकी याद दिलाती रहेगी। इस मौके पर पूर्व प्रधान धरानाथ उपाध्याय, अतुल कुमार सिंह और रामराज सहित बैंक के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

युवती को ब्लैकमेल कर शादी तोड़वाने का आरोप

रामसनेहीघाट/बाराबंकी, अमृत विचार : युवती ने एक युवक पर डरा-धमका कर साथ फोटो खिंचवा कर ब्लैकमेल कर शादी तोड़वाने का आरोप लगाया है। उसने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच कर रही है। मामला कोतवाली रामसनेहीघाट का है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह स्नातक की छात्रा है और कोटवा सड़क गांव में उसकी एक सहपाठी छात्रा से दोस्ती हो गई और उसका घर आना जाना हो गया। युवती का आरोप है कि उसकी सहेली के भाई ने मंदिर में डरा-धमका कर उसके साथ फोटो खींच ली और उसके बाद लगातार उसे डराता धमकता रहा। इतना ही नहीं युवती का युवक सुंदरम पाठक पुत्र जय शंकर पाठक कोटवा सड़क निवासी पर आरोप है कि उसकी शादी तय हो चुकी थी। सुंदरम ने उसके ससुराल फोटो भेज कर उसकी शादी तुड़वा दी और बाजार में उसके पिता को धमकी दी।

मोहर्रम आज, प्रशासन ने किए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

देर रात चौक पर रखी गईं ताजिया, कमेटियों ने मौजूद रहकर चौकों को लाइट और फूलों से सजाया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच जनपद में मोहर्रम बुधवार को मनाया जाएगा। इसे लेकर सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं। वहीं एक दिन पहले मंगलवार की रात चौक पर ताजियों को रखकर कमेटियों ने रातभर वहां मौजूद रहकर चौकों को लाइट और फूलों से सजाया।

सुरक्षा के बंदोबस्त का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

जिला में मोहर्रम के दिन कई स्थानों पर ताजिए के जुलूस प्रतिवर्ष निकाले जाते रहे हैं। शहर समेत फतेहपुर, रामनगर, सिरौलीगौसपुर, हैदरगढ़, रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्रों में अंजुमन कमेटियों द्वारा ताजियों का जुलूस निकाला जाता है। आज मोहर्रम को लेकर शहर में कटरा से बेगमगंज कर्बला तक जुलूस निकलेगा। सुरक्षा को लेकर व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। ड्रोन से निगरानी भी कराई जा रही है। इसी के साथ ही मसौली क्षेत्र के सहादतगंज अनूपगंज भी बड़े पैमाने पर हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग जुलूस में शामिल होते हैं। इस दौरान ताजियादारों द्वारा मातम भी मनाया जाता है। शहर में जुलूस निकलने को लेकर मार्केट बंद रही। जगह-जगह सबील लगाकर लोग शर्बत आदि का वितरण भी करेंगे। वहीं मंगलवार की रात जिले भर में विभिन्न चौकों पर ताजिए रखकर मुस्लिम भाइयों ने इमाम हुसैन के सहादत को याद किया। इस दौरान चौक के आसपास पुलिस कर्मियों की मुस्तैदी भी रही। शाम को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। डीएम व एसपी पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली नगर व मसौली के अंतर्गत कर्बला एवं ताजिया जुलूस मार्गों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अकीदत से निकला जुलूस, मुस्तैद रही पुलिस

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : मोहर्रम की नवी तारीख को कस्बा सआदतगंज अनूपगंज में अलम का जुलुस परम्परागत एवं अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस के दौरान शांति बनाये रखने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक द्वारा ड्रोन कैमरों से निगरानी और वीडियो ग्राफी कराई गई। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद(सल.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (रजि.) एवं उनके 72 साथियों की कर्बला के मैदान में हुई शहादत की याद में प्रति वर्ष मनाए जाने वाले मोहर्रम का चांद निकलते ही हुसैन के अकीदतमंद शोक में डूब जाते हैं। कर्बला के मैदान में नवीं मोहर्रम को कर्बला में शहीद हुए दीन इस्लाम के रहबरों की शहादत की याद में अलम का जुलुस निकाला जाता है। मंगलवार को कस्बा सआदतगंज, अनुपगंज में हजरत इमाम हुसैन (रजि.) की शहादत ओर उनके 72साथियों की याद में अलम का जुलुस मोहरमी ढोल एवं तासे के साथ निर्धारित मार्गों से अकीदत के साथ निकाला गया।

चोरों ने कई घरों से लाखों के सामान पर साफ किया हाथ

संवाददाता, सूरतगंज, बाराबंकी

अमृत विचार: मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने लाखों का सामान पार कर दिया। एक ही रात में चोरों ने दो स्थानों पर धावा बोलकर हजारों की नकदी, जेवरात और मेंथा आयल सहित लाखों का सामान चोरी कर ले गए। सुबह जानकारी होने पर पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं में ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

थाना क्षेत्र की छेदा चौकी अंतर्गत टपरा मजरे बिंदौरा घरथरिया निवासी सरवन कुमार के मुताबिक बीती रात वह खाना खाकर पत्नी और बच्चों के साथ घर के बाहर पड़े टीन शेड में सो रहे थे। तभी पड़ोसी कमलेश कुमार के घर से चिल्लाने की आवाज आई। जब मौके पर जाकर देखा तो कमलेश के घर अज्ञात चोर पीछे से छत पर चढ़कर कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर 40 हजार नकदी, जेवरात और करीब 9 लीटर मेंथा ऑयल चोरी कर ले गए। वापस घर आया तो देखा मेरे भी घर में पीछे टटिया तोड़कर दाखिल हुए चोरों ने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, करीब 20 लीटर मेंथा आयल, दो मोबाइल फोन और 10 हजार रुपए नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ितों घटना की जानकारी पुलिस को कार्रवाई की मांग की है।

वहीं इसी थाना क्षेत्र की बेलहरा चौकी अंतर्गत ग्राम घघसी में चोरों ने चार घरों को निशाना बनाया। चोर सोहनलाल के घर से मोबाइल फोन और पायल ले उड़े, तो हुकुमचंद के घर 3500 की नकदी और एक मोबाइल पर हाथ साफ किया, जबकि पड़ोसी राजाराम के घर से तीन जोड़ी पायल और एक मोबाइल चोरी हुआ। वहीं राजेश के घर से दो मोबाइल फोन चोर ले गए, लेकिन किसी को चोरी की भनक तक नहीं लगी। जब सुबह कमरे के ताले टूटे मिले तो परिजनों को जानकारी हुई। धीरे-धीरे खबर गांव में फैली तो पता चला कि गांव में एक ही रात में चार घरों में चोरों ने तांडव मचाया है।

सादुल्लापुर गांव में करंट लगने से दो युवक घायल

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार: ट्रैक्टर से इंजन ले जाते समय ढीले विद्युत तारों की चपेट में आकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक लोनीकटरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरी सादुल्लापुर गांव निवासी रामप्रताप सिंह पुत्र रामचन्द्र सिंह व अलंकृत सिह पुत्र शिव सिंह मंगलवार की शाम खेत में लगे धान की फसल में पानी लगाने के लिए ट्रैक्टर में पपिंग सेट बांधकर ले जा रहे थे। तभी हाईटेंशन लाइन के लटके विद्युत प्रवाहित तार के इंजन से स्पर्श हो जाने से ट्रैक्टर में उतरे करंट से उस पर सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में घायल दोनो युवकों को इलाज के लिये सीएचसी त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया। जहां पर इलाज चल रहा है।

वहीं लोनीकटरा थाना क्षेत्र के सादुल्लापुर गांव में मंगलवार शाम करीब छह बजे हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आकर दो युवक घायल हो गए। गांव निवासी रामप्रताप सिंह (40) अपने भतीजे अलंकृत सिंह (20) के साथ ट्रैक्टर से इंजन लेकर खेत की सिंचाई करने जा रहे थे। जहां रास्ते मे नीचे लटक रही एचटी लाइन की चपेट मे आ कर बुरी तरह झुलस गए। परिजनों ने दोनों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया।

कहीं कटा केक तो कहीं लोगों को जागरूक कर मनाया गया सीएससी दिवस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार: जिले में मंगलवार को धूमधाम से सीएससी दिवस मनाया गया। इस मौके पर कहीं केक काटा गया तो कहीं लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताकर जागरूक किया गया।

जिले के सभी तहसील, ब्लॉक व गावों में संचालित सीएससी केंद्रों पर सीएससी दिवस मनाया गया। इसके तहत हरख ब्लॉक के केन्द्र संचालक प्रवेश कुमार के सीएससी केंद्र को सजाया गया। केंद्र पर केक काटा गया। इस अवसर पर केंद्र संचालक प्रवेश कुमार, सीएससी जिला इकाई के प्रबंधक रवि वर्मा, आरके गुप्ता, समन्वयक शैलेंद्र कुमार मिश्रा सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा कोठी, असंद्रा, जैदपुर के सीएससी संचालक अरविंद कुमार, संजय तिवारी, हिमांशु चौरसिया, रंजीत कुमार, राहुल, अजय कुमार के सीएससी केंद्रों पर लोगों को जनधन योजना, आयुष्मान, टैली लॉ, कृषि बीमा आदि के बारे में विस्तार से बताकर लोगों को जागरुक किया गया।

सीएससी दिवस के दौरान के केक काटने जाते लोग। अमृत विचार

सार-संक्षेप

सहायक भविष्य निधि आयुक्त बने सौरभ

रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार : रामसनेहीघाट क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी सौरभ चतुर्वेदी ने यूपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में सहायक भविष्य निधि आयुक्त (एपीएफसी) पद पर चयनित होकर परिवार का नाम रोशन किया। सौरभ ने पूरे देश मे पांचवी रैंक हासिल की। सौरभ की इस सफलता से घर परिवार के साथ ही गांव क्षेत्र के लोग भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सौरभ चतुर्वेदी ने अपने पहले ही प्रयास में असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर बने हैं। इनके पिता अखिलेश चतुर्वेदी परिवहन विभाग में कार्यरत हैं। सौरभ ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा नोएडा से हाईस्कूल व 12वीं दिल्ली स्थित एमिटी इंटरनेट स्कूल साकेत से पास की। इसके बाद बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा रांची से 2013 में बीटेक किया। इसके बाद उन्होंने ओरेकल कंपनी में एक वर्ष सॉफ्टवेयर डेवलपर की नौकरी भी की।

जमीन खरीद फरोख्त मामले में विवाद

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : रामसनेहीघाट इलाके में जमीन खरीद फरोख्त मामले में पैसे के लेनदेन का विवाद सामने आया है। टिकैतनगर इलाके के रहने वाले मोहम्मद नूरवाक ने अयोध्या जनपद के मवई इलाके के रहने वाले राजेंद्र कुमार यादव पुत्र मथुरा प्रसाद पर जमीन दिलाने के नाम पर 8 लाख 55 हजार किस्तों में प्रार्थी से प्लाट दिलाने के नाम पर ले लिए। लेकिन बाद में प्रार्थी को कोई भी प्लाट नहीं मिला। जिसके बाद पीड़ित नूरवाक ने विपक्षियों से पैसे वापस करने की मांग की तो राजेंद्र द्वारा प्लाट दिलाने के लिए और बड़ी रकम मांगी गई। जिस पर प्रार्थी ने कहा कि उसके पास और पैसे नहीं। उसे प्लांट भी नहीं चाहिए। उसका पैसा वापस किया जाए। इसके बाद विपक्षी राजेंद्र कुमार यादव आदि ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और उसका पैसा भी नहीं वापस किया। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी दबंग प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं। जिसके चलते कभी भी उसके साथ अप्रिय घटना हो सकती है। इसी बात को लेकर प्रार्थी ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की मांग की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

जिलाध्यक्ष ने मरीजों को बांटे फल और बिस्किट

मरीजों को फल बांटते पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला अस्पताल में मंगलवार को आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार और उनकी टीम ने इमरजेंसी, जनरल सहित कई वार्डों में जाकर मरीजों व जरुरतमंदों को फल, बिस्किट व पानी की बोतल बांटी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि गरीब असहाय व जरूरतमंदों की सेवा करना ही मानव धर्म है। इस मौके पर वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. राजेश कुशवाहा, अयोध्या मंडल उपाध्यक्ष मोहम्मद शेर खान, शिवबरन सिंह, हरिनंदन सिंह, वसी हैदर और अजय सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

इंटरलॉकिंग क्षतिग्रस्त, जलभराव

कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार : सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र के लाखूपुर गांव में प्रधान सरस्वती देवी व सचिव संजय चौधरी द्वारा छह माह पहले पंचायत निधि से बैसनपुरवा गांव में भुइहारे बाबा देवस्थान से मुख्य मार्ग तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कराया गया। लेकिन क्षतिग्रस्त नाली गंदा पानी जमीन में धसी इंटरलॉकिंग पर जलभराव है। वहीं गांव के ही जाहिर के घर से यूनूस घर तक पुरानी नाली सफाई अभाव में लोगों के घरों का गंदा पानी सड़क पर बहता है। यहां से अवागमन में दिक्कत है। सचिव संजय चौधरी का कहना है कि सूचना मिली है। नाली की सफाई करा दी जाएगी। कृषि यंत्र, ट्रैक्टर-ट्राली आवागमन से इंटरलॉकिंग धंसी है। उसे भी ठीक करा दिया जाएगा।

सचिव और प्रधानपति के दर्ज हुए बयान

संवाददाता, सतरिख/बाराबंकी

पंचायत भवन निर्माण के मामले में अनियमितता का था आरोप

अमृत विचार: पंचायत भवन निर्माण कार्य में की गई अनियमितता की जांच तेज हुई है। श्रमिकों व राजगीरों ने पंचायत सचिव तथा प्रधान पति के साथ डीडीओ कार्यालय में अपने बयान दर्ज करा दिए हैं।

विकास खंड हरख की ग्राम पंचायत टिकराघाट में पंचायत भवन निर्माण कार्य के लिए 13 लाख 40 हजार रुपये की स्वीकृति मिली थी। मनरेगा तथा केंद्रीय एवं राज्य वित्त मद की धनराशि से पंचायत भवन का निर्माण होना था। पंचायत सचिव तथा प्रधान ने मिलकर एक कार्य दो बार भुगतान करा लिया। लेकिन कार्य करने वाले श्रमिकों तथा राजगीरों को उनकी मजदूरी नहीं दी गई। जिन लोगों ने ईट तथा अन्य सामग्री दी थी उन्हे भी भुगतान नहीं किया गया। राजगीर संदीप कुमार,तथा उमेश के अलावा ईंट तथा अन्य सामग्री आपूर्ति करने वाले लोगों ने जिलाधिकारी से शपथ पूर्वक शिकायत कर आरोप लगाया था कि पंचायत सचिव और प्रधान ने पंचायत भवन के निर्माण कार्य में अनियमितता की हैं। डीएम के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार ने इसकी जांच शुरु की है।

वहीं राजगीर संदीप कुमार व उमेश का कहना है कि पंचायत सचिव अटल बिहारी मिश्रा तथा प्रधान प्रीति यादव के पति अखिलेश कुमार के साथ डीडीओ कार्यालय में बयान दर्ज हुए हैं। डीडीओ भूषण कुमार ने बताया है कि सभी लोगों को बयान दर्ज हो चुके हैं, जांच में बयान सम्मिलित किया जा रहे हैं। उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

फोटोग्राफर एसोसिएशन की नई टीम का हुआ गठन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: बाराबंकी फोटोग्राफर एसोसिएशन की बैठक मंगलवार को संरक्षक दिलीप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में राजकमल रोड पर स्थित एक स्टूडियो पर संपन्न हुई। बैठक में 2024 के संगठन चुनाव पर चर्चा हुई। इसके बाद उपस्थित फोटोग्राफर साथियों ने दोबारा एक बार अध्यक्ष पद पर अखिल जायसवाल और महामंत्री पद पर चमन भारती पर विश्वास व्यक्त किया। साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा, उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष विमलेश बाजपेई, मंत्री हिमांशु मिश्रा, संगठन मंत्री दिलीप कुमार, मीडिया प्रभारी प्रशांत कुमार, संगठन प्रभारी राजन सोनी, प्रचार मंत्री नारायण सोनी और सदस्य के रूप में करन जायसवाल, अशोक कुमार, रोहित वर्मा, राजेश सिंह और संगठन के वरिष्ठ सलाहकार रजनीकांत सिंह, अतुल को चुना गया। चुने गए सभी पदाधिकारियों को संरक्षक बसंत लाल जायसवाल, राजेंद्र वर्मा, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, गिरीश अरोड़ा व धर्मेंद्र पटेल ने बधाई दी।

दुराचार का आरोप मुकदमा दर्ज

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने केस दर्ज कराया है कि वो अपने बरामदे में लेटी थी रात लगभग 12 बजे गांव के रामकेवल मौर्य ने उसके पास आकर जबरन दुष्कर्म किया तथा किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

अच्छे संस्कार नई पीढ़ी के बीच बनते हैं सामंजस्य की कड़ी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार: शहर के चित्रगुप्त नगर स्थित एक आवास पर शांतिपुरम सेवा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सुरेश चंद्र बैसवार ने डॉ. नन्हे सिंह प्राचार्य के संचालन में की। समिति के संयोजक डॉ. वीरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा-हमें दूसरों के साथ वही आचरण करना चाहिए जो अपने लिए दूसरों से अपेक्षा करते हैं। वहीं सुरेश चंद्र बैसवार ने कहा कि अच्छे संस्कार ही हमारे एवं हमारी नई पीढ़ी के बीच की कड़ी बनकर आपसी सामंजस्य स्थापित करते हैं।

शांतिपुरम सेवा समिति की बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

बैठक में डॉ. बलराम वर्मा ने कहा कि हमें बाहरी प्रदूषण के साथ-साथ पारिवारिक प्रदूषण से भी बचकर रहने की आवश्यकता है। ग्रीन गैंग के अध्यक्ष प्रदीप सारंग ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने में वृक्षों का विशेष महत्व है। व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने हास्य व्यंग्य की कविताएं सुनाते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधरोपण करने का अनुरोध किया। डॉ. राम सुरेश, सत्रोहन लाल, रज्जन लाल, राम शंकर द्वारा लोक कथाएं एवं संस्मरण प्रस्तुत किए गए। वहीं नवमी लाल यादव, नींबू लाल गुप्ता, केके शर्मा, अरविंद मिश्र, कुलदीप श्रीवास्तव, योगेंद्र प्रसाद, रविंद्र यादव द्वारा भजन एवं कविताएं प्रस्तुत की गई।

निरीक्षण शिवनाम ग्राम पंचायत में कराए गए अधूरे विकास कार्यों को जल्द पूरा कराने का दिया निर्देश

डीपीआरओ ने विकास कार्यों की धीमी गति पर जताई नाराजगी

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार: बाराबंकी जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश भोंडेले ने मंगलवार को विकास खंड त्रिवेदीगंज की शिवनाम ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया और विकास कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए तत्काल गति बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ ने तालाब के किनारे अमरूद का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मंगलवार की दोपहर गांव पहुंचे डीपीआरओ ने सबसे पहले सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सामुदायिक शौचालय जर्जर अवस्था में मिला। जिस पर मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए इसके बाद उन्होंने संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत गांव में बने आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र का संचालन बंद पाया गया। यही नहीं केंद्र के कई काम अधूरे पड़े नजर आए।

पौधरोपण करते डीपीआरओ नितेश भोंडेले। अमृत विचार

जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी और पेयजल पाइपलाइन के निरीक्षण में काम बंद मिला। वहीं विद्यालय परिसर में कायाकल्प के तहत कराए गए कार्यों के निरीक्षण में सब कुछ दुरुस्त पाया गया। जब इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश भोंडेले से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान आरआरसी सेंटर का संचालन बंद पाया गया है। यहां पर कुछ काम अधूरे भी पड़े हैं। जिनके लिए पंचायत सचिव को तीन दिन के अंदर काम पूरे कराकर संचालन शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। यही नहीं शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन परियोजना का काम काफी धीमी गति से चल रहा है। वर्तमान समय में काम बंद पड़ा हुआ है, जबकि शासन की मंशा है कि समय से परियोजना को पूर्ण कराकर ग्रामीणों को टोटियों के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण की रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी।

विवाद के चलते हटाया गया सुपरवाइजर

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : बीते शुक्रवार को रामसनेहीघाट में नगर पंचायत बोर्ड की तीसरी बैठक विवादों के कारण स्थगित हो गई थी। जिसका एक कारण यह भी था कि एक सुपरवाइजर के व्यवहार को लेकर सभासदों में भारी आक्रोश था। सुपरवाइजर सरयू प्रसाद तिवारी को हटाने की मांग पर 14 सभासद और नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव आमने सामने हो गए थे। उसी गुस्से में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव सदन छोड़कर यह कहते हुए चले गए कि उक्त सुपरवाइजर नहीं हटाया जाएगा। लेकिन आखिरकार मंगलवार को उसे हटा दिया गया। अधिशासी अधिकारी धीरज सिंह ने बताया कि मंगलवार को सरयू प्रसाद तिवारी को नगर पंचायत के सफाई कर्मी सुपरवाइजर पद से तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया है।

पेयजल समस्या को लेकर कार्यशाला का आयोजन

रामनगर, बाराबंकी: अमृत विचार: ब्लॉक सभागार रामनगर में मंगलवार को राज्य पेयजल एवं स्वछता मिशन नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के द्वारा ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला आयोजन किया गया। उसके बाद खंड विकास अधिकारी मोनिका पाठक के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता टीमों को राजस्व गांवों के लिए रवाना किया गया। कार्यशाला में संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी नंद कुमार पाण्डेय, एडीओ पंचायत अभय कुमार शुक्ला की मौजूदगी में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यशाला, नुक्कड़ नाटक, स्वछता मेला, पेयजल बैठक, वाल राइटिंग, स्वस्थ एवं कल्याण समिति की बैठक, आंगनवाड़ी केंद्र पर पेयजल बैठक, विद्यालय कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए जागरूक करना है।

बोरिंग टेक्नीशियन पर किसानों का पैसा हजम करने का आरोप

संवाददाता, दरियाबाद, बाराबंकी

किसान मजदूर संयुक्त यूनियन ने तैनाती पर उठाए सवाल

अमृत विचार: भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन (अराजनीतिक) के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शुक्ला ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बोरिंग टेक्नीशियन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

जिलाध्यक्ष का आरोप है कि लघु सिंचाई विभाग के बोरिंग टेक्नीशियन करीब नौ वर्षों से ब्लॉक में तैनात हैं। बोरिंग टेक्नीशियन के द्वारा किसानों की बोरिंगों का पैसा हजम किया गया है। यहां तक कि जिन किसानों को पाइप दिया गया था, उनसे पांच सौ से एक हजार रुपये तक सुविधा शुल्क लिया गया, लेकिन बोरिंग नहीं कराई गई। बोरिंग का सरकारी पैसा टेक्नीशियन द्वारा हजम किया गया है। कुछ किसानों को बोरिंग में लगने वाली वॉल तक नहीं दी गई हैं और न बोरिंग कराई गई है। कृष्ण कुमार शुक्ला ने बोरिंग टेक्नीशियन के कार्यकाल की पूरी जांच की मांग की। जांच के दौरान संगठन के 11 सदस्यों को साथ में रखा जाए। उन्होंने कहा कि यदि एक हफ्ते के अंदर जांच नहीं कराई गई तो संगठन कोई बड़ा फैसला लेगा और जिसकी सारी जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी दरियाबाद की होगी।

वहीं इस मामले में संदीप कुमार श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी ने बताया कि जो भी आरोप लगे हैं उनकी जांच की जाएगी। बोरिंग टेक्नीशियन कब से यहां तैनात हैं, इसकी जानकारी नहीं है।

आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने की संभावना है।

35.0⁰	28.5⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान

एक नजर

बालक कुश्ती प्रतियोगिता हुई स्थगित

अयोध्या कार्यालय। आज बुधवार को होने वाली जनपदीय विद्यालयीय अंडर-14, 17 व अंडर-19 बालक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। जिला क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के संयोजन का दायित्व महाराजा इंटर कॉलेज को सौंपा गया था। संयोजक विद्यालय के अनुरोध पर प्रतियोगिता स्थगित कर दी गई। अब इसके आयोजन की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

सर्वर डाउन, पर्चा बनवाने में छूटे पसीने

अयोध्या। जिला अस्पताल में मंगलवार को पर्चा काउंटर पर सर्वर काफी धीमा चल रहा था। नए भवन में ओपीडी के लिए पर्चा बनवाने पहुंचे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सर्वर रुक-रुक कर चलने के कारण मरीजों की लाइन लग गई थी।

नकली कीटनाशक बरामद रिपोर्ट दर्ज

अयोध्या। मानसूनी सीजन में खरीफ फसली शुरू होने के साथ नकली कीटनाशकों की बिक्री तेज हो गई है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद निजी कंपनी के पड़ताल के बाद पुलिस के साथ जाँच कराई है। रिकाबगंज क्षेत्र स्थित एक बीज की दुकान से सिजेंटा कंपनी के कीनाशक वर्टाको के सात पैकेट नकली मिले। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार ने बताया कि सीनियर एसोसिएट बॉबी कुमार की शिकायत पर प्रतिष्ठान और उसके संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

उतरने लगीं वेंडिंग मशीनें दावे निकले 'झोलाछाप'

नगर में लगनी थी 250 झोला वेंडिंग मशीनें, 35 ही लगीं, उनमें 30 उतर गईं

महिलाओं को रोजगार देने का किया गया था वादा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पॉलीथिन के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए नगर क्षेत्र में 35 स्थानों पर लगाई गईं झोला वेंडिंग मशीनें अब उतरने लगी हैं। सिर्फ पांच स्थानों पर ही बची हुई हैं। इसके अलावा झोला बनाने के लिए महिलाओं को रोजगार देने दावा भी अभी तक सब्जबाग ही साबित हुआ है। किसी को रोजगार नहीं मिला। शहर में 250 मशीनों को लगाने का ढिंढोरा पीटकर लाइम लाइट में आई एनजीओ उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन मशीनों को उतारे जाने को लेकर तरह-तरह के तर्क दे रही है। वहीं नगर निगम ने मामले से पूरी तरह से किनारा कर लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ही सर्किट हाउस में योजना का लोकार्पण किया था। फरवरी से मशीनें लगना शुरू हो गईं। नगर निगम की ओर से मशीन लगाने के लिए जगह चिह्नित की गई थीं। मशीन में 10 रुपये का सिक्का डालने या फिर क्यू आर कोड स्कैन करने पर झोला निकलता था। अप्रैल तक नगर निगम परिसर समेत शहर के मुख्य 35 स्थानों पर मशीनें लगा दी गईं, लेकिन इधर आठ-दस दिन में अमूमन जगहों से मशीनें उतार ली गईं। बची पांच मशीनें दो लता मंगेशकर चौक, मेयर के आवास के सामने तुलसी उद्यान, नगर निगम परिसर व लता चौक से नया घाट जाने वाले मार्ग पर ही बची हैं। मशीनें हटने में कहीं न कहीं जनता में जागरुकता का भी अभाव देखा जा रहा है।

महोबरा मंडी के पास लगी झोला वेंडिंग मशीन को उतारता वर्कर एवं उतारी गई मशीन।

कई बार फोन किया, मैसेज किया जवाब नहीं मिला

रामघाट स्थित काशीराम कॉलोनी निवासी ईशा पांडेय को झोला बनाने के लिए रोजगार देने का एनजीओ की तरफ से वादा किया गया था। ईशा पांडेय बताती हैं कि चार महीने बीत गए, लेकिन अभी तक रोजगार नहीं मिला। मैंने 95 और महिलाओं की सूची दी थी। अब संस्था को मैसेज करो तो जवाब ही नहीं आता। 10 बार फोन करने पर एक बार फोन उठाया जाता है। एक मशीन में 90 से अधिक झोला आता है। कहा गया था कि सिलाई मशीन और कपड़ा दिया जाएगा। सिर्फ झोला बनाकर मशीन में डालना होगा। एक झोले के 10 रुपये मिलते।

7:15 मिनट के वीडियो ने खोल दी पोल

झोला वेंडिंग मशीन को लेकर दो महीने पहले संस्था ने अपने चैनल 7:15 मिनट का वीडियो डाला है। जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ प्रोजेक्ट का उद्घाटन करते दिख रहे हैं। इसके अलावा महापौर व नगर आयुक्त ने भी अयोध्या को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए लोगों से अपील की है। इसमें उन्हीं महिलाओं का इंटरव्यू चला है, जिन्हें अभी तक रोजगार नहीं मिला है। ईशा पांडेय का कहना है कि उनसे व अन्य महिलाओं से पहले ही नौकरी पा जाने का वीडियो बनवा लिया गया था।

करंट न आए, इसलिए उतारी जा रहीं मशीनें

संस्था की ऑपरेशन मैनेजर रिशिका कश्यप ने बताया कि मैं शुरुआत के दिनों में अयोध्या गई थी। अभी योजना को कोई और देख रहा है। मशीनों में चोरी होने लगी थी। हमारी तरफ से शिकायत भी की गई। एक कॉपी नगर निगम में भी दी गई है। इसके अलावा बारिश में मशीनें न भीगें। इसलिए भी उतरवाया जा रहा है। उनका कहना है कि स्टैंड पर लगी मशीनें हर जगह संचालित हैं। जब उनसे यह पूछा गया कि बारिश को लेकर क्या कभी पहले विचार नहीं किया गया था। उनका कहना था कि जहां-जहां स्टैंड नहीं है वहां पर करंट उतर आने की शिकायत न आए इसलिए उतरवा ली गई है, जिन महिलाओं को रोजगार देने की बात हुई है। मैं उनसे मिलती रहती हूं। उन्हें रोजगार दिलाया जाएगा।

> झोला वेंडिंग मशीनों को एनजीओ ने लगवाया था। उससे नगर निगम को कोई मतलब नहीं है। -गिरीशपति त्रिपाठी, महापौर

तहसील परिसर में बेहोश हुआ साधुवेशधारी, मौत

अयोध्या। अमृत विचार : सदर तहसील आए साधुवेशधारी किशोरी कुञ्ज निवासी स्वामी जी महाराज (42) चेला राम मिलन दास नायब तहसीलदार सर्वे के कार्यालय के गेट के पास मंगलवार को अचानक लड़खडाकर गिरा और बेहोश हो गया। तहसीलदार की ओर से उसे जिला अस्पताल भेजवाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसडीएम सदर राज कुमार पाण्डेय ने बताया कि बेहोश साधुवेशधारी को जिला अस्पताल भेजवाया गया था। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि मृतक के संबंधी पोस्टमार्टम के लिए राजी नहीं थे। जिसके चलते लिखा-पढ़ी के बाद शव को उनके हवाले कर दिया गया।

डेकोरेटेड पोल को लेकर बनाया जा रहा भ्रम का माहौल : महापौर

सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व पार्षद। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डेकोरेटेड पोल को लेकर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं का महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान जवाब दिया। उन्होंने कहा कि नकारात्मकता फैलाने वाले लोगों का अयोध्या में स्वागत है। वे यहां आएं डेकेरेटिव पोल व विकास को देखें। उसके बाद ही इसके संबंध में कोई बात कहें।

उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम के 10 वार्डों में डेकोरेटेड पोल लगने थे। 71 करोड़ 86 लाख रुपये इसके लिए सेंशन हुए थे। इसमें अभी 2935 पोल लग चुके हैं। 12 पोल को लेकर पार्षदों को कुछ समस्याएं थी, जिसको लेकर उन्होंने नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया। लेकिन इसको लेकर भ्रम की स्थिति फैलाई जा रही है। इसमें तीन फर्मों को काम सौंपा गया। जिसमें से ज्यादातर ने अपना लगभग कार्य पूरा कर लिया है। टेंडर में इन पोल के पांच साल तक अनुरक्षण की शर्त है। अगर पांच साल तक कोई दिक्कत होती है तो उसकी मरम्मत संबंधित फर्म को करनी होगी। पोल अभी नगर निगम को हैंड ओवर नहीं किया गया है। पार्षद अनुज दास, विनय जायसवाल, रिशु पांडेय, अनिकेत यादव, चंदन सिंह, शिव कुमार, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

रामपथ की एक लेन बंद, लगा वाहनों का जाम

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : निर्माण को लेकर मंगलवार को रामपथ पर खोदाई की जा रही थी। एक लेन पर यातायात बंद कर दिया गया। इसके कारण वाहनों का जाम लग गया। आने-जाने वाले परेशान हुए।

रामपथ के अधूरे कार्यों को अब भी पूरा किया जा रहा है या फिर छोड़ी गई कमियों को दुरुस्त किया जा रहा है। इसके कारण आए दिन राम पथ पर कहीं न कहीं बैरियर लगाकर यातायात रोका जाता है। जाम लगता है। नियावां और अंगूरी बाग के बीच में मंगलवार को भी दोनों ओर से बैरियर लगाकर एक लेन का यातायात रोक दिया गया। बताया गया है कि गली के पानी की निकासी के लिए पाइप डाले जाने का काम कराया जा रहा है। अयोध्या-फैजाबाद के बीच राम पथ का पूरा यातायात एक लेन पर कर दिए जाने से वाहनों की लंबी लाइन लगनी शुरू हो गई। इस दौरान यहां यातायात को व्यवस्थित चलाने के लिए यातायात विभाग के लोग भी नहीं दिखे। दूसरे लेन पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। लोग परेशान रहे। खासतौर से दोपहर के बाद जब राम पछ पर आने जाने वालों की संख्या बढ़ी तो उन्हें परेशानियां झेलनी पड़ी।

रामपथ पर एक माल के निकट सड़क खोदाई के लिए लगाई गई बैरीकेडिंग एवं नियावां चौराहे तक लगा लंबा जाम।

चर्म रोग विशेषज्ञ ने देखे जुकाम-बुखार के मरीज

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिला अस्पताल में मंगलवार को दोनों फिजिशियन के न रहने पर काफी देर तक मरीज इधर-उधर भटकते दिखे। कुछ ने चर्म रोग विशेषज्ञ से सर्दी, जुकाम व बुखार का इलाज कराया। जबकि हृदय रोग, लिवर व अन्य गंभीर बीमारियों के मरीज लौट गए।

अस्पताल से दो तीन माह के दौरान कई फिजिशियन चले गए। डॉ. अभिनव चौधरी ने हाल ही में अपना इस्तीफा दिया था। डॉ.अरुण प्रकाश वीआरएस के लिए आवेदन कर छुट्टी पर चल रहे हैं। कथित चिकित्सक पहले ही अस्पताल से इस्तीफा देकर चला गया था। अब अस्पताल में बचे दो फिजिशियन डॉ. नानक सरन व डॉ.प्रशांत द्विवेदी। दोनों ही मंगलवार की दोपहर 12 बजे चिकित्सक अपनी ओपीडी में नहीं दिखे। सहादतगंज से आईं लालमति ने बताया कि उन्हें हार्ट की समस्या है। वह डॉ. नानक सरन को दिखाने आई थीं, लेकिन पता चला कि वह तो छुट्टी पर हैं। दूसरे फिजिशियन भी नहीं बैठे। मिल्कीपुर से आए बुजुर्ग माता प्रसाद को लिवर में सूजन थी। उन्होंने बताया कि वह डॉ. प्रशांत को दिखाने आए थे, लेकिन वह नहीं बैठे हैं। यहां कोई बताने वाला भी नहीं है कि कब आएंगे। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने बताया कि डॉ. नानक सरन छुट्टी पर चल रहे हैं। जनरल मरीजों को देखने के लिए चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. मो. अकरम को बोला गया है। सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने बताया कि डॉ. प्रशांत ड्यूटी पर गए थे।

चर्म रोग की ओपीडी में मरीजों का उपचार करते डॉ. मो. अकरम।

फिजिशियन नदारद

दोपहर एक बजे तक 320 मरीजों ने कराया था पंजीकरण

जिला अस्पताल में मंगलवार को दोपहर एक बजे तक 320 मरीजों ने पंजीकरण कराया था। सबसे अधिक मरीज जनरल फिजिशियन की ओपीडी में ही जाते हैं। दोनों चिकित्सकों के न होने से दूर-दूर से आए मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी, बीएससी-एमएससी एजी की परीक्षा 18 से

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी, बीबीए, बीसीए, बीएससी-एमएससी एग्रीकल्चर तथा बीपीएड व एमपीएड सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 जुलाई से शुरू होगीं। बीएड व एमएड की परीक्षाएं 29 जुलाई से प्रारम्भ होगी। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न केन्द्रों पर कुल 86559 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय के साथ बीबीए, बीसीए, बीएससी-एमएससी एग्रीकल्चर तथा बीपीएड व एमपीएड सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 जुलाई से शुरू हो रही है। बीएड व एमएड की परीक्षा 29 जुलाई से शुरू होगी। यह परीक्षाएं 25 जुलाई व सात अगस्त तक चलेगी। उन्होंने बताया कि एलएलबी की परीक्षा में लगभग 19069, बीएड व एमएड में 37000, बीएससी व एमएससी एग्रीकल्चर की परीक्षा में 26000, बीबीए, बीसीए में 2000 व बीपीएड तथा एमपीएड में 2500 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

▸▸ सम्बद्ध महाविद्यालयों की बीएड व एमएड का एग्जाम 29 से

दो पालियों में होगी परीक्षा

मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि परीक्षा के सकुशल संचालन के लिए केन्द्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर दिया गया है। परीक्षा दो पालियों में सुबह सात से 10 बजे तक और दोपहर दो से पांच बजे तक सम्पन्न होगी। सीसीटीवी व सचलदल की निगरानी में परीक्षा कराई जायेगी।

सार-संक्षेप

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बादे का पुरवा गांव में मंगलवार को सुबह खेत में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मवई थाना प्रभारी संदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतक युवती की पहचान किरण धीमान (21) पुत्री राम भारत धीमान निवासी बादे का पुरवा थाना मवई के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि युवती सुबह शौच के लिए खेत गई थी। वहीं संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बिना मुकाबले के आदर्श कॉलेज की जूडो टीम रही विजेता

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जनपदीय विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में तथा जिला स्कूली क्रीड़ा समिति की देखरेख में मंगलवार को जिला स्कूली जूडो अंडर-17 व 19 बालक तथा बालिका प्रतियोगिता का आयोजन होना था। मकबरा स्थित डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में मंगलवार को आयोजित जिला जूडो प्रतियोगिता की प्रतिभागी टीमों की संयोजक एमपीएलएल आदर्श इंटर कॉलेज व जिला विद्यालयीय क्रीड़ा समिति राह तकते रहे किन्तु संयोजक विद्यालय आदर्श इंटर कॉलेज के अलावा कोई भी टीम प्रतिभाग करने नहीं आई। जिला क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेन्द्र सिंह व संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह ने संयोजक विद्यालय आदर्श इंटर कॉलेज टीम को विजेता घोषित कर दिया। मंडलीय विद्यालयीय जूडो प्रतियोगिता में आदर्श इंटर कालेज टीम जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

सीएमओ ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा

निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. संजय जैन। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय जैन ने मंगलवार को सीएचसी मया बाजार का निरीक्षण किया। एएनएम व सीएचओ की मीटिंग की। इस दौरान विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की। सीएचओ व एएनएम के द्वारा मरीजों को बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनता को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी डीआईओ डॉ. राजेश चौधरी, डीपीएम आरपी पटेल, डीसीपीएम अमित कुमार व ब्लॉक स्तर चिकित्सा अधीक्षक एचईओ व बीपीएम उपस्थित थे।

स्कूली जिला बालिका कुश्ती प्रतियोगिता आज

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जनपदीय विद्यालयीय अंडर-14, 17 व अंडर-19 बालिका कुश्ती प्रतियोगिता मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज के संयोजन में बुधवार को होगी। प्रतियोगिता संयोजक मेथोडिस्ट कॉलेज के क्रीड़ा प्रभारी परमेन्द्र सिंह ने बताया कि बालिका कुश्ती प्रतियोगिता डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल के बहुउद्देश्यीय हाल में होगी। इस प्रतियोगिता से चयनित टीम विद्यालयीय मंडलीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

मोटे अनाज में निरोग रखने की क्षमता : विधायक

कार्यक्रम में विधायक का स्वागत करते अधिकारी।

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : मोटे अनाज में मनुष्य को निरोग रखने की क्षमता है। हमारे पूर्वज सदियों से इन्हीं को खाकर निरोग रहते थे। जबसे मानव ने मोटे अनाजों से दूरी बनाई तब से मनुष्य को बीमारियों ने घेर लिया है। यह बातें रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने मंगलवार को विकासखंड रुदौली में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत मिनी किट का वितरण करते हुए कहीं। इस अवसर पर शैलेंद्र प्रताप सिंह उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, अनिल गौड़, राम भवन रावत, कुलदीप मौर्या, विकास मिश्रा आदि मौजूद थे। किसानों में अरहर, रागी, ज्वार, बाजरा और उर्द आदि के बीज की किट प्रदान की गई।

सावन मेले की तैयारियों की समीक्षा

अयोध्या। अमृत विचार : स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक अनुज झा ने मंगलवार को नगर निगम के अधिकारियों की साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर बैठक की। इसमें सावन व झूला मेले की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान नगर आयुक्त संतोष शर्मा के अलावा चारों अपर नगर आयुक्त भी मौजूद रहे। अनुज झा ने सावन मास व झूला मेले को देखते हुए नगर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने व श्रद्धालुओं के ठहरने व मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने के निर्देश दिये।

हत्या

होटल में घुसकर मारपीट, दो लोग घायल, 10 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार : पूराकलंदर थाना क्षेत्र अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर मसौधा बाजार के निकट राणी सती मंदिर के बगल मंगलवार रात करीब 11 बजे होटल में घुसकर मारपीट की गई। इसमें होटल मालिक समेत दो लोग घायल हो गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद सहित 10 अज्ञात के विरुद्ध गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को सीएचसी मसौधा भेजवाया है। नामजद दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ रही हैं।

होटल संचालक राजकुमार साहू ने कहा है कि राणी सती मंदिर के बगल शराब के नशे में दो युवक गाली-गलौज के साथ झगड़ा कर रहे थे। उसने रोका तो युवक हमलावर हो गए। विरोध करने पर युवकों ने करीब 12 लोगों को बुलाकर होटल में घुसकर मारापीटा। जिससे वो और रमेश कुमार घायल हो गये। थानाध्यक्ष पूरा कलंदर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि होटल मालिक राजकुमार साहू निवासी बिरौली मजरे जीत का पुरवा थाना पूराकलंदर की तहरीर पर चार नामजद सहित 10 अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। आलोक कुमार समेत दो लोगों को हिरासत में लिया है।

अयोध्या महत्वपूर्ण व चुनौतीपूर्ण जिला : डीएम

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: नवागत जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने अयोध्या को महत्वपूर्ण व चुनौतीपूर्ण जिला माना। कहा कि यहां की बहुत सारी अपेक्षाएं हैं। जनप्रतिनिधियों के सहयोग और अधिकारियों के साथ मिलकर उन अपेक्षाओं को पूरा करने की कोशिश करेंगे। आम लोगों की समस्याओं को हल कराने का हर संभव प्रयास होगा। यहां वीआईपी मूवमेंट ज्यादा है। कोशिश रहेगी कि अयोध्या के लोगों और आने वाले श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो। बेहतर सुविधाएं मिले।

वह मंगलवार को पदभार ग्रहण करने के बाद कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इसके पूर्व जिले में आने पर अधिकारियों ने सर्किट हाउस में उनका स्वागत किया। उन्होंने पदभार ग्रहण करने से पहले रामलला का दर्शन-पूजन किया। प्रदेश के कई जिलों में विभिन्न पदों पर रह चुके सिंह ने कहा कि अच्छे कार्य और बेहतर व्यवस्था से ही अयोध्या की छवि बढ़ेगी। अयोध्या एक सुप्रसिद्ध नगरी है। अयोध्या धाम है। सौभाग्य है कि मुझे सेवा करने का मौका मिल रहा है। चल रही विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। गुणवत्ता पर विशेष फोकस होगा। गांवों की योजनाओं पर फोकस रहेगा। भ्रष्टाचार न हो। इसके लिए प्रधान से सचिव तक पर भी नजर रहेगी। चिकित्सा और शिक्षा क्षेत्र में भी और बेहतर कर सके इसका प्रयास होगा। कहा कि सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है। शासन ने जो जिम्मेदारी दी है जनता की जो अपेक्षा है उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा।

सावन झूला मेला व कांवड़ यात्रा की तैयारी को लेकर कहा कि 22 जुलाई से मेला शुरू हो रहा है। प्रशासन व पुलिस की टीम की बैठक हो चुकी है। संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। कहा गया है कि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाए। कानून व्यवस्था अच्छी रहे। भीड़ नियंत्रण अच्छी तरह से मैनेज किया जाएगा। कहा कि यहां पर्याप्त संख्या में अधिकारी हैं। ऐसे में काम करने में सहूलियत रहने की संभावना है। आम लोगों की समस्याएं सुनने के लिए जनता दर्शन 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

मुख्य कोषागार में कार्यभार ग्रहण करते नवागत जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह। अमृत विचार

▸▸ बोले- अच्छे कार्य व बेहतर व्यवस्था से बढ़ेगी अयोध्या की छवि

▸▸ जनअपेक्षाओं का पूरा करने की हर संभव होगी कोशिश

कवायद पंप स्टेशन के लिए आवास विकास परिषद ने शुरू कराया काम

बिजली-सड़क के बाद पानी की व्यवस्था में जुटा विभाग

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : आवास विकास परिषद ने अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना ग्रीन फील्ड टाउनशिप को धरातल पर उतारने के लिए कवायद तेज कर दी है। 1407 एकड़ क्षेत्रफल में प्रस्तावित इस योजना में विभाग ने लगभग दो लाख वर्ग मीटर क्षेत्रफल का यूपी रेरा में पंजीकरण कराया है। विद्युत उपकेंद्र और चौड़ी सड़कों के निर्माण की शुरुआत के बाद अब पेयजल उपलब्धता के लिए पंप स्टेशन के निर्माण की कवायद को आगे बढ़ाया है। पंप स्टेशन के निर्माण के जिम्मा आवास विकास परिषद के बिजली शाखा को सौंपा गया है।

आवास विकास परिषद ओर से रामायणकालीन थीम पर आधुनिक सुख-सुविधाओं से युक्त नगरीय विकास के लिए रामनगरी क्षेत्र में लखनऊ-गोरखपुर हाईवे के दोनों किनारे 1852 एकड़ क्षेत्रफल में भूमि विकास, गृह स्थान एवं बाजार योजना के तहत ग्रीन फील्ड टाउनशिप की योजना बनाई शुरू की है। जिसका वास्तु एवं महायोजना आईआईटी रुड़की से तैयार कराई है। यूपी रेरा में 1,98,819 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का लगभग पांच वर्ष के लिए पंजीकरण कराने के बाद परिषद ने व्यवसायिक भूखंडों के आवंटन से इस योजना की शुरुआत की थी। पहले चरण में आवास विकास की ओर से शुरूआती दौर में विकसित किये जाने वाले व्यवसायिक भूखंड क्षेत्र को जरूरी अवस्थापना सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए सेक्टर 9 ए में 33/11 केवी के विद्युत उपकेंद्र की स्थापना के लिए पांच करोड़ 58 लाख और लगभग साढ़े चार सौ एकड़ में 36 मीटर और 18 मीटर चौड़ी सड़कों के निर्माण के लिए 25 करोड़ 57 लाख रूपये से कार्य शुरू कराया है। विद्युत उपकेंद्र का निर्माण नौ माह और सड़कों का निर्माण छह माह में पूरा कराने का लक्ष्य तय किया है। बिजली-सड़क के बाद अब पानी की व्यवस्था के लिए आवास विकास परिषद के बिजली शाखा ने योजना पर काम शुरू किया है और सोमवार को निविदा खोल कार्यदायी फर्म की नियुक्ति की है।

> परियोजना का शिलान्यास होने के बाद योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। परिषद की ओर से सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। इलेक्ट्रिकल डिवीजन की ओर से विद्युत् उपकेंद्र की स्थापना का कार्य शुरू कराने के बाद अब पेयजल के लिए पंप स्टेशन के निर्माण पर कार्य शुरू किया जा रहा है। - प्रमोद कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता, आवास विकास परिषद।

▸▸ हाईवे किनारे स्थापित हो रही ग्रीन फील्ड टाउनशिप

करंट लगने से किशोरी की मौत

अयोध्या। अमृत विचार पूराकलंदर थाना क्षेत्र के सरियावां निवासी अनामिका पाठक (15) पुत्री रामकृपाल पाठक मंगलवार सुबह कूलर चालू करते समय करेंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। आनन फानन में पिता रामकृपाल ने उसे जिला अस्पताल पहुँचाया। जहां पर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने परीक्षण के उपरान्त मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर गांव चले गए। अस्पताल से मेमो मिलने के बाद पुलिस ने पिता के फोनकर शव को वापस मंगाया और पोस्टमार्टम कराया है। ग्राम प्रधान राममगन ने बताया कि पीएम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया है।

सत्यं रुपं श्रुतं विद्या कौल्यं शीलं बलं धनम्।
शौर्यं य च चित्रभाष्यं च दशेमे स्वर्गयोनय : ॥

सच्चाई, खूबसूरती, शास्त्रज्ञान, उत्तम कुल, शील, पराक्रम। धन, शौर्य, विनय और वाक् पटुता -ये दस गुण स्वर्ग पाने के अर्थात समस्त ऐश्वर्य पाने के साधन हैं।

संपादकीय

आतंकवाद विरोधी अभियान

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां लगातार तेज हो रही हैं। डोडा में सोमवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन समेत सेना के कई जवान शहीद हो गए। पिछले तीन हफ्तों में डोडा जिले के जंगलों में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ थी। एक सप्ताह पहले कठुआ जिले के माचेडी जंगल में आतंकवादियों ने सेना के एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे। डोडा में जो हुआ वह बेहद निंदनीय है। इस हमले में हमने बहादुर सैनिकों और अधिकारियों को खो दिया है। हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स संगठन ने ली है। इसी संगठन ने कठुआ आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर टाइगर्स का गठन हुआ था। यह संगठन पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद द्वारा समर्थित बताया जाता है। इस संगठन ने सबसे पहले जून 2021 में सेना के वाहन पर ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी ली थी। उस दौरान इसके साथ लश्कर-ए-तैयबा की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट, पीपुल्स अगेंस्ट फासिस्ट फोर्सेस और लश्कर-ए-मुस्तफा का भी नाम सामने आया था। अगस्त 2019 में जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा रद होने के बाद से, भारतीय सेना ने क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज कर दिया।

भारतीय सेना विदेशी आतंकियों को खत्म करने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चला रही है। कठुआ क्षेत्र में भी इसी तरह के ऑपरेशन लगातार किए जा रहे हैं। खास बात है कि आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच जिस डोडा जिले में मुठभेड़ हुई वह कश्मीर नहीं जम्मू रीजन का हिस्सा है। अधिकारियों का कहना है कि अब आतंकी जम्मू में अपनी गतिविधियों को बढ़ाना चाहते हैं। आतंकवादी समूह विद्रोह जारी रखने के नए रास्ते खोज रहे हैं। गुरिल्ला युद्ध की नीति अपना रहे हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षा बल इस क्षेत्र से आतंकवाद के संकट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कुल मिलाकर जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रहे आतंकी हमले राज्य में बिगड़े हालात को दर्शा रहे हैं। खराब ढंग से चलाए गए सुरक्षा अभियानों ने भी स्थानीय आबादी और सरकार के बीच भरोसे को नुकसान पहुंचाया है। इस बीच जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने बड़ा आरोप लगाया है। डीजीपी स्वैन ने कहा कि राज्य की क्षेत्रीय पार्टियों ने वोट की राजनीति के लिए आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। उन्होंने आतंकी संगठनों के फंडिंग पर भी सवाल उठाए। ऐसे में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली ताकतों से प्रमुखता से निपटना समय की जरूरत है।

यंत्रों पर निर्भरता मानव के लिए कितनी उचित

डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

यह शंका उठ सकती है कि कभी ये यंत्रमानव, मनुष्य द्वारा अथवा स्वयं, अपने अंदर भावनाएं विकसित न कर लें और मानव से विद्रोह करके उस पर अधिकार न कर लें, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। मनुष्य इन बातों को ध्यान में रखकर ही इनका विकास करेगा।

केरल के एक स्कूल में शिक्षक के रूप में एक यांत्रिक मानव (रोबोट-उच्चारण-रोबो) का उपयोग प्रारंभ कर दिया गया है। यह कृत्रिम बुद्धि से युक्त है। इसे एक स्त्री का रूप दिया गया है। इस रोबोट शिक्षक या शिक्षिका को मेकरलैब्स कंपनी ने बनाया है और इसे आइरिस का नाम दिया गया है।

यह सुन सकती है,देख सकती है,सोच सकती है, समझ सकती है, बोल सकती है,याद रख सकती है और सीख सकती है। यह चल सकती है,हाथ मिला सकती है,छात्रों और अन्य लोगों से संवाद स्थापित कर सकती है,मंच से भाषण दे सकती है, पढ़ सकती है,लिख सकती है,प्रश्नों के उत्तर दे सकती है और पढ़ा सकती है। अभी इसे शुरू की कक्षाओं से लेकर कक्षा 12 तक के छात्रों को पढ़ाने के लिए बनाया गया है। अभी इसे अंग्रेजी, हिंदी और मलयालम तीन भाषाओं की जानकारी है। आगे इसे 20 से अधिक भाषाएं सिखाए जाने की तैयारी चल रही है। यह गलत जानकारी और गलत सामग्री को रोक सकती है और अन्य कंप्यूटर्स एवं पुस्तकों के माध्यम से नया ज्ञान प्राप्त कर सकती है। यह यांत्रिक शिक्षिका मानव के समान ही साड़ी एवं अन्य वस्त्र पहनती है।

इसको बनाने वाली कंपनी ने ऐसा दावा किया है कि ये रोबोट शिक्षक और शिक्षिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में सभी सीमाओं को तोड़ेंगे और इनसे शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति आएगी। अभी इस शिक्षिका को एक हायर सेकेंडरी स्कूल में लांच किया गया है। आगे इसका और विस्तार किया जाएगा और यह यंत्र-मानव कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी जाएगा। यह पढ़ाई के अतिरिक्त एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज को भी बढ़ावा देगा। यह यांत्रिक मानव रोबोटिक्स, कंप्यूटर विज्ञान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एक कॉम्बीनेशन है। इसमें इंटेल के प्रॉसेसर्स लगे हुए हैं। यह यंत्र-मानव नीति आयोग की 2021 की स्कूलों में शिक्षा के प्रसार की नीति के अंतर्गत 'अटल टिंकरिंग लैब्स परियोजना' की पहल के रूप में है। कृत्रिम बुद्धि युक्त इन रोबोट्स के रूप में विज्ञान कथाएं सच हो रही हैं। मानव की कल्पना साकार रूप ले रही है। पहले भी पनडुब्बियों और चांद पर जाने

इसको बनाने वाली कंपनी ने ऐसा दावा किया है कि ये रोबोट शिक्षक और शिक्षिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में सभी सीमाओं को तोड़ेंगे और इनसे शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति आएगी। अभी इस शिक्षिका को एक हायर सेकेंडरी स्कूल में लांच किया गया है।

जैसी अनेक विज्ञान कथाएं सच हुई हैं। प्रसिद्ध ब्रिटिश कथाकार जूल्स वर्न की सन् 1870 के आसपास लिखी गई 'ट्वेन्टी थाउजेंड लीग्स अंडर द सी' और 'फ्रॉम द अर्थ टू द मून' जैसी कथाएं इसके उदाहरण हैं। आगे और भी विज्ञान कथाएं सत्य होंगी।

यह प्रश्न उठता है कि क्या यंत्रों को अपने जीवन में इस प्रकार उपयोग में लाना मानव के लिए उपयुक्त है? क्या इससे मानव के रोजगार के अवसर कम नहीं होते हैं? यंत्रों पर कितनी निर्भरता उचित है? हां, इनको उपयोग में लाना हमारे लिए उपयुक्त है। इनके अंदर मानव से अधिक क्षमता है,इनके एक ही मस्तिष्क में बहुत अधिक ज्ञान भरा जा सकता है और ये विविध प्रकार के विषयों और कक्षाओं को पढ़ाने और विभिन्न कार्य करने के लिए उपयुक्त और सक्षम हैं। ये भ्रष्टाचार रहित हैं, ये बहुत अधिक परिश्रम कर सकते हैं, ये थकते नहीं हैं, इन्हें छुट्टी की आवश्यकता नहीं होती है,ये अनुशासनहीन नहीं होते हैं, ये बीमार नहीं पड़ते हैं, इन्हें भोजन की आवश्यकता नहीं होती है। हां, कुछ यंत्रों के समान इनको भी देखभाल की आवश्यकता पड़ सकती है और इनको चलाने के लिए कुछ ऊर्जा खर्च होती है। इन यंत्रों से मानव के लिए रोजगार के अवसर कम नहीं होते हैं। यदि किसी एक क्षेत्र में ये अवसर कम होते हैं तो किसी अन्य क्षेत्र में अवसर बढ़ जाते हैं। यदि इनका उपयोग करने से कुछ शिक्षकों का रोजगार समाप्त होगा तो इन रोबोट्स को बनाने वाले वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के रूप में नए रोजगारों का सृजन भी होगा। यदि ड्राइवर रहित टैक्सियां बन रही हैं तो उन टैक्सियों को बनाने की टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए मनुष्य चाहिए होते हैं। फिर इस प्रकार मानव का श्रम बंट जाने से मानव बेहतर कार्यों के लिए मुक्त हो सकता है। हम कल्पना करें कि यदि हमारे खेतों और कारखानों का कार्य ये रोबोट्स संभाल लें तो मानव ज्ञान-विज्ञान की उन्नति और विभिन्न स्थानों के एक्सप्लोरेशन के लिए मुक्त हो जाएगा। वह समुद्रों,पहाड़ों और अंतरिक्ष जैसे दुर्गम स्थानों की खोज के लिए इन रोबोट्स की सहायता ले सकता है। मानव ने प्रारंभ से ही यंत्रों की सहायता ली है। गुफा मानव के पत्थर के औजार उसके यांत्रिक उपकरण ही थे।

क्या आज हम यंत्रों के बिना अपने जीवन की कल्पना कर सकते हैं? सुबह से शाम तक हमारे हर कार्य के लिए हम किसी न किसी उपकरण या यंत्र की मदद पर ही निर्भर करते हैं। यह शंका उठ सकती है कि कभी ये यंत्रमानव मनुष्य द्वारा अथवा स्वयं, अपने अंदर भावनाएं विकसित न कर लें और मानव से विद्रोह करके उस पर अधिकार न कर लें, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। मनुष्य इन बातों को ध्यान में रखकर ही इनका विकास करेगा। प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक सर इसाक एसीमोव ने अपनी रोबोट सीरीज के उपन्यासों में रोबोटिक्स के तीन मूलभूत नियमों की कल्पना की थी। बाद में उनके उपन्यासों में अधिक बुद्धिमान रोबोट्स के बन जाने के बाद इन्हें तीन से बढ़ाकर चार नियमों में परिवर्तित कर दिया गया था। ये नियम थे...1.कोई रोबोट अपने किसी कार्य से अथवा अक्रियाशील रहकर किसी मानव को क्षति नहीं पहुंचा सकता है। 2.कोई रोबोट मनुष्य की आज्ञा का पालन करेगा, जब तक यह प्रथम नियम को नहीं तोड़ता है। 3.कोई रोबोट स्वयं की रक्षा करेगा,जब तक यह प्रथम दो नियमों को नहीं तोड़ता है। बाद में इसमें शून्य नियम (जीरोथ लॉ) भी जोड़ दिया गया था,जो प्रथम नियम के भी पहले आता था। यह था- कोई रोबोट अपने किसी कार्य अथवा निष्क्रियता से मानवता अर्थात् संपूर्ण मानव जाति को कोई क्षति नहीं पहुंचाएगा। शेष सब नियमों में इस नियम के अनुसार बदलाव हो जाएगा।

एसीमोव की कल्पना के अनुसार ये नियम रोबोट के 'पॉजिट्रॉनिक मस्तिष्क' के मूलभूत सर्किट्स में प्रिंटेड थे। इनके बिना किसी रोबोट की रचना नहीं हो सकती थी। इसलिए एसीमोव के उपन्यासों के सभी रोबोट्स मानव के लिए सुरक्षित थे। वे मानव के वास्तविक सहायक और सहयोगी थे। वास्तविक जीवन में भी इस प्रकार के नियमों का ध्यान रखा जाएगा। इन यंत्र मानवों को निरंतर बेहतर बनाने के प्रयोग हो रहे हैं। उन्हें मानवीय रूप देने का प्रयास हो रहा है। इन्हें ह्यूमैनॉइड बनाने का प्रयास हो रहा है। अभी मानवीय त्वचा को इन रोबोट्स के चेहरे पर उगाने के सफल प्रयोग चल रहे हैं। उसके अनेक लाभ हैं। उससे ये रोबोट्स मानव के समान ही दिखाई पड़ेंगे। वह मुस्कुरा भी सकेंगे और उनके चेहरे पर भाव भी आ सकेंगे।

कृत्रिम बुद्धि युक्त ये यंत्र मानव हमारे अनेक काम आएंगे। अंततः मानवों और यंत्र मानवों का एक संयुक्त समाज बनेगा,जिसमें ये यंत्र मानव,मानव के सहायक और सेवक होंगे। मनुष्य अपनी सुरक्षा को देखते हुए ही इनमें विकास करेगा। हमें इस बात से डरने की आवश्यकता भी नहीं है कि इस विकास से हमारे रोजगार कम होंगे। निश्चित रूप से इससे नए रोजगार सृजित होंगे और अंततः हमें यह देखना होता है कि क्या कार्य मानवता के व्यापक हित में है, जो कार्य मानवता के व्यापक हित में है,हमें उस दिशा में बढ़ना होता है,भले ही उससे किसी अन्य क्षेत्र में कुछ छोटी-मोटी कठिनाइयां भी हों। आवश्यकता केवल इनके विवेकपूर्ण उपयोग की है। इसके अतिरिक्त यंत्रों और सहायकों एवं स्वयं के उपयोग में हमें सदैव एक संतुलन रखना होगा। हम इस संतुलन की सीमा रेखा कहां खींचते हैं, यह हमारे विवेक पर निर्भर करता है। यदि हमारा विवेक अच्छा है तो हम एक अच्छी दुनिया बना पाएंगे अन्यथा खराब।

प्रसंगवश

किताबों का मोहल्ला

हाल में एक बार फिर कोलकाता आना हुआ। हर बार तमाम जगहें बाकी रह जाती देखने को। हर बार सोचते कि अगली बार घूमेंगे। ऐसी ही एक जगह यहां की कॉलेज स्ट्रीट है। कॉलेज स्ट्रीट में कोलकाता का विख्यात पुस्तक बाजार है। यह भारत और एशिया का सबसे बड़ा पुस्तक बाजार माना जाता है। बंगाली में इसे 'बोई पाड़ा' कहते हैं, जिसका मतलब है ' पुस्तकों का मोहल्ला/किताब टोला।' हर तरफ किताबें ही किताबें। 'पुस्तक सरणी' भी कहते हैं कॉलेज स्ट्रीट को।

अनूप शुक्ल
कानपुर

कॉलेज स्ट्रीट में सड़क के दोनों किनारे छोटी-बड़ी गुमटियों में सैकड़ों किताबों की दुकानें हैं। नई पुरानी किताबों से अटी-पटी दुकानें। कई प्रसिद्ध प्रकाशन संस्थान भी कॉलेज स्ट्रीट पर हैं। करीब 900 मीटर लंबी सड़क के दोनों तरफ किताबों की दुकानें हैं। नई पुरानी किताबें। लोग यहां किताबें खरीदने-बेचने आते हैं। बंगला, अंग्रेजी और हिन्दी की किताबें रखी मिलती हैं। किताबों की खरीद में मोलभाव खूब होता है। स्टीफन हाकिंग की ब्रीफ आंसर्स टु बिग क्वेशचन्स, जिसकी मूल कीमत 650 रुपये लिखी थी हम लोगों ने एक सौ रुपये में खरीदी। एक जगह हर किताब सौ रुपये की मिल रही थी। किताबों की दुकानों पर तरह-तरह की किताबें पलटते,देखते रहे। किसी ने माना नहीं किया। एक दुकान पर तमाम प्रसिद्ध लेखकों की कालजयी किताबें दुकानों पर एक के ऊपर एक लगीं थीं। हिन्दी की किताबें अधिक दिखी नहीं। अलबत्ता एक जगह लिखा जरूर था-'यहां हिन्दी का किताब मिलता है।' मतलब कि इलाका बदलने के साथ 'किताब' का लिंग परिवर्तन हो गया। हिन्दी की किताबों में भी लेखकों के कहानी संग्रह/कविता संग्रह मुख्य थे। वे किताबें भी नई थीं यानी मोलभाव की गुंजाइश नहीं थी। कुछ देर में दुकान से बाहर आ गए।

बहुत देर तक कॉलेज स्ट्रीट की दुकानों पर किताबें देखते, पलटते, पढ़ते, वापस रखते टहलते रहे। वर्षों से कॉलेज स्ट्रीट देखने की तमन्ना को पूरा होने की खुशी महसूस करते रहे। हर दुकान एक जैसी होते हुए भी अपने में अनूठी लगती। पुस्तक मोहल्ला ही अपने में अनूठा है। काफी देर कॉलेज स्ट्रीट के दोनों तरफ टहलने के बाद इस इरादे से वापस लौटे कि फिर आना है। जल्द ही।

वर्तमान विदेश नीति के केंद्र में मानवता

वर्तमान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व में अपनी नई भूमिका के लिए तैयार दिखाई पड़ता है। प्रधानमंत्री की विदेश नीति उसके भारतीय दर्शन मानवतावादी दृष्टिकोण की परिचायक है,जिसके केन्द्र में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना सदैव पल्लवित होती रही है। किसी गणंतत्र के लिए राष्ट्रवाद एवं मानवतावाद एक सिक्के के दो पहलू की तरह हैं। हमारी विदेश नीति का आधार ये दोनों ही पक्ष बने हुए हैं। हमारी विदेश नीति समृद्धि, सुरक्षा एवं आतंकवाद से जूझने के साझा प्रयास को लेकर चल रही है। साथ ही वह समस्त विश्व के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए पूरे विश्व में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है।

विदेश नीति में बदलाव की पहली झलक मई 2014 में तब मिल गई थी,जब शपथ ग्रहण समारोह में भारत के पड़ोसी देशों को आमंत्रित किया गया था। तब से लेकर आज तक द्विपक्षीय दौरों एवं परियोजनाओं में साझेदारी के जरिए इसे विकसित किया जाता रहा है। बांग्लादेश के साथ सीमा विवाद का शांतिपूर्ण निपटारा किया जाना,द्विपक्षीय मामलों को सुलझाने का ही एक उदाहरण प्रस्तुत करता है। अपने मानवतावादी दृष्टिकोण के चलते पड़ोसी देश नेपाल को भूकंप के दौरान त्वरित सहायता प्रदान करना इसी नीति का एक हिस्सा था। अफगानिस्तान में जन कल्याण के लिए किए जाने वाले प्रयासों ने भारत के मानवीय पक्ष को बल दिया है। अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से 31 में भारत के विकास कार्य चल रहे हैं। अफ्रीका में भी भारत ने जन आधारित योजनाओं पर 10 अरब डॉलर की निधि के निवेश की प्रतिबद्धता दिखाई है। भारत एवं फ्रांस के संयुक्त नेतृत्व में

प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

विदेश नीति में बदलाव की पहली झलक मई 2014 में तब मिल गई थी, जब शपथ ग्रहण समारोह में भारत के पड़ोसी देशों को आमंत्रित किया गया था।

किया गया अंतर्राष्ट्रीय सौर समझौता मानव विकास पर 2 अरब डॉलर की राशि का निवेश करके इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने समस्त विश्व की शांति के लिए आतंकवाद को एक बड़ा अवरोध माना है। अपने कूटनीतिक प्रयासों से उन्होंने संपूर्ण विश्व को भी स्वीकार करने को बाध्य कर दिया है। अब कई देश अपने द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय वक्तव्यों में कुछ आंतकी समुदायों एवं उनके रक्षकों का पर्दाफाश करने में नहीं हिचक रहे हैं।

पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों में सीमा पार से आने वाले आतंक को लेकर सबसे ज्यादा खटास है। इससे निपटने के लिए ही सर्जिकल स्ट्राइक जैसा कदम उठाया गया था। कई देशों ने दबे स्वर में इसे उपयुक्त कदम बताया है। संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर जाने वाले मोदी भारत के ऐसे प्रधानमंत्री बन गए,जिन्होंने 35 वर्षों में उभर आई एक दरार को भरकर संबंधों को भारत के एक बड़े निवेशक के रूप में तैयार कर लिया है। ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के समझौते ने भारतीय विदेश नीति के एक नए सोपान की शुरुआत की है। अंतर्राष्ट्रीय रूप से ऊलझे अपने कुछ मामलों को दृढ़ता एवं कूटनीति के साथ सुलझाने के कारण भारत की अपनी एक साख बन गई है। चीन के साथ डोकलाम विवाद को सुलझाकर भारत ने अपनी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता एवं सैनिक समाधान का परिचय दिया है। इस पूरे प्रकरण ने चीन और भारत को यह विश्वास करने पर मजबूर कर दिया है कि वैमनस्य के स्थान पर सद्भावना से कुछ अधिक प्राप्त किया जा सकता है। भारत की विदेश नीति का हर दूसरा कदम अपने में मानवीय हित को समेटे हुए चल रहा है।

साम्यवादी विचारों के प्रभाव में अभारतीयकरण इतना गहरा हो चुका है कि उसने सोच के साथ शब्दावली को भी प्रभावित कर दिया है और इसका एक प्रमाण कांग्रेस के एक नेता के इस बयान से मिला कि यदि भाजपा फिर से शासन में आती है तो भारत 'हिंदू पाकिस्तान' बन जाएगा। 'हिंदू पाकिस्तान' शब्द ही विरोधाभासी है। नागपुर में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कहा था, 'पश्चिम में जो राष्ट्र विकसित हुए उनका आधार एक विशिष्ट भूमि, भाषा, रिलीजन और समान शत्रु रहा है,जबकि भारत की राष्ट्रीयता का आधार वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया का चिंतन रहा है। भारत ने सदैव समूचे विश्व को एक परिवार के रूप में देखा है। भारत सभी के सुख और निरामयता की कामना करता रहा। भारत की यह पहचान मानव समूहों के संगम,उनके सम्मिलन और सहअस्तित्व की लंबी प्रक्रिया से निकलकर बनी है। हम सहिष्णुता से शक्ति पाते हैं, बहुलता का स्वागत करते हैं और विविधता का गुणगान करते हैं। यह शताब्दियों से हमारे सामूहिक चित्त और मानस का अविभाज्य हिस्सा है। यही हमारी राष्ट्रीय पहचान है।'

सोशल फोरम

हमें जो करना चाहिए

कहा जा रहा है कि अंबानी ने बेटे की शादी में पांच हजार करोड़ खर्च किए। इतनी चर्चा है तो किया होगा। उन्हें अधिकार है अपने शौक पूरे करने का और हमें एक सीमा से अधिक अधिकार नहीं है। सार्वजनिक मंचों पर उन्हें इस बिना पर लानत मलामत भेजने का कि आखिर उन्होंने इतना तामझाम क्यों किया, जो हमें अधिकार है और जो हमें करना चाहिए वह तो करते नहीं।

डॉ . हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

हमें अधिकार है कि हम सवाल उठाएं कि आखिर अंबानी का बिजनेस मॉडल क्या है कि उन्हें इतनी कमाई होती है,सरकार की आर्थिक नीतियों में उनका क्या और कितना दखल है, रिलायंस के निचले दर्जे के कर्मचारियों के प्रति उनका कैसा रवैया है। हम खबरें पढ़ चटखारे लेते हैं,लेकिन ऐसे किसी विमर्श में शामिल नहीं होते कि ऐसा क्यों हो रहा है और देश की बहुसंख्य आबादी की आर्थिक सेहत पर इसका कैसा कुप्रभाव पड़ रहा है। अंबानी और अडानी जैसों के पसरते जाते आर्थिक साम्राज्य की पृष्ठभूमि में सत्ता और कारपोरेट का जो नेक्सस अपना खेल कर रहा है,उस पर विमर्श होना चाहिए न कि इस पर कि अपने बेटे की शादी में उन्होंने किस तरह ऐश्वर्य प्रदर्शन किया। बाजारवाद के दौर में एक कहावत बहुत आम है कि 'पैसा बोलता है' तो अंबानी का पैसा बोल रहा है और हमारे कानों में ऐसी ध्वनियां गूंज रही हैं कि बेटे की बारात में शामिल अतिथियों को उन्होंने कितने करोड़ की घड़ी उपहार में दी,रेहाना को नाचने के कितने पैसे दिए, सितारों को खाना परोसने के एवज में क्या-क्या दिया।

सामंतवाद के दौर में छोटे बड़े सामंत और राजे महाराजे अपने बेटे-बेटियों की शादी को किस तरह उत्सव का रूप देते थे और किस तरह जनता से लूटे गए धन को पानी की तरह बहाते थे। यह लोक श्रुतियों और इतिहास की कहानियों में हम पढ़ते सुनते रहे हैं। पहले भी सार्वजनिक शोषण से प्राप्त अकूत धन से ही सामंत लोग ऐश करते थे और आज भी वही कहानी है। अंतर यही है कि आज सामंत की जगह कारपोरेट घराने हैं।

-फेसबुक वॉल से

बेगम अनीस किदवई : अब ऐसे लोग कहां

कहते हैं अगर आपने माटी की खिदमत की है तो एक न एक रोज उसकी महक दुनिया महसूस करेगी। मेरे पास लिखने को हजार पन्ने हैं, लाखों शब्द हैं मगर मैं उनकी शख्सियत पर क्या-क्या लिखूं। साहित्य अकादमी सम्मान से नवाजी लेखक, दो बार राज्य सभा सांसद, फ्रीडम फाइटर और सबसे बढ़कर बंटवारे में शरणार्थी कैंप में जीजान से खिदमत करने वाली बेगम अनीस किदवई। उन्होंने नजरे कुश गुजरे,अब जिनके देखने को,चार रुख,जुल्म और आजादी की छांव जैसी किताबें लिखकर अपने अंदर की बुनावट दुनिया के सामने रख दी। शायद वह इकलौती महिला हैं,जिसने कैंप में लाशों को नहलाया,कफन दफ्न किया,यहां तक कब्रें भी खोदी,तब जाकर बंटवारे से उपजा जख्म हम पाट पाए थे।



हफीज किदवई
लेखक

हजारों लड़कियों को जो बेच दी गई,जो उठा ले जाइ गई,जिन्हें भीड़ ने काफिलों से लूटकर छीन लिया,अपने घरों में बांध लिया। एक-एक लड़की को वापिस उसके परिवार में पहुंचाने वाली बेगम अनीस किदवई। मृदुला साराभाई, बेगम अनीस और सुभद्रा जोशी की तिकड़ी,जिसने चाक दिलों को सी दिया,इन्हें याद रखिए। "आज़ादी की छांव में" उनकी लिखी किताब पढ़िए और रोइए। देखिए जमीन को मजहब के नाम से फाड़ने पर कितने दिल टूटे थे। इस सबसे इतर उस वक्त के हालात देखिए,वह कौन लोग थे जो तब भी भीड़ बनकर डरा रहे थे। सैकड़ों साल से साथ रह रहे अपने भाइयों को खींचकर गांव से बाहर कर रहे थे। कितनी ही बेटियों को गले में रस्सी डालकर,बिना कपड़ों के घर में जानवरों की तरह बांधे रखे थे। यह सारे दर्द, यह सारी नाइंसाफी, यह सारे जख्म को बेगम अनीस किदवई और मृदुला साराभाई ने साथ-साथ भरकर हमारे देश की बुनियाद रखी है। बंटवारे के शरणार्थियों की सेवा के साथ-साथ सैकड़ों लड़कियों को खोजा। खोजी हुई लड़कियों को जब उनके ही अपने सगों ने लेने से इंकार किया,तो उन्हें पाला। बेगम अनीस और सुभद्रा, दो औरतें भयंकर दंगों से झुलस रहे गांव मे अकेले निकल गईं, लड़कियों को खोजने, लोगों ने घेरकर उनकी गाड़ी तोड़-फोड़ दी,उन्हें गालियां दीं,उन पर झपटने को दौड़े मगर न यह डरी और न पीछे हटीं।

गांव के सबसे खूंखार वहशी के खूंटे में बंधी लड़की को खींचकर निकाल लाईं और उसको आजाद जिंदगी दी। आपको क्या लगता है कि बंटवारें से उपजा जख्म यूहीं भर गया। इसके लिए अथक मेहनत की गई, दिन रात बिना फर्क किए काम किया गया। सवालों और बदले की आग पर ठंडा पानी डालकर सेवा की गई,लोगों को भड़काने की जगह बनाने पर जोर दिया गया। रोने की जगह उठ खड़े होने की बातें की गईं। बेगम अनीस किदवई को पढ़िए,रोइए की अपने शौहर के जिस्म को दंगों में टुकड़े-टुकड़े देखकर भी उनके दिल से इंसान की खिदमत न गई। अपने सारे गम भुलाकर वह मुल्क की बुनावट में लग गईं। अपने शौहर के खून की छींटे देख बदले के लिए नहीं दौड़ी,बल्कि दूसरे परेशान हाल सताए हुए लोगों के आंसू पोछने निकल पड़ी। जमाने की उन्होंने खिदमत की तो उस जमाने ने उन्हें पलकों पर भी बैठाया। मसौली में 1906 को जन्मी बेगम अनीस किदवई आज के ही रोज 1982 में दुनिया को अपने काम,अपनी छाप,अपने किरदार की खुशबू देकर छोड़ गईं।

बुद्धि बनाम धन:बदलते मानदंड

प्राचीन ग्रंथों और मान्यताओं के अनुसार संसार में सबसे बड़ा बल 'बुद्धि' माना गया है। धन बल काफी निम्न स्तर का मान्य है। कहा गया है कि 'बुद्धिर्यस्य बलं तस्य निरबुद्धेस्तु कुतो बलम्'। भगवान श्रीकृष्ण के मुख से कही गई गीता में भी इंद्रियों से परे मन, मन से परे बुद्धि और बुद्धि से भी परे वह (आत्मा) है। यानी बुद्धि से ऊपर सांसारिक कोई चीज नहीं है,क्योंकि आत्मा तो परमात्मा का अंश है,अलौकिक है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हालांकि यह नियम फेल होता दिख रहा है और धनवान सर्वाधिक मान्य हैं। अब देखिए। एशिया के सबसे बड़े धनाड्य मुकेश अंबानी के बेटे की शादी हुई। इसमें 'बड़ों' का बहुत बड़ा जमावड़ा हुआ। प्रधानमंत्री सहित लगभग सभी बड़े नेता,चाहे वे परस्पर विरोधी क्यों न हों, इस समारोह में एक साथ नजर आए। बालीवुड के सितारे सहित सभी क्षेत्रों के महान लोग यहां आए। मैं नहीं समझता कि बौद्धिक माने जाने वाले किसी प्रोफेसर, साहित्यकार, वैज्ञानिक या वकील की शादी में इस स्तर के इतने लोग एकत्र हुए हों। तथ्य यह भी है कि इसमें निर्धन,अकिंचन कोई नहीं था। साथ ही यह भी है कि इस समारोह में शामिल होने वाले बड़े इतनी संख्या में किसी गरीब को उसकी शादी में आशीर्वाद देने कभी नहीं गए। धर्म ग्रंथों का अवलोकन करें तो कुबेर सबसे धनी माने गए हैं,लेकिन उन्हें देवता का भी दर्जा प्राप्त नहीं है। वे सिर्फ यक्ष हैं। बुद्धि के देव और देवी गणेश जी तथा सरस्वती हैं और किसी भी शुभ कार्य में वे प्रथम पूज्य और वंदनीय हैं।

विवाह को लें तो देवाधिदेव महादेव का परिणय पार्वती जी के साथ पारंपरिक वैदिक रीति से हुआ था,जिसमें भगवान विष्णु सहित सभी देवता गए थे,लेकिन निचले तबके के भूत प्रेत भी बखूबी शामिल हुए। अब बताइए शंकर जी के पास क्या दौलत थी? कहा गया है कि 'धाम धतूरो,विभूति को कूरो,निवासु जहां सब लै मरे दाहै' यानी उनके घर में केवल एक धतूरे का पौधा और राख की कुछ ढेरियां ही थीं। बस और घर भी श्मशान घाट। मेरे कहने का मतलब है कि तब महान जमघट ऐसों के विवाह में होता था और अब अंबानी जैसों के यहां। मानक कितने बदल गए। बदलते मानदंड रेखांकित करते हैं कि अब धन ही सबसे बड़ा है। राजा से संन्यासी हुए भर्तृहरि शायद भविष्य भांप गए थे,तभी उन्होंने अपने नीति शतक में कहा है कि 'जिसके पास धन है,वही कुलीन है,वही पंडित है,वही गुणी,ज्ञानी है,वही कुशल वक्ता और दर्शनीय है। सभी गुण कंचन (सोने)में निहित हैं।

हरियाली का उत्सव हरेला

पहाड़ के ज्यादातर त्योहारों की तरह हरेला भी प्रकृति मां के प्रति आभार जताने का अवसर है। धरती-आसमान पर दस्तक दे रहे सावन के विपुल महीने के स्वागत में हरेले से दस दिन पहले हर घर में छोटे-छोटे पात्रों में अपने घर-खेत की मिट्टी भर कर उनमें पांच-सात तरह के स्थानीय अनाजों के बीज बोए जाते हैं।

अशोक पांडे
हल्द्वानी

दस दिन में बीज अंकुरित होकर हल्के धानी रंग की पतली-पतली पत्तियों में बदल जाते हैं। इन्हें भी हरेला कहा जाता है। संक्रांति के दिन त्योहार मनता है। हरेला काटा जाता है, रसोई बढ़िया गमकती है, खीर-पुए बनते हैं और घर की सबसे सयानी स्त्री अनुष्ठानपूर्वक हरेले के पत्तों को परिवार भर के सदस्यों के पैरों-घुटनों-बांहों और सिर से क्रमशः छुआकर आशीष देती हैं कि जीते-जागते रहना, आकाश जितने ऊंचे और धरती जितने चकले बनना, कि दूब जैसी हरियाली, सियार जैसी बुद्धि और शेर जैसा प्राण हासिल करना कि जब तक हिमालय में बर्फ और गंगा में जल है तब तक ऐसे मुबारक मौके तुम्हारे जीवन में आना-जाना करते रहें। हरेला हरियाली का उत्सव है।

मई-जून की कड़ियल गर्मी के बाद आई सुकून भरी हवा और ताजगी का इस्तकबाल है। हरेला आगामी फसलों की तैयारी और पिछली फसल के लिए प्रकृति को धन्यवाद कहने का कर्तव्य है।

शिकायतों के बाद भी नहीं हटा कब्जा

संवाददाता, अमेठी

महिला ने राजस्व विभाग पर कब्जा हटवाने के नाम पर खानापूरी का लगाया आरोप

अमृत विचार । प्रदेश की योगी सरकार एक ओर जहां तालाब, इमारती लकड़ी, आदि भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने के लिए अपने अधिकारियों को सख्त निर्देश दे रही है। वही अमेठी जनपद में उन्हीं के अधिकारी-कर्मचारी उनके आदेशों का पलीता लगा रहे हैं। मंगलवार को बड़गांव निवासी महिला की शिकायत पर कब्जा हटाने गांव पहुंची राजस्व विभाग टीम ने तालाब की आरक्षित भूमि पर 3 से 4 टीन चद्दर हटवा कर कब्जा हटवाने की कार्रवाई पूरी कर दी। जबकि शिकायतकर्ता महिला ने राजस्व विभाग पर पैसा लेकर सभी अवैध कब्जाधारकों पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाया गया है।

बड़गांव दादा का तारा निवासी महिला सुमन सिंह द्वारा बीते कई महीने से ग्रामसभा के तालाब, ऊसर भीट सरकारी जमीन पर हुए अवैध कब्जा हटवाने के लिए अमेठी डीएम से लेकर एसडीएम, समाधान दिवस पर शिकायत की जाती रही हैं। महिला के शिकायत के बाद कुछ अवैध कब्जादारों को राजस्व विभाग द्वारा अवैध कब्जा हटाने की नोटिस दी गई थी। लेकिन अवैध कब्जेदारों द्वारा ने अतिक्रमण नही हटाया। जिसके बाद मंगलवार को कानूनगो राजकुमार सिंह, लेखपाल प्रवीण सिंह राजस्व टीम व पुलिस कर्मियों के साथ कब्जा हटवाने मौके पर पहुंचे जहां एक कब्जेदार का 3 से 4 टीन चद्दर हटवाकर कब्जा हटाने की कार्रवाई कर दी गई। वही शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद कब्जा हटवाने आये राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा अवैध कब्जेदारों से पैसा लेकर कार्रवाई के नाम पर 3 से 4 टीन चद्दर हटवाकर खानापूर्ति की गई। वह राजस्व विभाग के कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है। महिला ने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए कब्जा हटवाने की मांग की है। वहीं कानूनगो राजकुमार सिंह का कहना है कि अन्य सभी कब्जेदारों को भी तालाब से कब्जा हटाने की नोटिस दी गई है अगर एक हफ्ते में कब्जा नहीं हटता है कानूनी कार्रवाई की जायेगी ।

संदिग्ध परिस्थितियों में मिला किशोर का शव

जामो, अमृत विचार। कोतवाली अंतर्गत कटारी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग का शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सोमवार को ग्राम पूरे सेवक राम तिवारी का पुरवा मजरे कटारी निवासी अमित कुमार उर्फ भुलई पुत्र हरिओम पाल उम्र 17 वर्ष दोपहर बारह से एक बजे गांव के ही बाहर बाग में अमरूद के पेड़ पर रस्सी के सहारे गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। किशोर के द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने का कोई कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। किशोर की मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है।

सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

सीएचसी शुकुल बाजार व पीएचसी महोना जाकर देखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता, अमेठी

पीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ । अमृत विचार

अमृत विचार । मुख्य चिकित्साधिकारी अमेठी ने मंगलवार को सीएचसी शुकुल बाजार व पीएचसी महोना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में सीएचसी शुकुल बाजार में सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए, वहीं पीएचसी महोना के निरीक्षण में महिला डॉक्टर अनुपस्थित मिली।

अमेठी सीएमओ अंशुमान सिंह ने मंगलवार को सीएचसी शुकुल बाजार का औचक निरीक्षण कर स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। मौके पर सभी स्टाफ उपस्थित मिले सीएमओ ने सीएचसी परिसर में आम और जामुन का पौधा रोपण कर लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक किया। इसके बाद अमेठी सीएमओ ने पीएचसी महोना का निरीक्षण किया, जहां पर तैनात डॉक्टर सामिया अजीज अनुपस्थित मिली। जिन पर सीएमओ ने स्पष्टीकरण मांगते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए है। जिसके बाद सीएमओ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र उरेर मऊ और आरोग्य मंदिर उरेर मऊ में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का निरीक्षण किया। वही गांव में जाकर सीएमओ ने ग्रामीणों को मच्छर जनित और जल जनित से फैलने वाली बीमारियों को रोकथाम के लिए प्रशिक्षित किया ।

असलहे के साथ युवक का फोटो वायरल

अमेठी, अमृत विचार। अवैध असलहों के साथ फोटो खिंचा कर सोशल मीडिया पर अपलोड करने का शौक युवाओं के सिर चढ़ कर बोल रहा है। इस बार संग्रामपुर थाना क्षेत्र के एक युवक का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें युवक कमर में असलहा लगाए नजर आ रहा है। युवक संग्रामपुर थाना क्षेत्र के केशवपुर पूरे मुहिबशाह गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस वायरल फोटो का संज्ञान लेकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

गांव के रहने वाले गगन पटेल का एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर लिखा गया है कि गांव का रहने वाला गगन पटेल शरारती किस्म का लड़का है और तमंचा लेकर गुंडई करता है।

एक नजर

समय सारणी के अनुसार करें डाटा सम्मिलित

अमेठी, अमृत विचार। जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि प्रदेश शासन द्वारा शैक्षिक सत्र 24-25 की पूर्वदशम ,दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की समय सारणी निर्गत की जा चुकी है, समय सारणी के अनुसार नवीन शिक्षण संस्थान को छात्रवृत्ति के मास्टर डाटा में सम्मिलित होने हेतु दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों को 10 जुलाई से 5 दिसम्बर तक पूर्व दशम शिक्षण संस्थान हेतु 10 जुलाई से 2 सितंबर तक समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया है कि समय सारणी के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल https://scholarship up .gov .in पर रजिस्टर्ड कर निर्धारित नियम और शर्तों के अनुसार छात्रवृत्ति मास्टर डाटा में सम्मिलित हो सकते हैं।

कार पलटी, शिक्षिका व चालक घायल

अमेठी, अमृत विचार। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के जरौटा गांव पानी टंकी के पास सड़क किनारे रखे इंटरलॉकिंग ईंट से कार टकराकर सड़क पर पलटने से कार एक शिक्षिका और चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनका अमेठी सीएचसी में इलाज हुआ है। भगवानपुर निवासी आभा साहू कंपोजिट विद्यालय शुकुलपुर में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। वह मंगलवार को सीएचसी संग्रामपुर से शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम से लौट रही थीं।

मानकविहीन सड़क मरम्मत का ग्रामीणों ने किया विरोध

ग्रामीणों ने एसडीएम को फोन लगाकर मौके पर मौजूद जेई से कराई बात

मरम्मतीकरण में बिना रोलर के हो रहा डामरीकरण

संवाददाता, अमेठी

विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

अमृत विचार। तिलोई तहसील क्षेत्र के विकास खंड बहादुरपुर की ग्राम सभा बोझी भूलामऊ के गांव पूरे लाला से कुटिया तक बन रही सड़क मरम्मतीकरण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीण विरोध पर उतर आए। मंगलवार को विरोध प्रदर्शन करके सड़क की गुणवत्ता की जांच की मांग की है। निर्माण स्थल पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर हो रही धांधली को रोकने और लापरवाही करने वाली कार्यदाई संस्था के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है।

बोझी भुलामऊ ग्राम पंचायत के पूरे लाला का पुरवा से कुटिया गांव तक 1500 मीटर लंबी सड़क का मरम्मतीकरण का कार्य चल रहा है। इसमें ग्रामीणों ने कहा कि बिना पैच लगाए सीधे डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। यही नहीं रोड का बगैर साफ-सफाई किए मिट्टी से मिश्रित गिट्टी पर ही बिना तारकोल डाले गिट्टी डाली जा रही है। उसी पर रोलर चलाकर बराबर कर दिया जा रहा है। जैसे ही रोड निर्माण का कार्य शुरू हुआ वैसे ही ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीण अनिल कुमार, नान्ह भैया, शिव भवन, हरी प्रसाद सहित दर्जनों लोगों ने कहा कि सड़क मरम्मतीकरण में न ही करबई की गिट्टी का इस्तेमाल हो रहा है और सड़कों में हुए बड़े बड़े गड्ढों में गिट्टी की जगह गिट्टी की राबिस का इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क मरम्मतीकरण में न तो तारकोल का इस्तेमाल हो रहा है और न ही पीसी कोट का। मानकविहीन सड़क निर्माण में सीधे सील कोट कर धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। भूलामऊ, खरौली, मवई, बघेल, कुटिया, पूरे लाला, पूरे भसई, नट का पुरवा, नसीराबाद आदि गांवों के करीब दस हजार लोगों के आवागमन का यह प्रमुख मार्ग है। इसी तरह रोड निर्माण होगा तो बहुत जल्द टूट जाएगा। ग्रामीणों ने धांधली का आरोप लगाते हुए कहा कि गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। अगर सड़क निर्माण सही नहीं किया गया तो प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने मौके पर मौजूद अवर अभियंता राकेश कुमार मौर्य से गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कराने की मांग पर अड़े हुए थे। लेकिन जेई की हठधर्मिता के चलते ग्रामीणों ने एसडीएम को मौके पर ही फोन लगाकर शिकायत कर दी। एसडीएम ने जेई से फोन पर बात की उसके बाद शिकायत कर्ता से कहा कि लिखित शिकायत दे दो जांच करवा ली जाएगी। हालांकि विरोध के बाद भी निर्माण कार्य जारी रहा। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई राकेश कुमार मौर्य ने सड़क मरम्मतीकरण का मानक बताने से कतराते रहे। साथ ही कार्यदाई संस्था का नाम भी बताने से हिचकिताते नजर आए।

बिजली कटौती को लेकर जताया विरोध

मंत्रियों व अधिकारियों को पत्र भेज समस्या दूर करने की मांग

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जनपद में अघोषित बिजली कटौती और सिंचाई के लिये नहरों में पानी न आने पर कांग्रेस के पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने नाराजगी जाहिर की है। पूर्व एमएलसी ने कहा कि किसान आवारा पशुओं से पहले से ही परेशान हैं अब बिजली पानी देने में कंजूसी की जा रही है।

कांग्रेस नेता ने प्रदेश सरकार के सिंचाई और ऊर्जा मंत्री के साथ ही जिलाधिकारी को पत्र लिखकर समस्या निस्तारित करने की मांग की है। पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने कहा कि जनपद अमेठी में सिंचाई हेतु किसी भी नहर में पानी नही आ रहा है पिछले कुछ वर्षों से राजबहों में साप्ताहिक पानी छोड़ने की खानापूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की उदासीनता के चलते अभूतपूर्व बिजली कटौती भी की जा रही है घोषित विद्युत आपूर्ति के सापेक्ष दस प्रतिशत बिजली भी किसानों और ग्रामीणों को नही मिल रही है। उन्होंने कहा कि पिछले चार पांच साल में पहली बार ऐसा हो रहा है कि बिजली के साथ पानी की भी कटौती की जा रही है। किसान आवारा पशुओं के प्रकोप से पहले ही परेशान है ऊपर से बिजली पानी न मिलने से चिंतित हैं।

दीपक सिंह ने कहा कि दोनों जिम्मेदार विभागों पर सख्ती बरतने का का कष्ट करें यदि एक सप्ताह के भीतर सभी नहरों में पानी नही आया और बिजली कटौती बंद नहीं हुई तो मजबूर होकर हम किसानों के साथ सत्याग्रह शुरू करने के लिये मजबूर होंगे।

टैबलेट का वितरण

अमेठी, अमृत विचार। मंगलवार को राजर्षि रणंजय सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी में एम.फार्मा, बी.फार्मा एवं डी.फार्मा अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को प्रदेश सरकार की तरफ से टैबलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किया तथा उनके भविष्य में टैबलेट के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए उनके मंगलमय भविष्य की कामना की।

सार-संक्षेप

मालगाड़ी की चपेट आने से महिला की मौत

उन्नाव, अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर बकरी चरा रही महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। सदर कोतवाली क्षेत्र के कुढ़ूखेड़ा गांव निवासी गुलाबो (40) पत्नी स्व. महादेव मंगलवार सुबह गांव के पास बकरियां चराने गई थी। तभी सुबह 10 बजे वह लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर करोवन क्रासिंग के पास कानपुर से लखनऊ जा रही मालगाड़ी की चपेट मे आ गई। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। रेलवे व सदर कोतवाली पुलिस पहुंची और शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय दोनों ट्रैक पर ट्रेन थी। इससे वह मालगाड़ी को नहीं देख पाई। 10 साल पहले उसके पति की भी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई थी। उसेक तीन बच्चों में दो बेटे व एक बेटी है। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने महिला की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

राज्य कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

उन्नाव, अमृत विचार। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले एकत्र होकर राज्य कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए ओपीएस सुविधा बहाल किए जाने की मांग दोहराई। बाद में उन्होंने कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया, जिसमें ओपीएस से कम पर कर्मचारियों के तैयार न होने का दावा किया गया है। पहले से तय कार्यक्रम के तहत राज्य कर्मचारी नारेबाजी करते हुए निराला उद्यान के पास एकत्र हुए। यहां कर्मचारी नेताओं ने अंशदान वाली एनपीएस (न्यू पेंशन स्कीम) की खामियां गिनाईं। कहा जीवन के अधिकांश समय सरकारी सेवा करने वालों को सेवानिवृत्त होने पर सहारा साबित होने वाली ओपीएस से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। वक्ताओं ने एनपीएस को छलावा बताया।

चंदेल गुट की कलम बंद हड़ताल 19 को

उन्नाव, अमृत विचार। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट परिषदीय शिक्षकों के आनलाइन उपस्थित के विरोध में जारी आंदोलन को समर्थन जारी रखेगा। इसके लिए जहां 19 जुलाई को कलम बंद हड़ताल की जाएगी। इस दौरान सभी विद्यालयों के इकाई अध्यक्ष व मंत्री विद्यालय पर उपस्थित रहकर उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर करने के बाद शिक्षण कार्य से विरत रहेंगे। साथ ही इसी दिन विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर ज्ञापन देंगे। एमएलसी राज बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री से शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों के बजाए स्वयं कमान संभालने की अपील की है।

ट्रक की चपेट में आकर पुत्र की मौत, मां गंभीर

फतेहपुर, अमृत विचार। खागा कोतवाली क्षेत्र के पूर्वी बाईपास ओवर ब्रिज के पास दोपहर में ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई, वहीं उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजन जिला अस्पताल से झांसी के लिए रेफर करवा लिया। झांसी जनपद के थाना समथर के गांव लोहारी निवासी राजू का पुत्र सुनील अपनी मां भारती के साथ बाइक से झांसी से जौनपुर मुगरा जा रहे थे। बताते हैं कि पूरा परिवार वहां रहकर पानी के बताशे बेंचने का काम करते थे। बाइक जैसे ही खागा कोतवाली के बाईपास ओवर ब्रिज के पास पहुंची तभी ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे पुत्र की मौके पर मौत हो गई। वहीं मां गंभीर रूप से घायल हो गई। एंबुलेंस से महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां परिजनों ने उपचार के बाद महिला को झांसी के लिए रेफर करवा लिया।

अधेड़ को जहरीले कीड़े ने काटा, रेफर

औरास, अमृत विचार। थानाक्षेत्र के इनायतपुर बर्रा गांव निवासी यासीन (55) पुत्र पटनू सोमवार शाम आम के बाग की रखवाली कर रहा था। तभी वहां मौजूद रहे जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ती देख परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आई युवती

औरास, अमृत विचार। कस्बा औरास के मोहल्ला श्याम नगर निवासी हिमांशी (18) पुत्री सरवन सोमवार सुबह घर में पंखे का प्लग लगाते समय करंट की चपेट आकर झुलस गयी। परिजन आनन-फ़ानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद घर भेज दिया।

एसपी का आदेश दरकिनार, सिपाहियों की नहीं हो रही रवानगी

सोहरामऊ, अमृत विचार। लंबे समय से एक ही थाने में तैनात सिपाहियों का कुछ दिन पूर्व एसपी ने तबादला किया था। जिसके चलते सोहरामऊ थाना के 15 सिपाहियों का तबादला हुआ था। जिसमें 8 सिपाहियों की रवानगी हो चुकी है। शेष सिपाहियों में कोई अधिकारियों तो कोई सत्ता पक्ष के नेताओं की सिफारिश से ट्रांसफर रुकवाने में लगे हैं। ग्रामीणों में चर्चा है कि आखिर ट्रांसफर होने के बाद भी इन सिपाहियों की रवानगी क्यों नहीं हो रही है। इसे लेकर प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने कहा कि यह बात कप्तान साहब हमसे पूछेंगे तो हम उन्हें बता देंगे।

औद्योगिक क्षेत्रों में हो 70 फीसदी वनाच्छादन

उन्नाव, अमृत विचार। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण की समस्या अधिक होने से न्यूनतम 70 फीसदी वनाच्छादन होना चाहिए। जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में करीब तीन सैकड़ा से अधिक छोटी-बड़ी उद्योगिक इकाइयां संचालित हैं, जिनमें लगभग 50 टेनरियां हैं। इसलिए औद्योगिक इकाई प्रबंधनों के माध्यम से मानक के मुताबिक पौधरोपण कराया जाए। उन्होंने प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को औद्योगिक क्षेत्रों में पौधरोपण कराने की जिम्मेदारी सौंपी।

तौकीर को नहीं दी सामूहिक धर्म परिवर्तन और निकाह की अनुमति

पुलिस ने जताई कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

पुलिस की चेतावनी के बाद तौकीर ने बदला फैसला

अमृत विचार : इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को 23 हिंदू युवाओं का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने की अनुमति नहीं मिल पाई। कोतवाली पुलिस की ओर से अपनी रिपोर्ट में इससे कानून-व्यवस्था खराब होने और निकाह करने वालों को जान का खतरा होने के बाद प्रशासन ने आईएमसी के आवेदन को खारिज कर दिया है।

मौलाना तौकीर रजा खां ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 23 ऐसे हिंदू युवाओं का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने का एलान किया था जो पहले से मुसलमान युवक-युवतियों के साथ लिव इन संबंधों में रह रहे हैं। तौकीर ने दावा किया था कि इनमें आठ लड़के और 15 लड़कियां हैं, इन सभी ने इस्लाम कुबूल कर मुस्लिम साथियों से निकाह कराने के लिए आईएमसी को आवेदन भेजे हैं। आईएमसी ने पहले चरण में खलील हायर सेकेंड्री स्कूल में 21 जुलाई को पांच जोड़ों का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने की अनुमति के लिए आवेदन किया था जिसे पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को प्रशासन ने खारिज कर दिया।

मौलाना तौकीर की ओर से पांच दिन पहले सामूहिक धर्म परिवर्तन और निकाह की अनुमति मांगी गई थी। सोमवार को इसके सार्वजनिक एलान के बाद मंगलवार को पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अफसरों ने इस मुद्दे पर बैठक कर रणनीति तय की। मंगलवार को ही क्षेत्राधिकारी प्रथम पंकज श्रीवास्तव को तौकीर से बात करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि तौकीर के साथ लंबी वार्ता हुई। उन्हें बताया गया कि अगर शहर का कानून व्यवस्था बिगड़ी तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। उन्हें अनुमति देने से भी साफ इन्कार कर दिया गया। यह भी कहा गया कि अगर वह इस तरह की अनुमति कोई भी उदाहरण बता दें तो उन्हें भी अनुमति दे दी जाएगी। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि इससे पहले तौकीर की पार्टी के लोगों के साथ भी बैठक की गई थी। तौकीर ने आयोजन स्थगित कर दिया है। उधर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कहा कि बिना अनुमति कोई आयोजन नहीं होने दिया जाएगा। किसी हाल में माहौल खराब नहीं करने दिया जाएगा। कोई कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करेगा तो पुलिस पूरी ताकत से उसके साथ निपटेगी।

> बिना अनुमति इस तरह का कोई आयोजन नहीं होने दिया जाएगा। कोई कानून-व्यवस्था खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। - अनुराग आर्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

बाढ़ क्षेत्र में एसडीएम ने नाव से बांटी राहत सामग्री

शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार। मंगलवार को गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार कर गया। जिसे देखते हुये जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही बाढ़ से घिरे मकानों में रहने वाले लोगों को नाव से जाकर घर-घर राहत सामग्री बांटी।

गंगा का जलस्तर बराबर बढ़ रहा है, जिला प्रशासन बढ़ते जलस्तर पर बराबर नजर बनाये हुये हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को एसडीएम हिमांशु गुप्ता, नायब तहसीलदार परियर पूर्णिमा तिवारी, तहसीलदार अविनाश चौधरी, लेखपाल अशोक सैनी, मुकेश दीक्षित गोताखोर चंपापुरवा पहुंचे। जहां उन्होंने बाढ़ के हालात देखे। जिसके बाद नाव से गोताखोर तसरीफ, शकील, हलीम के साथ सैय्यद कम्पाउंड, हुसैन नगर, कर्बला, मोहम्मद नगर, ईदगाह कॉलोनी समेत आस पास बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री बांटी। लेखपाल ने बताया कि बढ़ते जलस्तर को देखते हुये ओपीजेडी इंटर कॉलेज, पालिका के रैन बसेरा, पंचायत भवन में बाढ़ राहत के लिये साफ सफाई करा दी गई है।

गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु के पार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

जलस्तर बढ़ने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से फैल रहा पानी

अमृत विचार। गंगा का जलस्तर मंगलवार सुबह चेतावनी बिंदु पार कर गया। जिससे तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं जलस्तर बढ़ने के कारण बाढ़ केन्द्र के ताले भी खुलवा दिये गये हैं। इसके साथ ही अब ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से पानी फैलने लगा है। वहीं जिला प्रशासन बढ़ रहे जलस्तर पर बराबर नजर बनाये हुए हैं।

पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे शुक्लागंज की ओर अब गंगा उफनाने लगी हैं। केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि सोमवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 111.920 मीटर मापा गया था। जो सुबह करीब आठ बजे चेतावनी बिन्दु 112 मीटर पहुंच गया। दिन ग्यारह बजे चेतावनी बिंदु पार कर 112.010 मीटर पहुंच गया। जो शाम छह बजे तक स्थिर रहा। शुक्लागंज की ओर 113 मीटर खतरे का निशान है। जलस्तर के कारण गोताखोर, शाही नगर, मोम्मद नगर, चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, कर्बला, गगनी खेड़ा हुसैन नगर के सैकड़ों मकानों के आस पास पानी भर गया है। यहां रहने वाले लोग नावों से आवागमन कर रहे हैं। चेतावनी बिंदु पार होने के बाद कटरी के ग्रामीण क्षेत्रों की ओर पानी पहुंचने लगा है। जिससे अब ग्रामीणों को भी बाढ़ का खतरा सताने लगा है। वहीं कई किसानों की सब्जी के खेतों में भी बाढ़ का पानी पहुंचने से उन्हें खासा नुकसान पहुंचा है।

बैराज से 2.75 लाख क्यूसेक छोड़ा गया पानी

बैराज बांध के पोस्ट रीडर गेज उत्तम पाल ने बताया कि मंगलवार को बैराज बांध से 2,72, 9 77 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसी तरह नरौरा बांध से 25060 क्यूसेक और हरिद्वार से 36180 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिससे जलस्तर में बढ़ोत्तरी अभी जारी रहेगी।

हैंगिंग से हुई किशोरी की मौत पुलिस ने निराधार बताए आरोप

फालोअप

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

बक्सर घाट पर परिजनों ने किया शव का अंतिम संस्कार

अमृत विचार। बिहार थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने सोमवार शाम फंदे से लटककर जान दे दी थी। मंगलवार को उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने बक्सर घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

बता दें कि बिहार थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी का शव फंदे से लटका मिला था। इससे पहले किशोरी अपने घर से लापता हुई थी और दो दिन बाद निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे पर मिली थी। उसके बाद अचानक उसके फंदे से लटककर जान देने के बाद कई तरह की चर्चा रही और पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठे। मंगलवार को सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने सभी आरोपों को नकारते हुए बताया कि पुलिस ने पूरे मामले की नियमानुसार कार्रवाई की। किशोरी ने शाम घर से जाने और वापस लौटने की बात कही थी। उसने छेड़छाड़ से भी इंकार किया था। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट में एफआर दाखिल की थी। वहीं पीएम रिपोर्ट में भी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।

कानपुर-लखनऊ रेल रूट पटरी टेढ़ी होने की जानकारी पेट्रोलिंग कर रहे गैंगमैन ने रेल पथ विभाग को दी

पटरी टेढ़ी होने पर रोकी मालगाड़ी, ब्लाक लिया

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव

रेलवे पुल पर पटरी बदलने का काम करते रेल कर्मी। अमृत विचार

रेल कर्मियों ने टेढ़ी पटरी को काट कर अलग किया

अमृत विचार। मंगलवार को रेलवे पुल के डाउन लाइन पर गर्मी के कारण पटरी टेढ़ी हो गई। जिसकी जानकारी पेट्रोलिंग कर रहे गैंगमैन ने रेल पथ विभाग को दी। जिसके बाद डेढ़ घंटे का ब्लॉक लेकर आनन फानन पटरी को बदला गया। इस दौरान मालगाड़ी को रोका गया। ब्लॉक समाप्त होने के बाद संचालन शुरू हो सका।

कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित रेलवे पुल के डाउन लाइन पर मंगलवार को रेलवे पटरी टेढ़ी हो गई। इस दौरान वहां पेट्रोलिंग कर रहे गैंगमैन की नजर पड़ी। उसने रेल पथ विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे रेल पथ विभाग ने कंट्रोल से ब्लॉक मांगा। जिस पर दोपहर एक बजे से ढाई बजे के बीच डेढ़ घंटे का ब्लॉक मिला। ब्लॉक मिलने के दौरान रेल कर्मियों ने टेढ़ी पटरी को काट कर अलग किया। उसके स्थान पर दूसरी नई पटरी लगाई और वैल्डिंग का कार्य किया। वहीं पटरी टेढ़ी होने के कारण मालगाड़ी 1.20 मिनट ब्रिज पर ही खड़ी रही, इसके अलावा अन्य ट्रेनें भी जहां-तहां रोकी गईं।

यह ट्रेनें हुईं प्रभावित

पटरी टेढ़ी होने से अप और डाउन लाइन की नीलांचल, पनवेल, ग्वालियर बरौनी, रायबरेली पैसेंजर, बालामऊ पैसेंजर, प्रतापगढ़ इंटरसिटी, उत्सर्ग आदि ट्रेनें प्रभावित रही। ब्लॉक समाप्त होने के बाद ट्रेनों का संचालन शुरू हो सका।

एक नजर

25 किलो गांजा बरामद तीन गिरफ्तार

नैनी, अमृत विचार : औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने कार से लेकर जा रहे 25 किलो चार सौ ग्राम गांजा को बरामद कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक चेकिंग के दौरान ओमेक्स सिटी चौकी के पास एक कार को रोका गया। गाड़ी में सवार लोग पर शक हुआ तो गाड़ी की तलाशी ली गई। इससे उसमें से 25 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इससे कार में सवार तीनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कार और गांजा के साथ अभियुक्तों को थाना लेजाकर चालान कर दिया। पकड़े गए लोगो में चित्रकांत साहू पुत्र मैकलाल साहू निवासी बोइल कांपा, थाना कवर्धा, छत्तीसगढ़, धीरज सिंह पुत्र शिव नरेश सिंह निवासी हसनपुर कसार मोहम्मदपुर गांती, थाना सुल्तानपुर घोष, जनपद फतेहपुर एवं लक्ष्मी नारायण मंडावी पुत्र स्व. कान्तीलाल मंडावी, निवासी ग्राम अंडाम, थाना डोंगर गांव जनपद राजनादगांव, छत्तीसगढ़ हैं।

पेड़ से गिरकर बालिका घायल, भेजा अस्पताल

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के डोहर गांव में नीम के पेड़ से गिरकर बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पर पहुंचे परिजनों ने बालिका को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने उपचार किया है। हालत में सुधार होने पर डिस्चार्ज कर दिया है।हलिया थाना क्षेत्र के डोहर गांव निवासी उमाशंकर की 5 वर्षीय पुत्री अंजली गांव के बच्चों के साथ तालाब पर स्नान करने के लिए गयी थी कि नीम के पेड़ पर चढ़कर दतुआन तोड़ रही थी कि पैर फिसलने से पेड़ से गिरकर घायल हो गई गांव के बच्चों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने बालिका को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बालिका का उपचार किया है हालत में सुधार होने पर डिस्चार्ज कर दिया है।

पति ने ही की थी गला रेतकर हत्या

पिता को खाना देने से था पत्नी से नाराज, खुन्नस में घटना को दिया अंजाम

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़

- 13 जुलाई को की गई थी महिला की हत्या
- पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को भेजा जेल

अमृत विचार : घर के बाहर सीमेंट सीट के नीचे चारपाई पर सो रही अधेड़ महिला की गला रेतकर निर्मम हत्या उसके पति ने ही की थी। पिता से खुन्नस आरोपी युवक ने अपनी पत्नी को बेरहमी से मार डाला। पुलिस ने मंगलवार को घटना का सनसनीखेज खुलासा कर आलाकत्ल बरामद किया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बाघराय थाना क्षेत्र के हरिहरपुर छमऊ शुक्ल का पुरवा गांव निवासी राम कुमार पटेल के घर के बाहर टीन शेड छप्पर बना है। बीते शुक्रवार की रात भोजन करने के बाद वह सीमेन्ट शीट के शेड के नीचे चारपाई पर सो गया। बगल में उसकी पत्नी 50 वर्षीय ललिता देवी भी चारपाई पर सो रही थी। शनिवार सुबह राम कुमार पटेल सोकर उठा तो जोर - जोर से चीखने लगा। लोग दौड़कर आये तो ललिता की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की गई थी। रामकुमार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस भी दर्ज किया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। पुलिस की जांच में राम कुमार ही अपनी पत्नी का कातिल निकला। दो भाई हूँ, दोनों भाई अलग हो गये हैं। मेरे पिता मयाराम पटेल रेलवे में सर्विस करते थे तभी से हमारा उनसे सम्बन्ध ठीक नहीं था। सेवानिवृत्त के बाद भी मेरी उनसे बात चीत नहीं होती थी। रिटायर होने पर मुझे कोई पैसा नहीं दिये। मेरी पत्नी मेरे पिता को मेरे मना करने के बावजूद भी खाना देती थी और बातचीत करती थी। मेरे मना करने के बावजूद भी वह कई बार चोरी छिपे खाना देती रही तथा उनसे बातचीत करती रही। यह बात मुझे नागवार लगती थी और फिर मैने तय कर लिया कि अपनी पत्नी को रास्ते से हटा दूंगा। इसलिए धारदार बांका से काटकर हत्या कर दिया। पुलिस ने रामकुमार के निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद किया। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, एसआई भृगुनाथ मिश्र, दिनेश कुमार आदि शामिल रहे।

मोहर्रम को लेकर प्रशासन सतर्क, जिले को 23 जोन और 82 सेक्टर में बांटा

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : मोहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन अलर्ट है। डीएम संजीव रंजन ने जिले को 23 जोन और 82 सेक्टर में बांट दिया है। उन्होंने अलग-अलग विभाग के अफसरों को जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित कर निर्धारित क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर त्योहार सम्पन्न कराने का निर्देश दिया है।

10 दिन मनाया जाने वाला मोहर्रम पर्व बुधवार को ताजिया दफन करने के साथ सम्पन्न हो जाएगा। इसका विशेष जुलू नौवीं मंगलवार रात को और दसवीं बुधवार को दिन में निकाला जाएगा। मोहर्रम में जुटने वाली भीड़ की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर से गांव तक निकलने वाले जुलूस में शामिल ताजियादारों और भीड़ की सुरक्षा के लिए जिलेभर में 23 जोनल और 82 सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित कर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा पुलिस फोर्स के साथ पीएसी के जवानों की तैनाती की गई है।

अफसर और फोर्स के जवान जुलूस में शामिल ताजियादार और भीड़ पर नजर रखेंगे। मोहर्रम की दसवीं पर ताजिया दफन के लिए प्रशासन की ओर से करबला पर अलग से मजिस्ट्रेट और फोर्स के जवान तैनात किए गए हैं।

20 अगस्त तक निषेधाज्ञा लागू

मोहर्रम, स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन के मद्देनजर एडीएम त्रिभुअन विश्वकर्मा ने जिले में 20 अगस्त तक निशेधाज्ञा लागू कर दी है। उन्होंने कहा है कि निर्धारित अवधि में जिले के प्रत्येक व्यक्ति को निषेधाज्ञा का पूर्णरूप से पालन करना अनिवार्य रहेगा।

बुलडोजर नीति के खिलाफ उठाई आवाज, दिया ज्ञापन

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : बुलडोजर नीति, मॉब लीचिंग के खिलाफ एआइएमआइएम ने मंगलवार को आवाज उठाते हुए एडीएम को ज्ञापन सौंपा।

मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) ने प्रदेश सरकार की बुल्डोजर नीति के खिलाफ धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। धरना स्थगित कियाजाने के बाद मंगलवार को एआइएमआइएम ने एटीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सोपा और अपना विरोध जताया।

जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने मिलकर कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को दिया।

ज्ञापन में राज्य में आतंक और दहशत को समाप्त किया जाए। सभी नागरिक की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मुसलमानों, दलितों और गरीबों को झूठे मुकदमो में फंसाना बंद किया जाए। राज्य सरकार की बुलडोज़र नीति के तहत कानूनी प्रक्रिया को ताख पर रख कर मुसलमानों, दलितों और गरीबों के खिलाफ सुनियोजित तरीके से सौतेला व्यवहार बंद किया जाए। देश और प्रदेश में फैलने वाले नफरत के माहौल को समाप्त किया जाए। धर्म जाति के नाम पर समाज में नफरत फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही हो। मॉब लिंचिंग की घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाये जाएं।

39 संकुल शिक्षकों ने दिया इस्तीफा

कहा, जब तक स्थायी निर्णय नहीं आ जाता, प्रदर्शन चलता रहेगा

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में मंगलवार को मंगरौरा ब्लॉक के 39 संकुल शिक्षकों ने अपना इस्तीफा बीआरसी केंद्र में जाकर बीईओ को सौंपा। परिषदीय विद्यालयों के अन्य शिक्षकों ने भी सामूहिक इस्तीफा देने का अल्टीमेटम दिया।

परिषदीय विद्यालय में तैनात शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश शासन से दिया गया है। बावजूद इसके शिक्षक लगातार ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जता रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि उनकी कई मांगे लंबे समय से लंबित हैं, पहले सरकार को उसे पूरा करना चाहिए। इसके

बीईओ को सामूहिक इस्तीफा देते संकुल शिक्षक। अमृत विचार

बाद ही शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश का पालन करेंगे। आन्दोलन के बीच मंगलवार को दोपहर करीब दो बजे बीआरसी केंद्र मंगरौरा पर जुटे शिक्षकों में से 39 संकुल शिक्षकों ने अपना सामूहिक इस्तीफा बीईओ संतोष कुमार को सौंपा। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षकों का विरोध देखकर सरकार ने ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश दो महीने के लिए स्थगित कर दिया। जब तक स्थायी निर्णय नहीं आ जाता है शिक्षकों का प्रदर्शन चलता रहेगा। इस दौरान अनूप सिंह, बलराम पाठक, संतोष सिंह, अशोक शुक्ला, आलोक पांडेय आदि मौजूद रहे।

चप्पे-चप्पे पर खाकी का पहरा, ड्रोन से निगरानी

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़

- राजा भैया के पिता समेत 13 लोगों को हाउस अरेस्ट के बाद पुलिस रही सतर्क

अमृत विचार : राजा भैया के पिता उदय प्रताप सिंह समेत 13 लोगों को हाउस अरेस्ट के बाद मंगलवार को पुलिस सतर्क रही।

मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कुंडा मानिकपुर, नवाबगंज, हथिगंवा के चार इंस्पेक्टर 25 एसआई, 45 हेड कांस्टेबल, 86 कांस्टेबेल आठ महिला पुलिसकर्मी, ट्रैफ़िक पुलिस को सुरक्षा में लगाया गया है। साथ ही शेखपुर आशिक में अस्थाई थाना बनाया गया है। थाना प्रभारी अपराध निरीक्षक संजय सिंह, चार एसआई, 12 कांस्टेबल, चार महिला पुलिस की तैनाती के अलावा ड्रोन कैमरा भी लगाया गया है। बुधवार को मवई से मझिल गांव तक सड़क पर फोर्स तैनात रहेगी, कस्बे में मेन चौराहा, भगवन तिराहा, पोस्ट ऑफिस चौराहा, तिलौरी मोड, सरकारी अस्पताल, पुलिस बल की तैनाती के कुल 48 स्थल चिन्हित किये गए हैं। सभी प्वाइंटों पर पुलिस बल की निगरानी रहेगी। कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने बताया बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी के अलावा पीएसी भी तैनात की गई है। शाम को कर्बला में ताजिया दफन होने के बाद रात नौ बजे उदय प्रताप सिंह को हाउस अरेस्ट से से मुक्त किया जाएगा।

महंगाई के विरोध में सड़क पर उतरीं सपा की महिला कार्यकर्ता

हाथ में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

संवाददाता, प्रयागराज

महंगाई के विरोध में प्रदर्शन करतीं सपा महिला सभा की कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार : अबकी बार दाल 200 रुपए पार, बहुत हुई महंगाई की मार - कुछ तो शर्म करो सरकार, 200 रुपये से अधिक दाल, जनता का बुरा हाल। महंगाई के विरोध में मंगलवार को समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिला अध्यक्ष (गंगापार) प्रतिमा रावत के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी लगती महिलाओं ने कहा इस सरकार में मंहगाई ने कमर तोड़कर रख दिया है। महिलाओं ने कहा कि अबकी बार दाल 200 रुपए पार, बहुत हुई महंगाई की मार-कुछ तो शर्म करो सरकार, 200 रुपये से अधिक दाल, जनता का बुरा हाल। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियों को लेकर महिलाओ ने जमकर नारेबाजी की। प्रतिमा रावत ने कहा कि महंगाई की मार सबसे ज्यादा महिलाओं पर दिखाई दे रहा है। रसोई के सामानो में आग लग चुकी है। जनता इसका जवाब 2027 में होने वाले विधानसभा के चुनाव में जरूर देगी। वह समज दूर नहीं जब जनता इस मंहगाई का मुंहतोड़ जवाब सरकार को देगी। प्रतिमा रावत ने कहा, इस सरकार में मंहगाई इतनी है कि आम आदमी की थाली से सादा भोजन गायब हो चुका है। प्रीति श्रीवास्तव ने कहा इस सरकार आने गरीब जनता जी नहीं पा रही है। किसी का विकास नहीं हो रहा है। विकास सिर्फ अडानी और अंबानी का दिख रहा है।

आटो पलटने से महिला सहित सात घायल

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के खरिहट खुर्द गांव में पुलिया पर मंगलवार की सुबह आटो पलटने से महिला सहित सहित लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना एंबुलेंस सेवा वाहन 108 पर दिया मौके पर पहुंचे एंबुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी संतोष भारतीय व पायलट अरुण कुमार ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये। जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने गंभीर रूप से घायल महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है, जबकि अन्य घायलों का उपचार किया है।हलिया थाना क्षेत्र के खरिहट खुर्द गांव निवासी कमलेश की 36 वर्षीय कांती, 50 वर्षीय भैरों, 55 वर्षीय जगदीश, 25 वर्षीय सुनीता, 14 वर्षीय मौसम, 5 वर्षीय कृति के साथ भांजा आटो चालक लवकुश के साथ अपने रिश्तेदार के घर गजरिया जा रहे थे कि आटो जैसे ही खरिहट खुर्द गांव के पुलिया पर पहुंची कि अनियंत्रित होकर पलट गई।

पूर्व विधायक से शुरू हुई कौमी एकता की मिसाल

संवाददाता, प्रयागराज

- मोहर्रम पर हिंदू परिवार उठाता है ताजिया

अमृत विचार : कहते हैं मजहब मायने नहीं रखता, जहां आपसी भाईचारे और गंगा यमुनी तहजीब जिंदा हो। ऐसी ही कौमी एकता का मिसाल बना है प्रयागराज का फूलपुर इलाका। जहां आज भी हिंदू परिवार मोहर्रम पर ताज़िया को कांधा देता है।

बताते चले कि फूलपुर में मोहर्रम के दिन महुआ कोठी बाजार में एक हिंदू परिवार पिछले सवा सौ सालों से मोहर्रम का ताजिया उठाता है। इस हिंदू परिवार के ताजिया को कंधा देने के लिए सैकड़ों लोग जुटते हैं। सोरांव के पूर्व विधायक जंग बहादुर सिंह पटेल उतरांव थाना क्षेत्र के याकूबपुर गांव के रहने वाले थे। उनके पिता प्रताप बहादुर सिंह पटेल लगभग सवा सौ साल पहले हिंदू-मुस्लिम एकता की तहजीब को बनाए रखने के लिए मोहर्रम के त्योहार पर ताजिया बनाकर उठाने की परंपरा को शुरू किया था। यह परंपरा उनकी मौत के बाद आज भी निभाई जा रही है। पूर्व विधायक जंग बहादुर सिंह पटेल की मौत के बाद इस परंपरा को उनके इकलौते बेटे पूर्व लोकसभा प्रत्याशी प्रमोद सिंह पटेल ने लगातार जारी रखा है। प्रमोद सिंह का ताजिया लगभग एक पखवारा पहले से महुआ कोठी बाजार स्थित उनके विद्यालय में बनाया जा रहा है। मोहर्रम के एक दिन पहले से पूरे रीति-रिवाज के साथ प्रमोद सिंह पटेल का ताजिया याकूबपुर गांव से निकलता है जिसमें गंगा जमुनी तहजीब का संगम होता है। उनका ताजिया महुआ कोठी बाजार में आकर जब अन्य गावों के ताजिया से मिलता है तो बाजार में गंगा-जमुनी तहजीब देखने को मिलती है।

सार-संक्षेप

सद्भावना सभा को सम्बोधित करते पं.श्याम किशोर शुक्ल। अमृत विचार

सद्भावना दिवस के रूप में मना प्रमोद तिवारी का जन्मदिन

प्रतापगढ़ अमृत विचार : राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी का जन्मदिन मंगलवार को शैल श्याम पैलेस में सद्भावना दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि पं श्याम किशोर शुक्ल, पूर्व प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रमोद तिवारी को शुभकामनाएं देते कहा कि वह भारतीय राजनीति के एक अजेय योद्धा हैं। उन्होंने जनता की निरंतर सेवा और अपने सतत विकास कार्यों से विश्वास को बनाये रखा है। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. लालजी त्रिपाठी ने प्रमोद के शतायु होने की कामना करते हुए बधाई दी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने प्रमोद को राजनीति का एक आदर्श राजनेता बताया। ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा प्रमोद तिवारी भारतीय राजनीति के नैतिक सिद्धांतों के प्रतीक है और सच की आवाज़ के रूप में वो जनता के सच्चे जन प्रतिनिधि है। इरफान अली, डॉ .वीके सिंह, संयोजक डॉ .प्रशांत देव शुक्ल संयोजक, पं श्याम शंकर मिश्र प्रबंधक, महेंद्र शुक्ल, सुनीता पटेल, विधिदेव शुक्ल, लल्लन सिंह, संदीप त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश शुक्ल, सरोज कश्यप, सुरेश मिश्रा, चरनजीत सिंह ने सम्बोधित किया। सभी ने सामूहिक केक काटकर एक दूसरे को खिलाया।

बाबू अमर बहादुर सिंह शिक्षण संस्थान में छात्रों को संबोधित करते प्रबन्धक अभय प्रताप सिंह।

नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत, छात्रों की दीं शुभकामनाएं

बाबागंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार : हीरागंज क्षेत्र के बाबू अमर बहादुर सिंह शिक्षण संस्थान में मंगलवार से नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत हुई। प्रबंधक अभय प्रताप सिंह पप्पन ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर नए सत्र की शुरुआत की। उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों को संबोधित करते हुए अभय प्रताप ने कहा कि शिक्षा से ही एक ऐसी माध्यम है जिससे देश का चतुर्दिक विकास हो सकता है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर मूल्यवान है। इसका सकारात्मक प्रयोग ही आपके भविष्य का बेहतर निर्माण करेगा। इस अवसर पर अशोक सिंह, संतोष तिवारी, प्रभाकर यादव, अखिलेश, शशि मिश्रा, अवनीश तिवारी, अतुल यादव, अमरेश तिवारी, अतुल सिंह आदि मौजूद रहे।

पीबीपीजी कालेज में छात्रा को प्रशस्ति पत्र देते प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव।

ऋचा सहित 12 छात्राओं को प्राचार्य ने किया सम्मानित

प्रतापगढ़, अमृत विचार : प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा आयोजित युवोत्सव में एकल शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में पीबीपीजी कालेज की बी.एड. विभाग की छात्राध्यापिका ऋचा त्रिपाठी ने मण्डल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने ऋचा त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा रंगोली, नृत्य, सुर संधान, भाषण प्रतियोगिता सहित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाली 11 छात्राओं को प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। इस दौरान प्रो .बृजभानु सिंह, प्रो. ब्रम्हानंद प्रताप सिंह, प्रो .उपेंद्र कुमार सिंह, रश्मि सिंह, डा .भावना सिंह, डा .नीरज त्रिपाठी, डा .भूपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

श्रमिकों की जगह जेसीबी से हो रहा कार्य

हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार। ड्रमंडगंज वन रेंज के मड़वा धनावल व बंजारी कला जंगल में ग्रीन इंडिया मिशन संयुक्त वन प्रबंधन समिति द्वारा पौधरोपण हेतु बोना नाली व गढ्ढा खुदाई का कार्य श्रमिकों से न कराकर जेसीबी मशीन से कराया जा रहा है।

मड़वा धनावल जंगल में पौधरोपण हेतु गड्ढा व बोना नाली के लिए बीस लाख रुपए व बंजारी कला के लिए दस लाख रुपए का कार्य श्रमिकों के माध्यम से कराने के लिए आया था लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण श्रमिकों से कार्य न कराकर जेसीबी मशीन से आधा अधूरा कार्य करा लिया गया है। जेसीबी मशीन से कार्य कराए जाने में समिति के अध्यक्ष व सचिव की संलिप्तता है। जहां श्रमिकों को एक बोना नाली के लिए 76 रुपए बीस पैसे का भुगतान व गड्ढे के लिए 11 रुपए प्रति गड्ढे का भुगतान होना था लेकिन जेसीबी मशीन को 25 रुपए प्रति बोना नाली व चार रुपए प्रति गड्ढा के हिसाब से भुगतान कर कार्य संपन्न करा दिया गया है। इस संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी वन विभाग मिर्जापुर अरविंद राज मिश्रा ने बताया कि अगर जेसीबी मशीन से कार्य कराया गया है तो जांच कर कार्रवाई किया जायेगा।

बंद घर से लाखों के जेवर व नकदी चोरी

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज

- इलाज कराने दिल्ली गये थे घरवाले, लौटने पर घर में बिखरा मिला सामान

अमृत विचार : दिल्ली इलाज कराने गये परिजनों के बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात और नकदी उड़ा दिया। मंगलवार सुबह वापस लौटने पर जब घरवालों ने कमरे का ताला टूटा और बिखरा सामा देखा तो उनके होश उड़ गये। उन्होंने तत्काल नैनी पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गयी। घटना की तहरीर भुक्तभोगी ने नैनी कोतवाली में दी है। घटना नैनी के रिफ्यूजी कालोनी की है।

रिफ्यूजी कालोनी, नैनी के रहने वाले राज कुमार अरोरा स्थानीय प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। कंपनी बंद होने के बाद उन्होंने वीआरएस ले लिया था। इनकी एक बेटी लंदन में नौकरी करती है, जबकि बेटा गौरव मुंबई की कंपनी में काम करता है। राजकुमार पैरालाईसिस से पीड़ित थे। वह दिल्ली इलाज कराने के लिए गए थे। घर पर ताला बंद था। सोमवार की देर रात चोरों भी सूना मकान देखकर खिड़की उखाड़कर घर के जाने घुस गये। इसके बाद पूरे घर को खंगाल डाला। चोरो ने घर में रखी आलमारी का लाक तोड़कर लगभग 4 लाख के जेवरात और लाखों रुपये नकदी उड़ा दिया। घर में लगे पेड़ों को पानी डालने के लिए घर की चाभी एक लड़के के पास देकर गये थे। सोमवार शाम जब वह पानी डालने आया तो खिड़की का दरवाजा उखड़ा देखा। इसके बाद वह आसपास के लोगों को बुलाया। घटना की जानकारी राजकुमार अरोरा को दी गई। पुलिस भी मौके पर पहुंचकर छानबीन की। मंगलवार सुबह राजकुमार जब दिल्ली से वापस लौटे तो घर की हालत देख दंग रह गए। भुक्तभोगी के अनुसार तीन चार लाख का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल पहले भी उनके घर में इसी तरह से बड़ी चोरी हो चुकी है। तब वह अपनी बेटी के पास लंदन गए हुए थे।

6 परियोजनाओं का शिलान्यास

संवाददाता, मिर्जापुर

- प्रत्येक परियोजना को गुणवत्तापूर्ण व ससमय कराएं पूर्ण : अनुप्रिया पटेल

अमृत विचार : केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा रासायनिक उर्वरक, भारत सरकार, अनुप्रिया पटेल ने जनपद के पर्यटन विकास हेतु मां विन्ध्यवासिनी देवी तीर्थ स्थल एवं जनपद के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों के विकास हेतु पर्यटन विकास के तहत कराये जाने वाले 1961.44 लाख की लागत से कुल 06 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद श्याम नरायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, विधायक छानबे रिंकी कोल, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्याम सुन्दर केसरी, जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द के अलावा मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड निर्माण ईकाई के द्वारा कराए जा रहे कार्यो में 425.16 लाख की लागत से मां विन्ध्यवासिनी देवी तीर्थ स्थल से जुड़े पौराणिक कथानक इत्यादि का आर्ट वर्क गैलरी के निर्माण का कार्य, 494.54 लाख की लागत से अष्टभुजा स्थित कालीखोह रोपवे पर पर्यटन अस्थापना सुविधाओं के कार्य, 198.76 लाख की लागत से विन्ध्याचल में स्थित दीवान घाट पर शौचालय एवं सांस्कृतिक संध्या एवं आरती मंच का निर्माण कार्य, 407.79 लाख की लागत से विन्ध्याचल में शौचालय के निर्माण कार्य, 77.90 लाख की लागत से चिन्दलिख गहरवार में हनुमान मन्दिर के सुन्दरीकरण एवं पर्यटन विकास का कार्य तथा 330.29 लाख की लागत से नरायनपुर में बैकुण्ठ महादेव स्थल के पर्यटन विकास का कार्य शामिल हैं जिसका शिलान्यास इलेक्ट्रिक बटन दबाकर केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल व उपस्थित अन्य जन प्रतिनिधि के द्वारा किया गया।

एसडीएम ने पांच लोगों को भेजा जेल

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों से पुलिस ने भूमि विवाद व महिला से अभद्रता करने के मामले में सोमवार की शाम पांच लोगों को गिरफ्तार कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर एसडीएम लालगंज के न्यायालय में हाजिर किया। जिस पर एसडीएम ने पांचों लोगों को न्यायालय से न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस ने महुगढ गांव से भूमि विवाद कर रहे प्रथम पक्ष से पंवारी खुर्द गांव निवासी जितेंद्र कुमार व दुसरे पक्ष से महुगढ़ गांव निवासी उदय, रमेश, चंदन को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में हाजिर किया था।

बाइक से गिरी महिला सफाईकर्मी, हुई मौत

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के तीता गांव के जमतीहवा मुहल्ला फुलियारी गांव में मंगलवार को सुबह 7 बजे महिला सफाई कर्मी अपने साथी सफाई कर्मी के साथ बाइक पर बैठकर ड्यूटी पर जा रही थी कि अचानक बाइक पर पीछे बैठी महिला सफाई कर्मी असंतुलित हो कर सड़क पर गिरने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

कुछ दूर आगे जाने के बाद साथी सफाई कर्मी अपने पीछे बैठी महिला सफाईकर्मी को न देखकर पीछे घूम कर देखा तो नहीं थी। सौ मीटर पहले ही बाइक से सड़क पर गिरी हुई थी, जिसे वापस आ कर उठाते हुए सफाई कर्मी के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन उसे लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने महिला सफाईकर्मी को मृत घोषित कर दिया। हलिया थाना क्षेत्र के बरया करौदिया गांव निवासी हरिशंकर विश्वकर्मा की 50 वर्षीय पत्नी श्याम कली दूसरे सफाई कर्मी के साथ अपने तैनाती स्थल से संचारी रोग अभियान के ड्यूटी में मुडपेली गांव बाइक से जा रही थी।

एक नजर

राम बरन महाविद्यालय में आज बांटे जाएंगे टैबलेट

सुलतानपुर, अमृत विचार। राम बरन महाविद्यालय बिभारपुर, जयसिंहपुर में बुधवार को मुख्यमंत्री की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 340 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह 'वत्स' होंगे। राम बरन महाविद्यालय के प्रशासक संजय सिंह ने बताया कि बुधवार को प्रबंधक अजय कुमार सिंह का 63वां जन्मदिन भी है। उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में कॉलेज परिसर में पौधारोपण भी किया जाएगा।

पानी के विवाद में मारपीट दो लोग घायल

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के मैंने पारा गांव में सोमवार की रात लगभग आठ बजे नल से पानी भरने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी डंडे चलने लगे। जिसमें एक पक्ष के लाल बहादुर एवं दूसरे पक्ष की नंदिनी घायल हो गई। लाल बहादुर की तहरीर पर पुलिस ने नंदिनी, सुमित कुमार, संतराम एवं मालती के विरुद्ध तथा नंदिनी की तहरीर पर लाल बहादुर एवं सीमा के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तमंचे से फायरिंग में बाल अपचारी दबोचा गया

सुलतानपुर, अमृत विचार : गोसाईगंज पुलिस ने अकोढ़ी गांव में तमंचे से फायरिंग केस में बाल अपचारी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। रविवार को अकोढ़ी गांव का एक किशोर पड़ोस में एक महिला के यहां गया हुआ था। आरोप है कि वह वहां महिलाओं को तमंचा दिखाने लगा। एक महिला असलहा देख रही थी, इस बीच लोडेड तमंचे से गोली चल गई, दो महिलाएं आंशिक रूप से घायल हो गई।

पुरुषोत्तम हत्याकांड के 5 दोषियों को उम्रकैद

जगदीशपुर के मखदुमपुर में पांच साल पूर्व बलवा, आपराधिक षड्यंत्र व हत्या का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः अमेठी जिले के थाना क्षेत्र जगदीशपुर के मखदुमपुर में पांच साल पूर्व बलवा आपराधिक षड्यंत्र व हत्या के पांच दोषियों को अपर सत्र न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने उम्र कैद की सजा सुनाकर मंगलवार को जेल भेज दिया है। कोर्ट ने दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया है।

सरकारी वकील विजय शंकर शुक्ला के मुताबिक पुरानी रंजिश में 7 फरवरी 2019 की शाम पुरुषोत्तम दत्त तिवारी की मखदुमपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। प्रभाकर तिवारी ने घटना में मखदुमपुर निवासी इंद्रेश प्रताप सिंह, संग्राम सिंह, मलखान सिंह, मुंशीगंज थाना क्षेत्र के चंदौसी निवासी विजय सिंह तथा कैमा निवासी दीपराज सिंह के खिलाफ बलवा आपराधिक षड्यंत्र और सामान्य आशय से हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया था। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। आरोपी इंद्रेश विजय सिंह व दीपराज सिंह से अवैध हथियार भी बरामद हुआ था जिसमें कोर्ट ने तीनों को एक साल की सजा और दो हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अमेठी में जमीन धोखाधड़ी में अग्रिम जमानत निरस्त

संवाददाता, सुलतानपुर : अमेठी जिले के त्रिशुण्डी शाखा की बैंक ऑफ बड़ौदा में एक महिला ने नाम बदलकर किसान क्रेडिट कार्ड बनवाकर छह लाख रुपये का ऋण ले लिया। जब बैंक ने बकाया राशि की नोटिस भेजी, तब इस धोखाधड़ी की जानकारी हुई। फर्जी नाम से ऋण लेने वाली महिला की पहचान कराने वाले का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने निरस्त कर दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता राम अचल मिश्र के अनुसार, अरुण मिश्र निवासी गडेरी थाना संग्रामपुर ने 14 मार्च 2016 को पीपरपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। उनके अनुसार, उनकी वृद्ध माता कर्मावती के नाम गडेरी गांव में 5 हेक्टेयर भूमि है। कुछ दिनों पहले बैंक ऑफ बड़ौदा ने छह लाख रुपये के ऋण का बकाया अदा करने की नोटिस भेजी। जब जांच की गई तो पता चला कि कर्मावती के फर्जी पहचान पत्र और राशन कार्ड बनवाकर पूरी जमीन को छह लाख रुपये में बंधक रख दिया गया है। इस धोखाधड़ी के लिए शकुंतला देवी निवासी संभरी गडेरी ने अपनी फोटो लगाई और नीरज शुक्ला निवासी अगहर थाना अमेठी ने उन्हें कर्मावती के रूप में पहचान किया और गारंटर बने। इसमें शाखा प्रबंधक डीपी श्रीवास्तव की भी मिलीभगत रही। पुलिस ने विवेचना कर तीनों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में भेजा। जब नोटिस मिली तो नीरज शुक्ला ने जिला जज के न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जज ने घटना और आरोपित के कृत्य को गंभीर मानते हुए जमानत पर छोड़ने लायक नहीं समझा।

▸▸ अमेठी के त्रिशुण्डी शाखा की बैंक ऑफ बड़ौदा में महिला ने नाम बदल किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए छह लाख का ऋण लेने का मामला

वकीलों की हड़ताल से नहीं हुई मननीयों के मुकदमे में कार्यवाही

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः एमपी एमएलए मजिस्ट्रेट न्यायालय में मंगलवार को एमएलसी शैलेन्द्र सिंह और पूर्व विधायकों चंद्र भद्र सिंह तथा सफदर रजा से संबंधित तीन मुकदमें नियत थे। वकीलों की हड़ताल के चलते इनमें कोई कार्यवाही नहीं हो सकी।

एमएलसी शैलेन्द्र सिंह पर कोतवाली देहात में एफआईआर गत विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में दर्ज की गई थी। उन पर आरोप है कि उन्होंने बिना अनुमति के मतदाताओं को लुभाने के लिए सहयोगी के साथ उतुरी गांव में दावत कराई थी। इस मामले में सारी गवाही हो चुकी है, लेकिन विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने बहस से पूर्व एक गवाह को तलब करने के लिए सत्र न्यायालय में रिवीजन दायर कर दिया है, जिसके कारण मुकदमे में अग्रिम कार्यवाही नहीं हो पा रही है। सफदर रजा और कमरुज्जमा फौजी पर पीपरपुर थाने में दो दशक पहले मुकदमा दर्ज किया गया था। उन पर आरोप है कि नोनरा बूथ से गायब मत पत्र उनके कब्जे से मिले थे। यह मुकदमा किसी अन्य न्यायालय में चल रहा था, लेकिन विशेष न्यायालय में विचारण के लिए आने के बाद से कमरुज्जमा की मृत्यु की रिपोर्ट मांगी जा रही है। रामदेव ने इसौली के पूर्व विधायक सोनू उर्फ चंद्र भद्र सिंह पर परिवाद दायर किया है, जिसमें भी कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।

लंभुआ में शिक्षक संकुल ने दिया पद से त्यागपत्र

संवाददाता, सुलतानपुर

▸▸ ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में उठाया गया कदम

अमृत विचारः बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अव्यावहारिक ऑनलाइन फेस रिकॉग्निशन अटेंडेंस लागू होने से पहले अध्यापकों के मूलभूत सुविधाओं जैसे अर्जित एवं हाफ सीएल अवकाश, विभाग से संबंधित उन्नत प्रौद्योगिकी, शिक्षण कार्य के अतिरिक्त कार्य न लिए जाने जैसे मुद्दों में सुधार न करने के कारण विकास क्षेत्र लंभुआ के समस्त शिक्षक संकुल ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया।

इस दौरान बृजेश सिंह, केदार दूबे, डा राम सागर गुप्ता, विजय श्रीवास्तव, जितेंद्र त्रिपाठी, अतहर खान, पंकज सिंह, लालता प्रसाद, विनय कुमार आदि ने लंभुआ खंड शिक्षा अधिकारी अजय सिंह को सामूहिक रूप से शिक्षक संकुल के पद से त्यागपत्र दे दिया। शिक्षक संकुल के पद से त्यागपत्र देने वालों में केदार दूबे और बृजेश सिंह ने बताया कि हम सभी शिक्षक अपने अपने शिक्षक संकुल पद का दायित्व विद्यालय अवधि एवं उसके उपरांत भी पूरी सत्यनिष्ठा के साथ निभाते आ रहे है परंतु बिना मूलभूत सुविधाओं के रहते हम सभी ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में त्यागपत्र दे रहे हैं।

ताजिए के रास्ते को लेकर विवाद, दो पक्ष आमने-सामने

भदैंया, सुलतानपुर

अमृत विचारः तजियादार नया रास्ता बनने के बाद भी पुराने रास्ते से ताजिया लेकर जाने पर अड़े हैं। जिससे उदयपुर गांव में दो दिन से सौहार्द का मामला गरम हो गया है। मौके पर राजस्व व पुलिस टीम के पहुंचने के बाद भी अभी हल नहीं निकल सका है। पंचायत जारी होने के बीच मामला गर्माता जा रहा है।

कोतवाली देहात के उतुरी के पास स्थित उदयपुर गांव में मोहर्रम के ताजिए को ले जाने को लेकर फिर विवाद सामने आ गया है। परंपरा की बात करते हुए ताजिएदार पुराने रास्ते से ही ताजिया ले जाने पर अड़े है। जिसके चलते जयशंकर चौरसिया के दरवाजे के बाहर से ताजिया जाता है। अब नया रास्ता बनने से वहां पर जयशंकर के घर की रसोईघर बन गया है। ताजियादार पुराने रास्ते व परंपरा का हवाला देकर रसोईघर की दीवाल तोड़कर ताजिया जुलूस ले जाने पर अड़े है।

> चौरसिया ने जानबूझकर रास्ते में ईंट की दीवार बनाकर रसोई घर बना लिया है। बातचीत की गई, लेकिन कोई सार्थक बात नहीं बन पाई। उम्मीद है कि बुधवार को मामला हल हो जाएगा और शांतिपूर्ण तरीके से उसी रास्ते से ताजिया निकलवाया जाएगा। -अब्दुस सलाम, सीओ लंभुआ

उनका कहना है कि इसके पहले हर साल उसी स्थल से ताजिया का जुलूस निकलता था। इसको लेकर दोनों पक्ष आमने सामने है तथा धार्मिक सद्भाव बिगड़ने का खतरा बढ़ गया है। मामले में थानेदार सहित सीओ व राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर चुकी है। अब रसोईघर के बगल से खड़ंजा मार्ग बनाया गया है। दूसरे पक्ष का कहना है कि रास्ता होने के बाद भी रसोई घर की दीवार तोड़कर ताजिया ले जाना गलत है। परंपरा के नाम पर प्रशासन चुप रहता है, लेकिन इस बार प्रशासनिक लापरवाही नहीं होगी और इस मार्ग से ताजिया नहीं जाने दिया जाएगा। वहीं, प्रशासन इस मामले में चुप है। मौके पर विवाद न हो इसके लिए राजस्व व पुलिस को नजर बनाए रखने का निर्देश दिया है। सोमवार को तजियादार डीएम से लेकर उच्चाधिकारियों से फरियाद कर पुराने रास्ते से ताजिया ले जाने की गुहार किया है। बुधवार को मोहर्रम है। अभी तक मामले का निराकरण नहीं हो सका है।

पुराने ताजिया के रास्ते पर बन गया रसोईघर। अमृत विचार

● पुराने रास्ते से ताजिया ले जाने पर अड़े ताजिएदार, पुलिस व राजस्व टीम मौके पर समझाने में जुटी

चौकी प्रभारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी। विवाद की स्थिति नहीं बनने दी जाएगी।

सेफ्टी बेल्ट टूटी, गिरकर मजदूर की मौत

भदैंया, सुलतानपुर

मजदूर की मौत के बाद रुका आरओबी का निर्माण कार्य। फोटो : अमृत विचार

● आरओबी का निर्माण कार्य होते समय हुआ हादसा

अमृत विचारः सुलतानपुर वाराणसी फोरलेन हाइवे के पखरौली रेलवे स्टेशन के पूरब बन रहे रेलवे ओवर ब्रिज पुल पर सेफ्टी किट की बेल्ट टूटने से काम कर रहे मजदूर पुल से नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली देहात थाने के वाराणसी फोरलेन हाईवे पर पखरौली रेलवे स्टेशन के पूरब अभियाखुर्द गांव में आरओबी पुल बन रहा है। आरओबी का काम अंतिम चरण में चल है। पुल का काम दक्षिण भारत के असम की कंपनी करा रही है। जिससे पुल पर करने वाले अधिकांश मजदूर असम राज्य के ही है। शनिवार को असम राज्य से कुछ नये मजदूर आए थे, जिनमें सोनोवाल कछारिस (35) भी आया था। सोमवार की सुबह नौ बजे वह पुल पर करीब 40 फुट ऊपर चढ़कर लोहे की प्लेट को बेल्डिंग कर रहा था। अचानक सेफ्टी बेल्ट टूटने से वह नीचे गिर गया। बीच में पुल के गार्डर से टकराने से उसको गंभीर चोट आई। साथी व ठेकेदार उसको लेकर चार पहिया वाहन से लखनऊ ट्रामा सेंटर भागे। जहां सोमवार की रात इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गयी है। साथियों ने बताया कि मृतक के शव को घर परिजनों को भेजने की व्यवस्था की गयी है।

कोचिंग में नहीं पढ़ सकेंगे 16 साल तक के बच्चे

सुलतानपुर, अमृत विचार। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कोचिंग संस्थानों के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसके अनुसार 16 साल के कम उम्र के बच्चों का कोचिंग संस्थानों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

आयोग के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिले के सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के सभी प्रधानाचार्यों को इसका कड़ाई से पालन करने को पत्र जारी किया है। इसके अलावा कोचिंग संस्थान किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी नहीं दे सकते हैं। जैसे अच्छे नम्बर या रैंक दिलाने की गारंटी, कोचिंग संस्थान ग्रेजुएट से कम योग्यता वाले शिक्षकों की नियुक्ति नहीं कर सकते हैं। साथ ही किसी भी ऐसे व्यक्ति को नियुक्त नहीं कर सकते है जो नैतिक कदाचार से जुड़े किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो। कोचिंग संस्थान के पास एक परामर्श प्रणाली होनी चाहिए।

आयोग ने कहा है कि कोचिंग संस्थान की वेबसाइट पर शिक्षकों की योग्यता, पाठ्यक्रम / पाठ्य सामग्री पूरा होने की अवधि छात्रावास सुविधाएं और लिए जाने वाले शुल्क का अद्यतन विवरण होना चाहिए। आयोग के आदेश पर कई कोचिंग संस्थानों में ताला लटक जाएगा।

ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : अम्बेडकर नगर जिले के बेवाना थाना क्षेत्र के सिवरानाली गांव निवासी विपिन (25) पुत्र राम सुभावन बाइक से रात करीब पौने नौ बजे अपनी ससुराल गोशैसिंहपुर जा रहा था। दोस्तपुर बिरसिंहपुर मार्ग पर बभनगंवा गांव के समीप पहुंचा था। जहां पीछे से आ रही ट्रक की वजह से वो बाइक से सड़क किनारे हो गया। वहां गिट्टी का ढेर था जिससे वह बाइक समेत अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर दोस्तपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वर्ग पहेली-133

बाएं से दाएं

1.1. गैंडा 2. सुअर 3. मुरगा।

3.1. वह कथन जिसमें किसी मत या सिद्धांत का दृढ़तापूर्वक निरूपण किया गया हो 2. ऐसी प्रतिकृति जो ठीक मूल आकृति जैसी हो।

4.1. जलता हुआ कोयला आदि 2. मंगल ग्रह, मंगलवार 3. भृंगराज, भांगरा, कटसरैया नामक पेड़ 4. कार्बन नामक रासायनिक तत्व।

6. जिसके पास टके हों अर्थात धनी, धनवान।

7.1. काला, सांवला 2. मलिन, गंदा 3. मुरझाया हुआ, कुम्हलाया हुआ।

8.1. मंत्री, (मिनिस्टर) 2. मध्यकाल में बादशाह का सलाहकार, सचिव 3. शतरंज के खेल का एक मुहरा।

ऊपर से नीचे

2.1. शारीरिक, देह से संबंधित 2. देहजनित, शरीर से उत्पन्न।

3. बहुत तेज़ चाल

4. बीच की अवधि या समय, मध्यांतर, दो घटनाओं के बीच का समय।

5. वह असामी जो दूसरों की भूमि पर खेतीबारी करता हो, काश्तकार, कृषक, हलवाहा।



वर्ग पहेली -132 का हल

1 दा		2 र	3 स	वं	ती
ढ़ा			ट		
	4 अ	ध	प	ग	5 ला
	क		टा		ठी
6 मा	ल	वा	ह	क	
	बी		ट		7 मा
8 प	र	वा			टा

योजना के तहत 55 किसानों को बांटे प्याज के बीज

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

हांसापुर पंचायत भवन पर बीज वितरित करते ब्लॉक प्रमुख मोतिगरपुर। अमृत विचार

● किसान बरसात के माह में होने वाले प्याज को जरूर उगाएं: ब्लॉक प्रमुख

अमृत विचारः मंगलवार को उद्यान एकीकृत बागवानी विकास मिशन औद्योगिक विकास योजना अंतर्गत संकर शाकभाजी प्याज बीज का निःशुल्क वितरण पांडे बाबा बाजार में उद्यान विभाग के मोतिगरपुर इंस्पेक्टर विजय सिंह ने ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रताप सिंह के हाथों से कराया।

इस मौके पर प्रमुख ने किसानों से कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस निःशुल्क बीज का लाभ उठाते हुए सभी लोग बरसात के महीने में होने वाले प्याज को जरूर उगाएं। इस मौके पर उन्होंने करीब 55 किसानों को निःशुल्क प्याज बीज का वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्याज उगाने से प्याज के बढ़ते दाम पर भी अंकुश लगेगा। उद्यान इंस्पेक्टर विजय सिंह ने किसानों को बरसात के महीने में प्याज बीज की नर्सरी को उगाने की विधि भी बताई। इस मौके पर किसान केडी सिंह, अजय वर्मा, नीलकमल, जगदीश मौर्य, अंशू मौर्य, रामकुमार मौर्य, पंकज वर्मा, दिनेश मौर्य, विजय वर्मा, अनिल वर्मा, राज यादव, गुड्डू सिंह, रामयज्ञ मौर्य सहित कई गांव के आदि किसान मौजूद रहे।

सुडोकू-46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		7	1				2	
		2		4	8	1		
	3			9		5	6	
	1	8		7				
9	4						7	1
				5		4	3	
	5	4		1			8	
		9	6	3		7		
	7				2	9		

सुडोकू -45 का हल

9	1	2	4	7	6	3	8	5
7	6	5	9	8	3	4	2	1
8	3	4	2	5	1	7	6	9
6	8	7	1	4	2	9	5	3
2	4	9	7	3	5	8	1	6
1	5	3	6	9	8	2	4	7
5	7	1	8	2	9	6	3	4
4	2	6	3	1	7	5	9	8
3	9	8	5	6	4	1	7	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 21.02 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। तारबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- अनुराधा 18 जुलाई 03.13 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। किसी उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्ति से मार्गदर्शन एवं सानिध्य मिलेगा व्यापार में बड़ा उन्नति कारक परिवर्तन होने के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में आपकी लगन एवं ईमानदारी कार्यशैली उच्चाधिकारियों को प्रभावित करेगी।

वृष — आज व्यापार में बार-बार अपना निर्णय न बदलें। इससे आपके सहयोगियों के मध्य हताशा व असमंजस्य बढ़ेगा। रोजगार की तलाश में इधर से उधर भटकना पड़ेगा। नौकरी में अधिकारियों से उचित दूरी बनाकर रखें।

मिथुन — आज किसी सामाजिक कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है। रोजगार की तलाश पूरी होगी। कोर्ट कचहरी के मामले में आई बाधा किसी मित्र के सहयोग से दूर होगी। व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। कृषि कार्य में सरकारी योजना का लाभ मिलेगा।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में व्यर्थ भागदौड़ बनी रहेगी। भोग विलास में अत्यधिक रुचि रहेगी। किसी अनचाही यात्रा पर जानना पड़ेगा। जमा पूंजी धन व्यर्थ कार्यों पर खर्च होगा। किसी वरिष्ठ परिजन के कारण व्यय हो सकता है। उद्योग धंधे में नए सहयोगी बनेंगे।

सिंह — आज किसी विशिष्ट व्यक्ति से सहयोग, सानिध्य मिलेगा। राजनीति में वर्चस्व स्थापित होगा। रोजगार के अवसर मिलेंगे। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। व्यापार में आय एवं व्यय में सामान्यता रहेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं।

कन्या — आज आपको मनचाहे स्थान पर तैनाती मिल सकती है। भूमि के क्रय विक्रय, कृषि कार्य में लगे लोगों को परिजनों मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने से मनोबल में वृद्धि होगी। आपकी कार्यशैली लोगों को प्रभावित करेगी।

तुला — आज धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है, जो भी काम करें पहले उसकी योजना बना लें। अनुचित खानपान के कारण पाचन खराब होने की आशंका है। आजीविका के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की व्यक्तिगत समस्याएं बढ़ सकती है। नौकरी में अपने कार्य के प्रति अधिक ध्यान दें।

वृश्चिक — आज धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में चली आ रही विभिन्न बाधाएं कम होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को नवीन व्यवसाय के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी।

धनु — आज आजीविका के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की व्यक्तिगत समस्याएं बढ़ सकती है। नौकरी में अपने कार्य के प्रति अधिक ध्यान दें। व्यवसाय के क्षेत्र में सलंग्न लोगों को व्यापार में लाभ होने की अच्छी संभावना है। आपके साहसिक कार्य की कार्यक्षेत्र में चारों चर्चा होगी।

मकर — आज दिन की शुरुआत अधिक सुख एवं उन्नति कारक रहेगी। किसी लंबी दूरी की यात्रा अथवा विदेश यात्रा पर जाने के योग बनेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि बढ़ सकती है। व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को नवीन व्यवसाय के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी।

कुंभ — आज शुभ समाचार मिलेगा। समाज में उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संपर्क करेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े हुए व्यक्तियों को व्यापार में लाभ एवं उन्नति के योग बनेंगे। आजीविका नौकरी के क्षेत्र में संलग्न लोगों को परिश्रम का फल प्राप्त होगा।

मीन — आज अपनी कार्यक्षमता को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। व्यवहार को अच्छा बनाए रखें। पढ़ाई में अधिक मुश्किल और परिश्रम करने की आवश्यकता रहेगी। कोर्ट कचहरी के मामलों में सतर्कता रखें। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	राम बलराम सुबह : 09.47	SONY PIX	द डार्क नाइट सुबह : 11.35
	बुलेट रानी शाम : 05.12		जॉन रैम्बो रात : 09.00
&pictures	थलाइवी सुबह : 11.04	ZEECINEMA	टीबीए सुबह : 09.54
	राधे शाम : 05.14		लगान दोपहर : 03.24
colors CINEPLEX			दस सुबह : 09.26
			मद्रास कैफे रात : 09.55

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर शाम : 05.14 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- मेरा वजन कैसे कम होगा?

पति- अपनी गर्दन को दाएं से बाएं हिलाती रहो।

महिला- अच्छा, पर ये किस समय करूं?

पति- जब कोई खाने को पूछे।

चिंटू जंगल में जा रहा था, अचानक भालू देखकर सांस रोककर जमीन पर लेट गया।

ये देखकर भालू आया और चिंटू के कान में बोला- भूख नहीं है, वरना सारी होशियारी निकाल देता।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल (प्रति क्वि.) चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन: चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 आटा मैदा मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	73,350
सोना रवा	73,200
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	92,100
चांदी (999)	92,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

समय पर कार्रवाई करेगा दूरसंचार मंत्रालय

दूरसंचार परिचालकों और इस क्षेत्र के अन्य भागीदारों के साथ केंद्रीय संचार मंत्री ने की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार मंत्रालय, दूरसंचार परिचालकों और इस क्षेत्र के अन्य भागीदारों के साथ चर्चा के दौरान चिन्हित मुद्दों पर तय समयसीमा के भीतर कार्रवाई योजना पर काम करेगा। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने छह समितियों में से तीन के साथ बैठक की।

बैठक में रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी, भारती एयरटेल के संस्थापक तथा चेयरमैन सुनील भारती मित्तल और वोडाफोन आइडिया के प्रबंध निदेशक तथा सीईओ अक्षय मूंदड़ा सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। सिंधिया ने कहा कि हमने इन समितियों के लिए एक मजबूत एजेंडा की पहचान की है। अब इन समितियों के सदस्य और हम मिलकर काम करेंगे। उद्योग निकाय सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक एसपी कोचर भी बैठक में थे। सिंधिया ने कहा कि इन समितियों की पहली प्रस्तुति के लिए अलग कार्यक्रम हैं, जो कुछ सप्ताहों में होंगे। हम व्यक्तिगत मुद्दे पर विचार करेंगे, विवरण पर गहनता से ध्यान देंगे और कार्ययोजना, समयसीमा और कार्रवाई योग्य बिंदु तैयार करेंगे।

● बैठक में जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के निदेशक हुए शामिल

स्पेक्ट्रम के लिए एयरटेल, जियो, वोडाफोन आइडिया को 11,340.7 करोड़ का डिमांड नोटिस जारी

स्पेक्ट्रम नीलामी समाप्त होने के तीन सप्ताह बाद, दूरसंचार विभाग ने मंगलवार को दूरसंचार सेवा प्रदाताओं - एयरटेल, रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया को 11,340 .7 करोड़ रुपये से अधिक की कुल राशि के स्पेक्ट्रम के भुगतान के लिए डिमांड नोटिस भेजा। विभाग ने कंपनियों को पत्र भेज कर राशि जमा कराने को कहा है। भारती एयरटेल से 6,856 .76 करोड़, वोडाफोन आइडिया से 3,510 .40 करोड़ और रिलायंस जियो से 973 .62 करोड़ रुपये जमाक कराने के लिए कहा गया है।

दरें बढ़ाने से कंपनियों का एआरपीयू होगा उच्च स्तर पर

मुंबई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि सभी निजी दूरसंचार सेवाप्रदाताओं द्वारा शुल्क दरें एक साथ बढ़ा देने से उनकी प्रति ग्राहक औसत कमाई (एआरपीयू) वित्त वर्ष 2025-26 में 225 रुपये से अधिक के उच्चतम स्तर पर पहुंच जाएगी। एजेंसी ने कहा कि उच्च लाभप्रदता और कम पूंजीगत व्यय से दूरसंचार कंपनियों के क्रेडिट प्रोफाइल में भी सुधार होगा। 2023-24 की तुलना में 2025-26 में दूरसंचार कंपनियों का एआरपीयू 25 प्रतिशत बढ़ जाएगा। क्रिसिल के उप मुख्य रेटिंग अधिकारी मनीष गुप्ता ने कहा कि अगले वित्त वर्ष के अंत तक उद्योग का एआरपीयू पिछले वित्त वर्ष के 182 रुपये की तुलना में 225-230 रुपये के दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच जाना चाहिए।

सेबी ने पेटीएम को भेजा चेतावनी पत्र

SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA

● शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पीपीबीएल के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को सेबी से प्रशासनिक चेतावनी पत्र मिला है। मामला 2021-22 में ऑडिट समिति या शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पेटीएम पेमेंट्स बैंक्स (पीपीबीएल) के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा है। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि उसने सेबी के नियमों के अनुपालन में काम किया है।

फिनटेक कंपनी ने कहा कि वह अनुपालन मानकों को बनाए रखने और पारदर्शिता को लेकर प्रतिबद्ध है और सेबी को जवाब देगी। सेबी ने 15 जुलाई को लिखे पत्र में कहा कि उसने वन97 कम्युनिकेशंस और उसकी सहयोगी पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) से संबंधित वित्तीय तथा अन्य सूचनाओं के खुलासे के संदर्भ में जांच की है। पत्र के अनुसार इस संदर्भ में जांच के दौरान निम्नलिखित गैर-अनुपालन देखे गए 2021-22 में कंपनी और/या इसकी अनुषंगी कंपनियों ने पीपीबीएल के साथ अतिरिक्त संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी) या तो लेखा परीक्षा समिति या शेयरधारकों की उचित मंजूरी के बिना किए। पेटीएम ने बीएसई को दी गई सूचना में सेबी के पत्र की विषय-वस्तु साझा की। बाजार नियामक के पत्र के अनुसार, कंपनी ने दावा किया कि उसने शेयरधारकों के संदर्भ के लिए कंपनी तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा पीपीबीएल के साथ किए गए लेनदेन का संचयी संख्यात्मक मूल्य प्रदान किया था।

सेबी ने रीट, इनविट नियमों में किया संशोधन

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) निवेश ट्रस्ट रीट और इनविट के लिए यूनिट आधारित रोजगार लाभ योजना लेकर आया है। इसकी रूपरेखा के तहत सेबी ने ट्रस्ट के माध्यम से योजना को लागू करने के तौर-तरीकों को रखा है। इसमें कर्मचारी लाभ ट्रस्ट द्वारा यूनिट प्राप्त करने का तरीका और रीट (रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) और इनविट (इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) की तरफ से कर्मचारी लाभ ट्रस्ट को यूनिट के आवंटन का तरीका है। सेबी ने दो अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा है कि यूनिट-आधारित कर्मचारी लाभ योजना कर्मचारी यूनिट विकल्प योजना की तरह होगी। कर्मचारी यूनिट विकल्प योजना के तहत निवेश प्रबंधक कर्मचारी लाभ ट्रस्ट के माध्यम से अपने कर्मचारियों को यूनिट विकल्प प्रदान करता है। योजना का क्रियान्वयन कर्मचारी लाभ ट्रस्ट (ईबी ट्रस्ट) से किया जाएगा।

तीसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी शिखर पर

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी नये शिखर 24,600 अंक के ऊपर पहुंच गया। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, दूरसंचार और आईटी शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

सेंसेक्स 51.69 अंक यानी 0.06 प्रतिशत चढ़कर उच्चतम स्तर 80,716.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 233.44 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 80,898.30 अंक तक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.30 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 24,613 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 74.55 अंक यानी 0.30 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 24,661.25 अंक तक गया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज और कोटक बैंक में नुकसान से लाभ सीमित हुआ और दोनों सूचकांक दिन के उच्चस्तर से नीचे आये। सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार से रिकॉर्ड तेजी पर हैं। इसका प्रमुख कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लिवाली है। एफआईआई केंद्रीय बजट पेश होने से पहले भारतीय शेयरों में लिवाल बने हुए हैं। शेयरों के उच्च मूल्यांकन के बावजूद प्रमुख कंपनियों के तिमाही परिणाम से बाजार को समर्थन मिला है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के अनुसार केंद्रीय बैंक ज्यादा आश्वस्त है कि मुद्रास्फीति दो प्रतिशत लक्ष्य की ओर वापस आ रही है।

● सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर उच्चतम स्तर तो निफ्टी ने भी 24,600 अंक का बनाया रिकॉर्ड

हलवा समारोह : बजट तैयारियां अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

आम बजट 2024-25 के लिए तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण को चिह्नित करने वाला हलवा समारोह नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्रालय में आयोजित हुआ, जिसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मौजूद रहे। बजट की तैयारी में शामिल अधिकारियों की लॉक-इन प्रक्रिया शुरू होने से पहले हर साल हलवा समारोह होता है। इस वर्ष आम बजट 23 जुलाई, 2024 को पेश किया जाएगा।

वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट), अनुदान की मांग (डीजी), वित्त विधेयक आदि सहित सभी केंद्रीय बजट दस्तावेज भी डिजिटल सुविधा के सबसे सरल रूप का उपयोग करके संसद सदस्यों और जनता द्वारा बजट दस्तावेजों तक परेशानी मुक्त पहुंच के लिए केंद्रीय बजट मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे। ऐप को केंद्रीय बजट वेब पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है। 23 जुलाई को संसद में वित्त मंत्री द्वारा बजट भाषण पूरा होने के बाद बजट दस्तावेज मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे। समारोह में वित्त मंत्रालय के सचिव और बजट तैयारी में शामिल अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। वित्त मंत्री ने बजट प्रेस का दौरा किया और तैयारियों की समीक्षा की।

हलवा बांटतीं केंद्रीय वितमंत्री निर्मला सीतारमण।

बजट में राजकोषीय घाटा लक्ष्य घटाकर 5% कर सकती है सरकार

नई दिल्ली। सरकार राजस्व में आए उछाल के दम पर बजट में चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9-5 प्रतिशत कर सकती है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह संभावना जताई। सरकार ने इस साल फरवरी में अंतरिम बजट पेश करते समय वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि केंद्र सरकार 11.1 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय लक्ष्य से कोई समझौता किए बगैर राजकोषीय घाटा अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 4.9-5 प्रतिशत निर्धारित कर सकती है। 11.8 लाख करोड़ के अंतरिम बजट अनुमान की तुलना में चालू वित्त वर्ष के लिए शुद्ध बाजार उधारी में 35,000-55,000 करोड़ की कमी आने की भी बहुत संभावना है।

राष्ट्रीय

एक नजर

जल प्रदूषण मामले में ईडी ने पूर्व विधायक की शराब कंपनी पर मारा छापा

जालंधर। ईडी ने मंगलवार को फिरोजपुर जिले में मिट्टी और भूजल के कथित प्रदूषण के मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत पंजाब में शिअद के पूर्व विधायक दीप मल्होत्रा के स्वामित्व वाली एक शराब कंपनी के खिलाफ छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने पंजाब, दिल्ली और मध्य प्रदेश में शराब कंपनी के 7 परिसरों पर छापेमारी की। कंपनी मालब्रोस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड का स्वामित्व शराब व्यवसायी दीप मल्होत्रा, गौतम मल्होत्रा और उनके परिवार के पास है। पिछले साल फरवरी में ईडी ने गौतम मल्होत्रा को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था।

मणिपुर में केसीपी (एन) के 5 उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के थौबल जिले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन कंगलीपक कम्युनिस्ट पार्टी (नोंगड्रेनखोम्बा) के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने उग्रवादियों द्वारा अपहृत व्यक्ति को खोंगजोम टेकचाम इलाके में अभियान के दौरान छुड़ा लिया तथा उनके पास से हथियार व गोला बारुद बरामद किए। गिरफ्तार लोगों की पहचान कोनसाम रोहित सिंह (23), यांगलेम बिकास मेइती (24), थांगजाम चन्बा सिंह (27), मोइरांगथेम आनंद सिंह (37) और केइशाम नेल्सन सिंह (28) के रूप में की गयी है। उनके पास से 9 एम एम की चार पिस्तौल, 18 से अधिक कारतूस, चार पहिया वाहन और सात मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। जिरिबाम जिले के मोंगबुंग गांव में एक जवान की हत्या के बाद सुरक्षा बलों ने तलाश ली तथा हथियार बरामद किए।

सुप्रीम कोर्ट ने अवैध रेत खनन पर 4 राज्यों से मांगा जवाब, जुर्माना लगाने की दी चेतावनी

तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश से छह सप्ताह में जवाब देने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने अवैध रेत खनन मामलों की जांच और इसमें शामिल संस्थाओं के पट्टे समाप्त करने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश से छह सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि यदि राज्य छह सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं करते हैं तो उन पर 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। पीठ ने मामले को नवंबर में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिकाकर्ता एम. अलगरसामी की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि याचिका 2018 की है। उन्होंने कहा कि इन चार राज्यों ने नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अवैध रेत खनन की स्थिति पर हलफनामा दाखिल नहीं किया है।

भूषण ने कहा कि बड़े पैमाने पर अवैध रेत खनन जारी है जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है और अब तक केवल पंजाब सरकार ने ही अपना जवाब दाखिल किया है। याचिकाकर्ता ने तमिलनाडु के बारे में मामले पर संक्षिप्त नोट दाखिल किया है और राज्य को इस पर जवाब देना चाहिए। पीठ ने तमिलनाडु से संक्षिप्त नोट पर जवाब देने को कहा। शीर्ष अदालत ने 24 जनवरी 2019 को नोटिस जारी कर केंद्र, सीबीआई और पांच राज्यों को याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया था। याचिका में देश की नदियों और समुद्र तटों पर होने वाले अवैध रेत खनन के मुद्दे को उठाया गया है।

● खनन की जांच और इसमें शामिल संस्थाओं के पट्टे समाप्त करने के अनुरोध वाली याचिका पर कोर्ट कर रहा था सुनवाई

बिहार: वीआईपी प्रमुख सहनी के पिता की दरभंगा में हत्या, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

दरभंगा-पटना, एजेंसी

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की बिहार के दरभंगा जिले में उनके पैतृक घर पर मंगलवार को चाकू मारकर हत्या कर दी गई। दरभंगा एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस टीम जांच कर रही है। जीतन सहनी के शरीर पर चाकू से वार के निशान हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना को दुखद बताया तथा पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

नीतीश ने पूर्व मंत्री मुकेश सहनी से फोन पर बातचीत कर उन्हें सांत्वना दी। एसएसपी रेड्डी के अनुसार, बिरौल अनुमंडल पुलिस के पदाधिकारी, बिरौल थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर हैं। जांच के लिए दरभंगा के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया है। घटना स्थल पर प्रयोगशाला के दल और श्वान दस्ते की मदद से जांच की जा रही है।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने घटना को निंदनीय बताया है। बिहार के भाजपा प्रमुख चौधरी ने एक्स पर कहा, मुकेश सहनी के पिताजी की हत्या अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय घटना है।

सहनी की हत्या की राहुल-प्रियंका ने की कड़ी निंदा

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वीआईपी के संस्थापक तथा पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए इस घटना को निंदनीय बताया है। दोनो नेताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके पीड़ित परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की और कहा कि इस अपराध के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और सहनी परिवार को न्याय मिलना चाहिए। श्री गांधी ने कहा "विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक, बिहार के पूर्व मंत्री और इंडिया गठबंधन के हमारे साथी मुकेश सहनी जी के पिता जीतन सहनी जी की निर्मम हत्या का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है।

कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत पर सीबीआई, ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी नीति मामला

● सिसोदिया ने जमानत पर पुनर्विचार करने के लिए याचिका की है दायर

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में आप नेता मनीष सिसोदिया की जमानत देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सीबीआई तथा ईडी से जवाब मांगा। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने यह दलील देते हुए जमानत देने का अनुरोध किया है कि वह 16 महीने से हिरासत में हैं और उनके खिलाफ मुकदमा उसी चरण पर है जिस चरण पर पिछले साल अक्टूबर में था।

न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गयी। सिसोदिया ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टचार तथा धन शोधन के मामलों में उनकी जमानत याचिकाओं पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हुए भी एक याचिका दायर की है। पीठ में न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करिए, 29 जुलाई तक जवाब दीजिए। सिसोदिया की ओर से पेश वकील विवेक जैन ने पीठ को बताया कि आप नेता 16 महीने से हिरासत में हैं।

पंजाब में हथियार तस्करी के आरोप में तीन गिरफ्तार

अमृतसर। राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) अमृतसर ने तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर तीन पिस्तौल बरामद की हैं। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि अमृतसर के छोटा हरिपुरा के सुखदेव सिंह उर्फ मट्टू, साहिल उर्फ मस्त और गुरु नानक पुरा के प्रभजोत सिंह उर्फ प्रभ को गिरफ्तार किया है। टीमों ने तीन मैगजीन और छह कारतूस भी बरामद किए हैं। यह घटनाक्रम एसएसओसी अमृतसर द्वारा विदेशी आतंकवादी लखबीर उर्फ लांडा द्वारा समर्थित हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के एक दिन बाद सामने आया है।

राहुल के पास मानहानि की शिकायत पर शीघ्र निर्णय पाने का अधिकार

मुंबई, एजेंसी

● बंबई हाईकोर्ट ने आरएसएस पर की कथित टिप्पणियों पर की सुनवाई

बंबई हाईकोर्ट ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों के लिए 2014 की मानहानि की शिकायत पर गुण-दोष पर शीघ्र निर्णय पाने का वैध अधिकार है। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चह्वाण की एकल पीठ ने 12 जुलाई को दिए आदेश में कहा कि संविधान का अनुच्छेद 21 हर किसी को त्वरित सुनवाई का अधिकार प्रदान करता है और एक स्वतंत्र व निष्पक्ष सुनवाई आवश्यक है।

कोर्ट ने आरएसएस कार्यकर्ता को आपराधिक मानहानि की लंबित शिकायत में नए और अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की अनुमति देने वाले मजिस्ट्रेट के आदेश को रद करने की राहुल की याचिका को स्वीकार करते हुए ये टिप्पणी की। राजेश कुंटे ने 2014 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि की शिकायत की थी, जिसमें दावा कि था कि कांग्रेस नेता ने झूठा और अपमानजनक बयान दिया था कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए संघ जिम्मेदार है।

कांग्रेस ने की रत्न भंडार पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग

भुवनेश्वर। ओडिशा में विपक्षी दल कांग्रेस ने मंगलवार को मांग की कि राज्य सरकार पुरी के श्रीजगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार पर श्वेत पत्र जारी करे। पार्टी ने कहा कि श्वेत पत्र में पूर्व में तैयार किए रत्न भंडार के कीमती सामान के रिकॉर्ड और इस साल तैयार की जाने वाली सूची का विवरण होना चाहिए। पार्टी के मुख्यालय में ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओपीसीसी) के पूर्व अध्यक्ष, प्रसाद हरिचंदन ने कहा कि उनकी पार्टी सूची बनाने और मरम्मत कार्य के लिए रत्न भंडार को फिर से खोलने की मांग कर रही है। अब भाजपा सरकार ने इस दिशा में कदम उठाया है। रत्न भंडार को 46 वर्षों के बाद रविवार को बहुमूल्य वस्तुओं की सूची बनाने और इसकी संरचना की मरम्मत के लिए पुनः खोला गया।

● पत्र में पूर्व के रिकॉर्ड और इस साल तैयार होने वाली सूची का विवरण मांगा

कंचनजंघा दुर्घटना: जांच के दौरान मिलीं कई कमियां

नई दिल्ली। रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा है कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन परिचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियों और लोको पायलट एवं स्टेशन मास्टर को उचित परामर्श नहीं दिए जाने के कारण कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना का होना तय ही था। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में 17 जून को एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारण सियालदह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट समेत 10 लोगों की मौत हो गई थी। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने इस दुर्घटना की जांच संबंधी अपनी रिपोर्ट में स्वचालित ट्रेन-सुरक्षा प्रणाली (कवच) को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लागू करने की भी सिफारिश की है।

मजदूरों के राशनकार्ड का एक माह में सत्यापन करें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने राशनकार्ड जारी करने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासी मजदूरों के सत्यापन में देरी के लिए मंगलवार को राज्यों को फटकार लगाई और उन्हें यह कवायद चार सप्ताह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने केंद्र को उन राज्यों को खाद्यान्न जारी करने का भी निर्देश दिया, जिन्होंने प्रवासी मजदूरों का सत्यापन पूरा कर लिया है।

सत्यापन में देरी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि यदि राज्य निर्धारित समय के भीतर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने में विफल रहते हैं तो वह संबंधित सचिवों को तलब करेगी। पीठ ने कहा कि सत्यापन चार महीने में क्यों पूरा नहीं हो सका? ये तो हद हो गई। चार महीने बाद भी आप यह कर रहे हैं और यह कहने की हिम्मत कर रहे हैं कि इसके लिए और दो महीने चाहिए हम निर्देश देते हैं कि पूरा सत्यापन चार सप्ताह में पूरा किया जाए।

● प्रवासी मजदूरों के सत्यापन में देरी पर राज्यों को लगाई फटकार

बिहार-तेलंगाना ने पूरा किया कार्य

शीर्ष अदालत ने कहा कि बिहार और तेलंगाना ही ऐसे राज्य हैं जिन्होंने प्रवासी मजदूरों का 100 प्रतिशत सत्यापन पूरा कर लिया है। याचिकाकर्ताओं के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि कुछ राज्यों ने सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर ली है, जबकि अन्य ने या शुरू भी नहीं की है। एक और मुद्दा यह भी है कि राशन कार्ड जारी होने के बाद भी ये राज्य इन श्रमिकों को राशन जारी नहीं कर रहे हैं और राज्यों कहना है कि केंद्र सरकार ने इन लोगों के लिए अतिरिक्त राशन आवंटित नहीं किया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त के लिए सूचीबद्ध कर दी। अदालत ने निर्देश दिया था कि वे योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत आठ करोड़ प्रवासी मजदूरों को दो महीने के भीतर राशन कार्ड उपलब्ध कराएं।

हादसे में मृत व्यक्ति के परिवार को 1.98 करोड़ देने का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने बीमा कंपनी को 32 वर्षीय मृत व्यक्ति के परिवार को 1.98 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करने का निर्देश दिया है। 2016 में एक किशोर द्वारा चलाई जा रही मर्सिडीज की टक्कर से इस व्यक्ति की मौत हो गई थी।

न्यायाधिकरण ने किशोर के पिता को फटकारते हुए कहा कि अपने नाबालिग बेटे को गाड़ी चलाने से रोकने के बजाय इसे अनदेखा करना मौन सहमति को दर्शाता है। पीठासीन अधिकारी पंकज शर्मा पीड़ित सिद्धार्थ शर्मा के माता-पिता द्वारा दायर मुआवजे के दावे की सुनवाई कर रहे थे। 4 अप्रैल 2016 को सिविल लाइंस इलाके में सिद्धार्थ को मर्सिडीज ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना चालक की लापरवाही और जल्दबाजी से हुई थी।

रंगदारी मांगने पर एनआई ने दाखिल किया आरोपपत्र

पटना। एनआईए ने बिहार में कारोबारियों से रंगदारी वसूलने और नक्सली विचारधारा का प्रचार करने के मामले में भाकपा-माओवादी के सदस्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एजेंसी ने बताया कि आरोपी अनिल यादव उर्फ छोटा संदीप बिहार के औरंगाबाद जिले का है और यहां की एनआईए अदालत में दाखिल पूरक आरोपपत्र में उसे नामजद किया गया है। एनआईए ने मगध क्षेत्र में भाकपा (माओवादी) द्वारा नक्सलवाद को उभारने की कोशिश करने के मामले में 26 सितंबर को प्राथमिकी दर्ज की थी।

खेल छोड़ने के कगार पर था : जेना

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना ने कहा है कि वह लगातार खराब प्रदर्शन के बाद 2023 में खेल को छोड़ने की कगार पर थे लेकिन उन्होंने अपने पिता की सलाह मानी और अपने करियर में वापसी करने में सफल रहे। जेना ने स्वीकार किया कि तोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक ने उन्हें भाला फेंक में और अधिक हासिल करने के लिए प्रेरित किया था लेकिन वह प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे और पिछले साल जुलाई में विश्व चैंपियनशिप से पहले खेल को छोड़ने के बारे में सोचने लगे थे।

ओलंपिक 9 दिन शेष

जेना ने कहा, जब नीरज ओलंपिक में जीता तो हमने जश्न मनाया और उसकी जीत का आनंद लिया। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो उस जीत से मैं हताश भी था क्योंकि मैं भी उसी खेल का हिस्सा था। मैंने महसूस किया कि यह मेरे लिए खेल में कुछ हासिल करने का समय था। अपनी रैंकिंग में गिरावट के बाद मैंने लेबनान राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और वहां भाले को 78 मीटर की दूरी तक ही फेंक पाया। अपना सब कुछ झोंकने के बावजूद मैं काफी कुछ हासिल नहीं कर पाया।

मुझे संदेह होने लगा कि क्या इतनी कड़ी मेहनत करने का कोई मतलब है। मैंने अपने पिता को फोन किया जिन्होंने मुझे श्रीलंका में अगली प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। जेना ने लेबनान में (21 जुलाई को) 78.96 मीटर के प्रयास से जीत हासिल की जो किसी भी मानक से मामूली प्रदर्शन था। जेना 2022 के अंत तक 80 मीटर के आंकड़े को पार नहीं कर पाए। उनका 80 मीटर से अधिक का पहला थ्रो मार्च 2023 में तिरुवनंतपुरम में इंडियन ग्रां प्री के दौरान आया जहां उन्होंने 81.05 मीटर की दूरी तय की। मैंने तय किया कि श्रीलंका में होने वाला टूर्नामेंट (30 जुलाई) मेरा आखिरी प्रयास होगा जिसके बाद मैं इसे छोड़ दूंगा और काम तथा परिवार को प्राथमिकता दूंगा। भगवान की कृपा से मैंने अच्छा प्रदर्शन किया और 84.38 मीटर की थ्रो फेंकी जिससे मुझे विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिला।

मानसिक द्वंद्व से पार पाकर मोदगिल ने बनाई ओलंपिक में जगह

नई दिल्ली। पिछले साल एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बनाने से निराश निशानेबाज अंजुम मोदगिल ने मानसिक द्वंद्व से पार पाकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाई। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मोदगिल ने विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीते हैं लेकिन तोक्यो ओलंपिक में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। वह 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में 15वें और 10 मीटर एयर राइफल में 18वें स्थान पर रही थी। पेरिस ओलंपिक में वह केवल 50 मीटर 3 पोजीशन में भाग लेगी। मोदगिल ने स्वीकार किया कि विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने के बाद उनकी आंखें खुल गई। इसके बाद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता और अभ्यास पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा तोक्यो के बाद तीन साल मेरे लिए उतार-चढ़ाव वाले रहे। मैंने मुश्किल दौर देखा और मैं मजबूत वापसी करना चाहती थी।

लक्ष्य सेन को मिला बेहतर ड्रॉ का मौका, खुलकर खेलेगा : विमल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन के कोच विमल कुमार का मानना है कि उसे अपने पहले ओलंपिक में अच्छा ड्रॉ मिला है जिसमें अंडरडॉग होने के कारण वह खुलकर खेल सकेगा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को ओलंपिक पदक जीतने के लिए इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, पिछले ओलंपिक में सेमीफाइनल खेलने वाले ग्वाटेमाला के केविन कोर्डोन और बेल्जियम के जूलियन कारागी जैसे दिग्गजों से ग्रुप एल में पार पाना होगा।

भारत के पूर्व कोच विमल ने फ्रांस के मार्सेले से कहा मुझे लगता है कि ड्रॉ अच्छा है। उन्होंने कहा वह कई बार जोनाथन क्रिस्टी से करीबी मुकाबले हार चुका है। यह बराबरी का मामला है। दूसरे चरण में जाने के लिये मौकों को भुनाना होगा। मेरे हिसाब से लक्ष्य के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। वह अंडरडॉग रहेगा जिससे खुलकर खेल सकेगा। लक्ष्य को बड़े मैचों का खिलाड़ी बताते हुए विमल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन क्रिस्टी को हरा सकेगा। ओलंपिक में भारत के लिये साइना नेहवाल (2012 में कांस्य) और पीवी सिंधू (2016 में रजत और 2020 में कांस्य) पदक जीत चुकी हैं। विमल ने कहा पिछले तीन सप्ताह से यू योंग सुंग इन चीजों पर उसके साथ काम कर रहे हैं। लक्ष्य ओलंपिक खेलने जा रहे पोपोव बंधुओं क्रिस्टो और टोमा जूनियर के साथ भी अभ्यास कर रहे हैं। लक्ष्य अपने कोच के साथ 22 जुलाई को पेरिस रवाना होंगे।

खेल डायरी

बावा का विश्व जू. स्क्वाश में पदक पक्का, अनाहत बाहर

चेन्नई। शौर्य बावा ने विश्व जूनियर में भारत का पदक पक्का कर दिया है अमेरिका के ह्यूस्टन में चल रही स्क्वैश चैंपियनशिप में सोमवार रात उन्होंने बालक वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बावा इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बने हैं, इससे पहले 2014 में कुश कुमार विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के अंतिम चार में पहुंचे थे। 17/32 वरीयता प्राप्त दिल्ली के 18 वर्षीय खिलाड़ी ने मलेशिया के लो वा-सर्न (17/32) को हराने के लिए रैली की। लड़कों के क्वार्टर फाइनल में 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से भारत का पदक पक्का हो गया। 80 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में बावा निर्णायक पांचवें गेम में 6-9 और 7-10 से पिछड़ गए। उन्होंने उल्लेखनीय रूप से संघर्ष किया और उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज की। अंतिम चार चरण में बावा का मुकाबला मिस्र के शीर्ष वरीय मोहम्मद जकारिया से होगा। इस बीच, हमवतन अनाहत सिंह (5/8) लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में तीसरे स्थान से हार गईं। 16 वर्षीय भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन मिस्र के नादियान से पांच सेट के करीबी मुकाबले में एल्हम्मामी (3/4) से हार गए।

कर्नाटक विधानसभा ने विश्वविजेता टीम को दी बधाई

बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा ने मंगलवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर भारतीय क्रिकेट टीम और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को टी-20 विश्व कप में उनकी ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। प्रस्ताव को विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने पढ़ा, जिन्होंने विश्वकप में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए टीम की सराहना की। रोहित शर्मा के नेतृत्व और द्रविड़ के मार्गदर्शन में भारतीय क्रिकेट टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए अपना 11 साल का इंतजार खत्म किया था। पूर्व भारतीय कप्तान और तत्कालीन कोच कर्नाटक के राहुल द्रविड़ ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रस्ताव में द्रविड़ और टीम इंडिया को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी गई, जिससे देश को खुशी और गर्व हुआ है। खादर ने कहा कर्नाटक के लोगों की ओर से हम रोहित और कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में टीम को देश के लिए विश्व कप जीतने के लिए बधाई देते हैं। यह प्रस्ताव भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री एस सुरेश कुमार ने पेश किया, जिन्होंने सरकार से द्रविड़ की उपलब्धि को पहचानने और टीम को उनकी जीत के लिए बधाई देने का आग्रह किया। प्रस्ताव को विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

पंजाब एफसी ने पांच खिलाड़ियों को किया रिटेन

मोहाली। पंजाब एफसी ने आगामी 2024-25 सीजन से पहले पांच भारतीय खिलाड़ियों को आज रिटेन करने की घोषणा की है। युवा मिडफील्डर आशीष प्रधान, रिकी शाबोंग, मंगलेंथांग किपगेन, अनुभवी डिफेंडर सुरेश मैतेई और गोलकीपर रवि कुमार ने कई साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करते हुए क्लब में अपना कार्यकाल बढ़ा दिया है। वे पिछले सीजन में क्लब के लिए प्रमुख खिलाड़ी थे और क्लब ने इन खिलाड़ियों पर अपना भरोसा बरकरार रखा है। रवि और आशीष ने अपना अनुबंध मई 2026 तक बढ़ा दिया है, जबकि सुरेश और रिकी ने मई 2027 तक दो साल का अनुबंध किया है। क्लब ने किपगेन का अनुबंध मई 2028 तक बढ़ा दिया है। रवि ने पिछले आईएसएल सीजन में 16 मैच खेले थे और तीन क्लीन शीट रखते हुए 47 बचाव किए। सेंटर बैक सुरेश मैतेई ने टीम के डिफेंसिव प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 14 बार टीम के लिए खेला है और एक बार सहायता भी की है। आशीष प्रधान, रिकी शाबोंग और मैंगलेंथांग किपगेन ने ग्राउंड के मध्य में मज़बूती और रचनात्मकता जोड़ते हुए क्रमश: 17, 10 और चार टीम के लिए प्रदर्शन किया है।

मेस्सी के लिए फिटनेस बनी राह का रोड़ा

फिटनेस टेस्ट में मेस्सी फेल, छठा विश्व कप खेलने को लेकर संशय, यूरो कप फाइनल में हुए थे चोटिल

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी

अपने करियर में पहली बार फुलटाइम से पहले कोपा अमेरिका फाइनल से चोट के कारण बाहर हुए लियोनेल मेस्सी अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके और अपने आखिरी किले में से एक फतेह करने के बावजूद वह फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाए।

मेस्सी को पैर की चोट के कारण कोलंबिया के खिलाफ फाइनल मैच से 64वें मिनट में बाहर जाना पड़ा। अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका खिताब जीता। मेस्सी के फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 2026 विश्व कप में उनकी भागीदारी को लेकर भी अनिश्चितता की स्थिति है।

37 वर्ष के मेस्सी चोट के कारण पिछले साल इंटर मियामी और अर्जेंटीना के काफी मैचों से बाहर रहे थे। कोपा अमेरिका में भी कई ग्रुप मैचों से उन्हें बाहर रहना पड़ा। इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में वह पेनल्टी चूके। उन्होने एकमात्र गोल कनाडा के खिलाफ सेमीफाइनल में किया। मेस्सी ने मैच के बाद मीडिया से बात नहीं की और ना ही उनकी टीम ने चोट की गंभीरता के बारे में बताया। अर्जेंटीना के 35 पार के धुरंधर एंजेल डि मारिया (36) और निकोलस ओटामेंडी (36) के अलावा स्थानापन्न गोलकीपर फ्रेंको अरमानी (37) का यह आखिरी टूर्नामेंट था। अब अर्जेंटीना को सितंबर में चिली और कोलंबिया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच खेलने हैं।

चोट से जल्द वापसी की उम्मीद

मियामी। मेस्सी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा शुक्र है कि मैं ठीक हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं जल्द ही फिर से मैदान पर वह काम करूंगा जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। नंबर 10 ने कहा मैं बहुत खुश हूं, खासकर इसलिए क्योंकि हमने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है और फिडे डि मारिया हमें छोड़कर चली गई है, लेकिन एक और ट्रॉफी के साथ। उनके जैसे पुराने खिलाड़ी, ओटा निकोलस ओटामेंडी हम एक टीम हैं और एक परिवार भी हैं। अधिकांश टखने की मोचों के ठीक होने के लिए कम से कम तीन सप्ताह की अवधि की आवश्यकता होती है, जिसका अर्थ है कि मेसी के अगस्त तक अपने क्लब, इंटर मियामी के लिए उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।

भगदड़ में कोलंबिया फुटबॉल संघ के अध्यक्ष समेत 27 गिरफ्तार

मियामी गार्डन्स। कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष और उनके बेटे समेत 27 लोगों को अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच कोपा अमेरिका फाइनल में दर्शकों की भीड़ पर नियंत्रण की कोशिशों में गिरफ्तार किया गया। स्थानीय पुलिस अधिकारी आंद्रे मार्टिन ने बताया कि हार्ड रॉक स्टेडियम पर हुए फाइनल के दौरान दर्शकों के उपद्रव पर काबू पाने की कोशिशों में रेमन जेसुरन और उनके बेटे रेमन जमील जेसुरन को भी हिरासत में लिया गया। दोनों ने सुरक्षाकर्मियों से झगड़ा किया और एक अधिकारी पर हमला भी किया। दोनों ने एक सुरंग के रास्ते मैदान पर जाने की कोशिश की जहां मैच के बाद मीडिया जमा था। उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने रोकने की कोशिश की तो उन्होंने हाथापाई की और सुरक्षागार्ड को घूंसे भी मारे। कोलंबिया फुटबॉल महासंघ ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। रेमन 2015 से कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष हैं और कोपा अमेरिका टूर्नामेंट कराने वाले दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल महासंघ के उपाध्यक्ष भी हैं। संगठन ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि अनगिनत दर्शक बिना टिकट मैदान में घुस गए और टूर्नामेंट की छवि खराब की जिसका उसे खेद है। इस वजह से खेल भी एक घंटे से अधिक देरी से शुरू हुआ।

इंग्लैंड फुटबॉल टीम : मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे साउथगेट

लंदन। यूरो 2024 फाइनल में स्पेन से 1-2 से मिली हार के बाद जेरेथ साउथगेट इंग्लैंड फुटबॉल टीम के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे। साउथगेट पिछले आठ साल से टीम के साथ हैं। उनका अनुबंध इस साल खत्म होने वाला है। उन्होंने कहा इंग्लैंड टीम के लिए खेलना और उसका मैनेजर रहना मेरे लिए गर्व की बात रही। यही मेरा सबकुछ है और मैंने इसे अपना सर्वस्व दिया, लेकिन अब बदलाव का समय है, एक नए अध्याय का समय है। उनके मैनेजर रहते इंग्लैंड टीम लगातार दो बार यूरो फाइनल और 2018 विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंची, लेकिन वह 1966 के बाद बड़े खिताब के लिए तरस रहे इंग्लैंड का इंतजार खत्म नहीं करा सके।

टी-20 में हार्दिक होंगे भारत के कप्तान

- श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 शृंखला खेलेगी टीम इंडिया
- सचिव ने कहा- स्टार क्रिकेटरों को भी खेलेने होंगे घरेलू मैच

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 क्रिकेट शृंखला में भारत के कप्तान होंगे। पंड्या निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे शृंखला नहीं खेलेंगे।

बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने बताया हार्दिक पंड्या भारतीय टी-20 टीम के उपकप्तान थे। वह पूरी तरह फिट हैं और तीन मैचों की टी-20 शृंखला के लिए उपलब्ध भी लिहाजा वह कप्तान होंगे। रोहित शर्मा ने विश्व कप जीतने के बाद टी-20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया। टी-20 शृंखला 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जाएगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे। टीम की घोषणा अगले कुछ दिन में होगी। अभी यह तय नहीं है कि उपकप्तान शुभमन गिल होंगे या सूर्यकुमार यादव। वनडे शृंखला के बारे में अधिकारी ने बताया कि पंड्या ने निजी कारणों से ब्रेक मांगा है और नियमित कप्तान रोहित शर्मा को इसकी जानकारी दे दी है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफ तौर पर कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सभी स्टार क्रिकेटरों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा।

रोहित, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को छूट दी गई है। बीसीसीआई चाहता है कि बाकी सभी टेस्ट विशेषज्ञ अगस्त में दलीप ट्रॉफी का कम से कम एक मैच खेलें। इसके बाद टीम को बांग्लादेश और न्यूजीलैंड से टेस्ट शृंखला खेलनी है।

हरमनप्रीत टी-20 रैंकिंग में 12वें और शेफाली 15वें स्थान पर पहुंचीं

दुबई, एजेंसी

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई शृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी टी-20 रैंकिंग में क्रमशः 12वें और 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

हरमनप्रीत तीन पायदान आगे बढ़ी हैं। उनके कुल 613 रेटिंग अंक हैं। शेफाली को दो स्थान का फायदा हुआ है। वह न्यूजीलैंड की अमेलिया केर और इंग्लैंड की डैनी वायट के साथ 15वें स्थान पर हैं। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं और वह भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर काबिज हैं। गेंदबाजों की सूची में अनुभवी दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। राधा यादव आठ पायदान चढ़कर 15वें, पूजा वस्त्राकर छह पायदान ऊपर 23वें और श्रेयंका पाटिल नौ पायदान ऊपर चढ़कर 60वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इंग्लैंड की स्पिनर सारा ग्लेन ने 768 अंकों के साथ अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला के चार मैचों में आठ विकेट चटकाए हैं। वह पहले की तरह दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। उनकी साथी सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर काबिज हैं।

बॉलीवुड हलचल

स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की आने वाली फिल्म स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री सुपरहिट साबित हुई थी। जल्द ही स्त्री का सीक्वल स्त्री 2 प्रदर्शित होने वाली है। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर फिल्म स्त्री 2 का एक पोस्टर साझा करते हुए ट्रेलर रिलीज की जानकारी दी है। श्रद्धा कपूर ने बताया कि स्त्री 2 का ट्रेलर 18 जुलाई को जारी किया जाएगा। अपने एक्स अकाउंट पर श्रद्धा ने नया पोस्टर साझा करते हुए लिखा, एक बड़ी सूचना, ओ स्त्री आ रही है 2 दिन में। स्त्री 2 का ट्रेलर 2 दिन में जारी होगा। इस स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, 2024 को लीजेंड वापस आ रहे हैं।

जाह्नवी कपूर की फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म उलझ को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। उलझ में जाह्नवी के किरदार का नाम सुहाना भाटिया है, जो हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ी होती हैं और उन्हें सबसे युवा डिप्टी हाई कमिश्नर के रूप में नियुक्त किया जाता है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे लंदन की एंबेसी में एक खबरी होता है, जिसकी वजह से हर मौजूदा शख्स शक के घेरे में होता है। जिसके बाद जाह्नवी कपूर उस खबरी को ढूंढने के लिए एड़ी से चोटी का दम लगाती हैं और खुद ही उनके जाल में फंस जाती हैं। जंगली पिक्चर्स प्रस्तुत, सुधांशु सारिया के निर्देशन में बनी फिल्म उलझ में जान्हवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, मियांग चेंग भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 02 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म 'किंग' में शाहरुख खान के सामने विलेन बनेंगे अभिषेक बच्चन!

मुंबई। बॉलीवुड के जूनियर बी अभिषेक बच्चन फिल्म किंग में विलेन के किरदार में नजर आ सकते हैं। सिद्धार्थ आनंद की कंपनी मारफ्लिक्स पिक्चर्स और शाहरुख खान की होम प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की आने वाली फिल्म किंग में शाहरूख खान और उनकी बेटी सुहाना की मुख्य भूमिका है। चर्चा है कि फिल्म किंग में अभिषेक बच्चन की भी एंट्री हो गई है। फिल्म किंग का निर्देशन सुजॉय घोष करेंगे। अभिषेक विलेन बनने जा रहे हैं। अभिषेक बच्चन औ शाहरुख खान इसके पहले कभी अलविदा न कहना और हैप्पी न्यू ईयर जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। किंग की शूटिंग की तैयारियां इन दिनों लंदन में तेजी से चल रही हैं। शूटिंग नवंबर महीने में शुरू होगी और यह फिल्म अगले साल दिसंबर में रिलीज हो सकती है।

बदलाव जरूरी पेरिस खेलों में 30 से भी अधिक वर्षों के बाद क्ले कोर्ट पर होगी ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा

लाल बजरी पर भिड़ने को तैयार टेनिस के दिग्गज

पेरिस, एजेंसी

ओलंपिक के दौरान अधिकांश खेलों में प्रतिस्पर्धा की सतह नहीं बदलती लेकिन टेनिस ऐसा खेल है जिसकी सतह टूर्नामेंट के साथ बदल सकती है। पेरिस खेलों के दौरान 30 से भी अधिक वर्षों के बाद ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा लाल बजरी (क्ले कोर्ट) पर होगी। टेनिस मुकाबले उसी रोलां गैरो पर होंगे जिसने जून की शुरुआत में फ्रेंच ओपन की मेजबानी की थी।

खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन के बाद जुलाई की शुरुआत में होने वाले विंबलडन के लिए खुद को घास के कोर्ट के अनुकूल ढाला और अब एक बार फिर उन्हें बेहद कम समय में क्ले कोर्ट से सामंजस्य बैठाना होगा। विंबलडन खत्म होने के दो हफ्ते बाद 27 जुलाई से रोलां गैरो ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा की मेजबानी करेगा और कुछ खिलाड़ियों के लिए यह अधिक चिंता की बात है। शीर्ष 10 में शामिल अमेरिका की जेसिका पेगुला ने कहा, यह निश्चित तौर पर रोमांचक होगा लेकिन सभी को ऐसा करना पड़ेगा। हम सभी एक ही नाव में सवार हैं। पेगुला को महिला एकल के अलावा अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ के साथ महिला युगल में भी हिस्सा लेना है। पेगुला ने कहा मुझे आम तौर पर कोर्ट बदलने के साथ खेल बदलने में परेशानी नहीं होती। मुझे यहां के कोर्ट पसंद हैं। पेरिस में जब मौसम गर्म होता है तो कोर्ट से गेंद काफी अच्छी तरह आती है। कजाखिस्तान की एलेना रिबाकिना ने कहा मैं पहली बार घास के कोर्ट पर खेलने के बाद क्ले कोर्ट पर खेलूंगी। यह आसान नहीं होता। शारीरिक तौर पर यह आसान नहीं होता, मानसिक तौर पर भी।

सुमित को करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

नई दिल्ली। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके सुमित नागल एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 26 साल के नागल को पांच स्थान का फायदा हुआ है। उनकी पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 71 थी। नागल इस तरह दुनिया के 71वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी शशि मेनन को पीछे छोड़कर 1973 से सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। पिछले कुछ समय में प्रभावी नतीजों की बदौलत नागल की रैंकिंग में सुधार हुआ है और साथ ही वह पेरिस ओलंपिक के एकल वर्ग में क्वालीफाई करने में भी सफल रहे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

ओमान की मस्जिद में गोलीबारी पांच की मौत, कई लोग घायल

दुबई, एजेंसी

- पाकिस्तान की सरकार का दावा घटना में उसके चार नागरिक मारे गए और 30 घायल हो गए
- ओमान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि तीन हमलावर मारे गए

ओमान की एक शिया मस्जिद में कई हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी सहित कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान की सरकार ने दावा किया है कि इस घटना में उसके चार नागरिक मारे गए हैं और 30 घायल हो गए हैं।

रॉयल ओमान पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह गोलीबारी ओमान की राजधानी मस्कट के वादी कबीर इलाके में सोमवार रात को हुई। ओमान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि तीन हमलावर मारे गए।

एजेंसी ने जानकारी दी इस घटना में विभिन्न देशों के 28 नागरिक घायल हो गए हैं। गोलीबारी की यह घटना आशूरा की पूर्व संध्या पर हुई। आशूरा पैगंबर मुहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वह इमाम बारगाह अली बिन अबू तालिब मस्जिद पर हुए कायराना आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है।

पाकिस्तान के सूचना कार्यालय द्वारा जारी एक अलग बयान में कहा गया कि सरकार इस बात से खुश है कि ओमान सरकार ने हमलावरों को मार गिराया है और पाकिस्तान ने मुहर्रम के पवित्र महीने में इस जघन्य अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाने में सहायता की पेशकश की है।

ओमान की पुलिस ने कहा है कि इलाके में सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। सोशल मीडिया पर हमले से जुड़े कई वीडियो वायरल हो रहे हैं।

नेपाल के नए उप प्रधानमंत्री से मिले भारतीय राजदूत

काठमांडू, एजेंसी

- द्विपक्षीय हितों एवं आपसी चिंताओं से संबंधित मामलों पर चर्चा की

नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने मंगलवार को नवनियुक्त उप प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह और विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा से मुलाकात की और द्विपक्षीय हितों एवं आपसी चिंताओं से संबंधित मामलों पर चर्चा की। श्रीवास्तव ने शहरी विकास मंत्री सिंह और राणा से उनके कार्यालयों में मुलाकात की। दोनों ने प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) और नेपाली कांग्रेस की गठबंधन सरकार के हिस्से के रूप में सोमवार को पदभार ग्रहण किया। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया, बैठक के दौरान श्रीवास्तव और सिंह ने द्विपक्षीय हितों और आपसी चिंताओं से संबंधित मामलों पर चर्चा की।

इस अवसर पर राजदूत श्रीवास्तव ने उप प्रधानमंत्री सिंह को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। बैठक के बाद मंत्रालय में सचिव मणिराम गेलल ने मीडियाकर्मियों को बताया, इस अवसर पर उप प्रधानमंत्री सिंह और राजदूत श्रीवास्तव ने नदी प्रदूषण नियंत्रण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में भारत के संभावित सहयोग पर चर्चा की।

आरक्षण को लेकर हिंसा, चार की मौत

ढाका, एजेंसी

- बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों के बीच रातभर हुई हिंसक झड़प में 100 से अधिक लोग घायल
- सैकड़ों पुलिसकर्मी रात भर देश भर के सार्वजनिक विश्वविद्यालय परिसरों में तैनात रहे

बांग्लादेश के प्रमुख शहरों में सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में मंगलवार को तीन विद्यार्थियों सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए।

अधिकारियों को मंगलवार को चार प्रमुख शहरों में अर्धसैनिक बल बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के जवानों को बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इससे पूर्व सैकड़ों पुलिसकर्मी रात भर देश भर के सार्वजनिक विश्वविद्यालय परिसरों में तैनात रहे। यह झड़पें सोमवार को तब शुरू हुईं, जब सत्तारूढ़ अवामी लीग के छात्र मोर्चे के कार्यकर्ता प्रदर्शनकारियों के सामने आ गए। प्रदर्शनकारी इस बात पर जोर दे रहे थे कि मौजूदा आरक्षण व्यवस्था सरकारी सेवाओं में मेधावी छात्रों के नामांकन को काफी हद तक रोक रही है। मीडिया खबरों के अनुसार, हिंसा में उत्तरपूर्वी रंगपुर में स्थित विश्वविद्यालय के एक छात्र, राजधानी ढाका में एक छात्र और दक्षिणपूर्वी चटगांव में एक छात्र व एक राहगीर सहित दो लोगों की मौत हो गई।

ढाका में सरकार समर्थक छात्र संगठन और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प के दौरान पुलिस ने बरसाईं लाठियां। ● एजेंसी

एक नजर

26 सितंबर को संरा महासभा के सत्र को संबोधित करेंगे मोदी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संभवतः 26 सितंबर को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की उच्च स्तरीय आम बहस 24 से 30 सितंबर तक होगी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सोमवार को जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, भारत के राष्ट्राध्यक्ष 26 सितंबर की दोपहर में उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करेंगे। यह अंतिम सूची नहीं है। संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय सत्र से पहले के सप्ताहों में वक्ताओं की अद्यतन अनंतिम सूची जारी करता है।

भारत का समर्थन गर्व का विषय : यूएनआरडब्ल्यूए

यरुशलम। गाजा पट्टी में फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए काम करने वाली एजेंसी ने मंगलवार को वृहद राजनीतिक और वित्तीय चुनौतियों के बावजूद भारत के निरंतर समर्थन को गर्व का विषय बताया। भारत ने फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यू) के मुख्य कार्यक्रम और सेवाओं के लिए सोमवार को 25 लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता दी।

रूसी विदेश मंत्री लावरोव पहुंचे न्यूयॉर्क

न्यूयार्क। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं और वह 16-17 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। स्पूतनिक संवाददाता ने मंगलवार को बताया कि गत एक जुलाई को रूस ने एक महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाली। लावरोव आज बहुपक्षीय सहयोग पर होने वाली वार्ता में शामिल होंगे और बुधवार को वह फिलिस्तीनी मुद्दे सहित मध्य पूर्व की स्थिति पर मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

अमेरिका में बर्ड फ्लू के चार नए मानव मामले

लॉस एंजिल्स। अमेरिका के कोलोराडो प्रान्त में बर्ड फ्लू संक्रमण के चार नए मानव मामलों की पुष्टि की गई है जिससे वर्ष 2022 से इसके कुल नौ मामले दर्ज हो गये। अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने यह जानकारी दी। सीडीसी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, राज्य द्वारा शुक्रवार को चार अनुमानित सकारात्मक मामले दर्ज किए गए और सीडीसी ने रविवार को संक्रमण की पुष्टि की।

मॉरीशस की प्रगति में रहेगा भारत का समर्थन: जयशंकर

विशेष द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने यात्रा पर आए विदेश मंत्री

पोर्ट लुईस (मॉरीशस), एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को मॉरीशस की प्रगति और समृद्धि की दिशा में भारत के निरंतर और सतत समर्थन की पुष्टि की। जयशंकर विशेष द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए मॉरीशस के नेतृत्व के साथ सार्थक बातचीत के लिए दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। हिंद महासागर के इस द्वीपीय देश की यह यात्रा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पुनः नियुक्ति के बाद जयशंकर द्वारा की गई पहली द्विपक्षीय बैठकों में से एक है।

जयशंकर ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, मॉरीशस के साथ भारत के संबंध मजबूत और बहुआयामी साझेदारी में तब्दील हो गए हैं। मॉरीशस के साथ द्विपक्षीय संबंध विदेशों में भारत के सफल विकास सहयोग का एक आदर्श उदाहरण है। इस कार्यक्रम में भारत द्वारा वित्तपोषित 12 उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिक्षा, संस्कृति, आव्रजन अभिलेखागार के डिजिटलीकरण तथा अंतरिक्ष एवं नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। जयशंकर और जगन्नाथ ने मॉरीशस में सातवीं पीढ़ी के भारतीय मूल के लोगों को ओसीआई कार्ड भी सौंपे। यह यात्रा भारत एवं मॉरीशस के संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है और यह भारत की पड़ोस प्रथम की नीति, विजन सागर और ग्लोबल साउथ (अल्प विकसित देशों) के प्रति प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है। मॉरीशस स्थित भारतीय उच्चायोग की वेबसाइट के अनुसार, ऐतिहासिक, जनसांख्यिकीय और सांस्कृतिक कारणों से भारत के पश्चिमी हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र मॉरीशस के साथ घनिष्ठ एवं दीर्घकालिक संबंध हैं। उसने कहा कि विशेष संबंधों का एक प्रमुख कारण यह तथ्य है कि द्वीप की 12 लाख की आबादी में लगभग 70 प्रतिशत भारतीय मूल के लोग हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 7वीं पीढ़ी के मॉरीशस नागरिकों को ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कार्ड वितरित किए। साथ में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ।

गुरुद्वारा में हमले की जांच घृणा अपराध के रूप में की जा रही

लंदन। दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में पिछले हफ्ते एक गुरुद्वारा में हुए हमले की जांच घृणा अपराध के रूप में की जा रही है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। इस घटना के सिलसिले में 17 वर्षीय एक किशोर को गिरफ्तार किया गया और उसपर कई आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। केंट पुलिस ने कहा कि किशोर मेडस्टोन क्राउन कोर्ट में पेश हुआ। उसे गंभीर शारीरिक नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ हिंसा की धमकी देने, धारदार हथियार से व्यक्ति को धमकी देने और सार्वजनिक स्थान पर धारदार वस्तु रखने को लेकर आरोपित किया गया।

ग्रेवसेंड स्थित श्री गुरुनानक दरबार गुरुद्वारा में 11 जुलाई को हुई घटना को लेकर उसे अदालत ने जमानत दे दी और एक मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के अधिकारियों ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। केंट पुलिस के लिए नॉर्थ केंट डिवीजनल कमांडर, मुख्य अधीक्षक एंगी चम्पन ने कहा, यह एक अलग-थलग घटना है। शुरूआती जांच से पता चलता है कि यह आतंकवाद से जुड़ी घटना नहीं है। उन्होंने कहा, घटना की जांच घृणा से प्रेरित अपराध के तौर पर कर रहे हैं। जांच के दौरान सहयोग करने के लिए स्थानीय समुदाय का मैं शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

इजराइल की गाजा पर बमबारी में 60 की मौत

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

इजराइल द्वारा सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एवं मंगलवार को गाजा पट्टी के मध्य क्षेत्र पर की गई बमबारी में महिलाओं और बच्चों सहित 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक हमला इजराइल द्वारा घोषित सुरक्षित क्षेत्र में भी किया गया। इजराइल ने सबसे घातक हमला दोपहर में किया जो मुवासी के दक्षिणी शहर खान यूनिस के बाहर एक गैस स्टेशन के पास हुआ।

खान यूनिस के नसर अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हमले में 17 लोगों की मौत हुई है। यह हमला उसी इलाके में हुआ, जहां गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा था कि शनिवार को हुए हमले में 90 से ज्यादा से फलस्तीनियों की मौत हो गई थी। इजराइल ने कहा था कि हमला हमास के शीर्ष सैन्य कमांडर मोहम्मद देइफ को निशाना बनाकर किया गया था। एक अन्य हमला नुसरियात और जोवाइदा के शरणार्थी शिविरों पर किया गया, जिनमें 10 महिलाओं और चार बच्चों सहित कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। एक अन्य गोला नुसरियात के एक स्कूल पर गिरा जिसमें लोगों ने शरण ले रखी थी। इस हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। चिकित्सा अधिकारियों और एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाताओं के मुताबिक खान यूनिस और दक्षिणी गाजा में सोमवार रात को किए गए दो हमलों में 12 लोगों की मौत हुई है। पश्चिमी तट पर भी हिंसा बढ़ गई है। मंगलवार को एक फलस्तीनी ने एक इजराइली पुलिसकर्मी को चाकू से हमला कर मामूली रूप से घायल कर दिया। जवाब में एक दूसरे अधिकारी ने गोली चलाई जिससे हमलावर की मौत हो गई।

लेबनान पर इजराइली हमलों में दो मारे गए

बेरूत। लेबनान के दक्षिणी सीमावर्ती गांवों पर सोमवार को इज़रायली हवाई हमलों में दो नागरिक मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने बताया कि इज़राइली सेना ने सात कस्बों और गांवों पर नौ हवाई हमले किए और दस सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर लगभग 50 गोले दागे। सूत्रों ने बताया कि इज़रायली युद्धक विमान ने सीमा क्षेत्र के मध्य भाग में बिंट जेबिल शहर में एक घर पर दो हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों से हमला किया, जिसमें दो नागरिक मारे गए और परिवार का तीसरा व्यक्ति घायल हो गया।

नेपाल भूस्खलन मामले में अब तक 14 शव निकाले गए

काठमांडू। नेपाल में यात्रियों की दो बसों के बीते शुक्रवार को भूस्खलन के मलबे के साथ बह जाने की घटना में बचावकर्मियों ने अब तक 14 शव निकाले हैं, जिनमें से छह शव भारतीय नागरिकों के हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों बसों में कुल 65 यात्री सवार थे। आठ शवों की शिनाख्त कर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है। इसमें से छह भारतीय नागरिक हैं। अन्य की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

नेपाल की राजधानी को देश के दक्षिणी हिस्सों से जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग पर काठमांडू से करीब 120 किलोमीटर पश्चिम में सिमलताल के पास शुक्रवार की सुबह दो बसें भूस्खलन के मलबे के साथ बह गई थीं। चितवन जिला प्रशासन कार्यालय ने दोनों बसों में सवार कुल 65 लोगों के नाम और विवरण के साथ एक सूची प्रकाशित की। एक बस में 38 लोग और दूसरी में 27 लोग सवार थे। एक बस से किसी तरह बाहर निकलने के बाद तीन लोग बच गए। पुलिस और सेना के सैकड़ों बचावकर्मियों ने मंगलवार को नदी और निचले इलाकों में खोज की, लेकिन उन्हें अभी तक दोनों लापता बसों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

मैक्रों ने प्रधानमंत्री का इस्तीफा स्वीकार किया

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री का इस्तीफा मंगलवार को स्वीकार कर लिया, लेकिन उन्हें कार्यवाहक सरकार का प्रमुख बनाए रखा है। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि मैक्रों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री गेब्रियल एटल और अन्य मंत्रियों का इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

बयान में कहा गया है कि एटल और सरकार के अन्य सदस्यों को नई सरकार नियुक्त होने तक मौजूदा मामलों को संभालना है। मैक्रों नए प्रधानमंत्री का नाम कब घोषित करेंगे, निश्चित समयसीमा नहीं है। फ्रांस इस महीने के आखिर में पेरिस ओलंपिक खेल की मेजबानी करने जा रहा है। चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद एटल ने पिछले सप्ताह अपना इस्तीफे दे दिया। मैक्रों ने उनसे अगले निर्णय तक अस्थायी रूप से सरकार के प्रमुख के रूप में बने रहने को कहा।

वेल्स सरकार के प्रमुख वॉन गेथिंग देंगे इस्तीफा

लंदन, एजेंसी

वेल्स सरकार के प्रमुख वॉन गेथिंग ने मंगलवार को कहा कि उनके चुनाव प्रचार अभियान के लिए चंदे की राशि से जुड़े विवाद के सिलसिले में वह पद से इस्तीफा देंगे। गेथिंग ने कहा, मैंने आज सुबह, वेल्स लेबर पार्टी के नेता और सरकार के प्रमुख के तौर पर इस्तीफा देने का यह मुश्किल फैसला लिया। गेथिंग ने अपनी सरकार के चार मंत्रियों के इस्तीफे के बाद उनके भी त्यागपत्र की मांग किये जाने पर यह घोषणा की।

गेथिंग ने मार्च में वेल्स सरकार का प्रमुख चुने जाने के साथ इतिहास रच दिया था क्योंकि वह ब्रिटेन में किसी सरकार के पहले अश्वेत प्रमुख बने थे। वह चुनाव प्रचार अभियान के दौरान चंदा के रूप में 2,55,000 अमेरिकी डॉलर उस कंपनी से लेने को लेकर आलोचना का सामना कर रहे हैं जिसका मालिक पर्यावरणीय नियमों और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नियमन के उल्लंघन का दोषी पाया गया था। इस्तीफे से संबंधित बयान में गेथिंग ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि गर्मियों के मौसम के दौरान मेरे नेतृत्व में पुनर्निर्माण और नवीकरण होगा। उन्होंने कहा, मुझे महसूस हुआ कि यह संभव नहीं है। वेल्स की आबादी लगभग 30 लाख है। यह ब्रिटेन के चार हिस्सों में एक है।

● चुनाव प्रचार अभियान के लिए चंदे की राशि से जुड़े विवाद को लेकर फैसला लिया

भारतवंशी गुर्गों वाले मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़

लंदन। ब्रिटेन की अपराध एजेंसी ने दो साल की जांच के बाद भारतीय मूल के गुर्गों से जुड़े एक संगठित आपराधिक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एजेंसी ने कहा कि वह विदेश में राजनीतिक लोगों से उनके संबंधों की जांच जारी रखेगी। नेशनल क्राइम एजेंसी (एनसीए) ने कहा कि रिकिन्दर हरे (36), नीलेन बलराज (34) और हितेश वडोलिया (54) गिरोह चला रहे थे और अपराध से अर्जित नकदी का धनशोधन करने और प्रतिबंधित श्रेणी ए और बी के मादक पदार्थों के वितरण के लिए जिम्मेदार हैं।

एनसीए के मुताबिक आरोपी 15 लाख ब्रिटिश पौंड के सरकारी अनुदान को धोखाधड़ी कर हड़पने के प्रयास के मामले में भी वांछित थे। बलराज को सोमवार को 13 वर्ष और छह महीने कारावास की सजा सुनाई गई। वहीं पिछले महीने हरे को एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई थी।

ट्रंप राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित

मिल्वौकी, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार बनने के लिए पार्टी के प्रतिनिधियों का आवश्यक बहुमत हासिल कर लिया है। उन्होंने विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में प्रतिनिधियों का बहुमत हासिल किया है। ट्रंप अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के प्रतिनिधियों से हासिल बहुमत से ही राष्ट्रपति उम्मीदवार की दौड़ में शामिल हुए हैं, जिसकी घोषणा उनके पुत्र एरिक ट्रंप ने की।

उल्लेखनीय है कि ट्रंप की 2016 में हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ अपनी जीत और 2020 में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन से अपनी हार के बाद वह लगातार तीसरे चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का नेतृत्व करेंगे। इससे पहले सोमवार को ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ के माध्यम से घोषणा की कि उन्होंने ओहियो के सीनेटर जे डी वेंस को अपना उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है। वेंस, जो 2022 में अमेरिकी सीनेट के लिए चुने गए और जनवरी 2023 में पद की शपथ ली।

रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के पहले दिन रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीनेटर जे डी वेंस।

देश से जुड़े मुद्दों पर वेंस का रुख ट्रंप जैसा : बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ओहायो के सीनेटर जे डी वेंस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि देश से जुड़े मुद्दों पर उनका रुख ट्रंप के जैसा ही है। प्रचार के सिलसिलेवार कार्यक्रम के लिए नेवाडा रवाना होने से कुछ समय पहले एंड्रयूज वायु सेना अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में बाइडन ने कहा, देश से जुड़े मुद्दों पर वेंस का रुख ट्रंप जैसा ही है। मुझे दोनों में कोई फर्क नजर नहीं आता।

खगोल विज्ञान शनि ग्रह के चंद्रमा टाइटन से होगी शुरुआत, नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी ने यह परियोजना तैयार की

बैलूनयान के जरिए होगा ग्रहों की जमीन से आसमान का अध्ययन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: हमारे सौर मंडल के ग्रहों का अध्ययन रोबोट व हैलीकॉप्टर के जरिए होते आया है। जिसे विस्तार देते हुए अब बैलूनयान को शामिल किया जा रहा है, जो जमीन से लेकर आसमान का अध्ययन करने में कारगर साबित होगा। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी ने यह परियोजना तैयार की है।

बैलून लोकोमोशन फॉर एक्सट्रीम टेरेन की खासियत यह है कि यह उड़ने के साथ चलने फिरने में भी सक्षम होगा। इस अवधारणा पर प्रारंभिक शोध 2018 में नासा इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड कॉन्सेप्ट्स द्वारा शुरू हुआ। शोध से पता चला कि गुब्बारे की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक ही समय में दो विपरीत पैरों की आवश्यकता होगी। साथ ही जमीन भौतिक अवस्था को भी ध्यान में रखना होगा। ताकि प्रत्येक परिस्थितियों में पर गुब्बारे को सुरक्षित खड़ा रख सके। गुब्बारे को इस तरह से बनाया जाएगा, जो पृथ्वी के समान स्थितियों में वायुमंडल में तैर सकता हो। गुब्बारे के परीक्षण के लिए मंगल ग्रह भेजे जाने का विचार किया गया, लेकिन मंगल से बेहतर परिस्थितियां टाइटन पर हो सकती हैं। टाइटन दोनों परिस्थितियों में सर्वश्रेष्ठ है। जिसमें जमीनी व आसमानी वातावरण अनुकूल होगा।

टाइटन में देखने परखने के लिए कई दिलचस्प स्थान हैं, जिनमें क्रायोवोल्कैनो और मीथेन की झीलें शामिल हैं। जो टाइटन के वातावरण की जांच कर कई रहस्य उजागर कर सकेगा। इस योजना को लेकर अभी भी बहुत सारे डिज़ाइन पर विचार किया जा रहा है।

बैलून अंतरिक्ष यान का डिजाइन।

उन्नत होगी बैलून तकनीक

नैनीताल: नासा के वैज्ञानिकों का मानना है कि बैलून तकनीक उन्नत होगी। पिछले छह साल पहले इस पर विचार आया और इसे सफल बनाने के लिए शोध किया गया। दूसरे ग्रहों के वातावरण को अध्ययन में शामिल किया गया। प्रारंभिक तैयारियों के साथ इसे अमली जामा पहनाने की है। जिस पर जल्द कार्रवाई होने की उम्मीद है।

सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा उपग्रह है टाइटन

नैनीताल: शनि ग्रह का चंद्रमा टाइटन हमारे सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा चन्द्र है जो बृहस्पति के ग्यानिमेड चांद से थोड़ा ही छोटा है। टाइटन का व्यास 5150 किलोमीटर है। साथ ही ये हमारे पड़ोसी ग्रह मंगल से भी थोड़ा ही छोटा है। इस चांद में वायुमंडल की उपस्थिति ही सबसे मुख्य विशेषता है।

सैन्य छावनी पर हमले में 8 पाकिस्तानी सैनिक और 10 आतंकी मारे गए

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक प्रमुख सैन्य छावनी पर हुए हमले में पाकिस्तानी सेना के कम से कम आठ सैनिकों की मौत हो गई जबकि सुरक्षा बलों ने सभी 10 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक बयान में कहा गया है कि हमला करने वाले सभी 10 आतंकवादियों को भी मार गिराया गया। ये आतंकी सोमवार को बन्नू छावनी में घुसने की कोशिश कर रहे थे। बयान के मुताबिक, हमले का प्रयास असफल होने पर आंतकियों ने विस्फोटकों से लदे वाहन को छावनी की दीवार से टकरा दिया, जिससे दीवार का एक हिस्सा ढह गया और आस-पास के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।

जेल में बंद इमरान खान से पूछताछ करेगी पुलिस

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से पंजाब पुलिस जेल में पूछताछ करेगी। इससे पहले आतंकवाद रोधी अदालत ने नौ मई हिंसा से जुड़े मामलों में खान की 10 की दिन की हिरासत उसे सौंप दी थी। पंजाब पुलिस ने लाहौर में एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी पर हमले सहित आतंकवाद के 12 मामलों में खान को रविवार को गिरफ्तार किया था। इससे पहले उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को इद्दत मामले में बरी कर दिया गया था।

खान रावलपिंडी की अडियाला जेल से सोमवार शाम को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल के जरिए लाहौर की आतंकवाद निरोधक अदालत की कार्यवाही में शामिल हुए और अपने खिलाफ लगे आरोपों को खारिज कर दिया। उनको गिरफ्तार का कारण यह सुनिश्चित करना था कि क्रिकेटर से राजनीतिक नेता बने खान जेल में ही बने रहें। खान ने कहा कि उन्होंने किसी को भी हिंसा के लिए नहीं उकसाया और कहा कि उनकी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ घोर अन्याय हुआ है।

प्रतिबंध हताशा में उठाया कदम : मीडिया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रमुख अखबारों ने मंगलवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की आलोचना करते हुए इसे हताशा और भयवश लिया गया राजनीतिक फैसला करार दिया और इसे वापस लेने की मांग की।